
रिपोर्ट के मुताबिक भारत में फरवरी में रिकार्ड 4.25 लाख यात्री वाहनों की बिक्री-12



कर्मचारी भविष्य निधि जमा पर ब्याज दर 8.25 प्रतिशत पर बरकरार-12


सीमा पर बाड़ लगाने के लिए 105 एकड़ जमीन देगी बंगाल सरकार-13


मैंने फोन और सोशल मीडिया बंद कर दिया और अंतरात्मा की आवाज सुनी : सैमसन-14

आज का मौसम
30.0⁰ अधिकतम तापमान
17.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.40
सूर्यास्त 06.15

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ▪ बरेली ▪ कानपुर ▪ मुरादाबाद ▪ अयोध्या ▪ हल्द्वानी

फाल्गुन शुक्ल पक्ष पूर्णिमा 05:07 उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2082

मंगलवार, 3 मार्च 2026, वर्ष 6, अंक 335, पृष्ठ 14 ▪ मूल्य 6 रुपये

# हिजबुल्लाह भी कूदा जंग में, इजराइल पर शुरू किए हमले
# कुवैत में कई अमेरिकी विमान गिरे, यूएई में रिफाइनरी बंद

## दोनों ओर से हमले तेज होने के बाद जंग का दायरा बढ़ा, कुवैत में अमेरिकी दूतावास पर भी ईरान का मिसाइल हमला


तेहरान में इजराइली हमलों के बाद उठता धुएं का गुबार।


इजराइल में ईरान के मिसाइल हमले से गड्ढे में तब्दील सड़क।

**दुबई, एजेंसी**

ईरान और अमेरिका-इजराइल के बीच संघर्ष का दायरा बढ़ने के साथ मंगलवार को तीसरे दिन युद्ध भीषण हो गया। इजराइल और अमेरिका के विमानों ने ईरान पर भारी बमवारी की तो जवाब में ईरान ने खाड़ी देशों को निशाना बनाते हुए कुवैत में अमेरिका के कई एफ- 15 लड़ाकू विमान मार गिराए। कुवैत में अमेरिकी दूतावास पर भी मिसाइल हमला किया, जिसके बाद यहां आग के साथ धुएं का गुबार उठता दिखाई दिया। ईरान के हमले के बाद संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में एक रिफाइनरी को बंद करना पड़ा। ईरान ने इजराइल के प्रधानमंत्री कार्यालय को भी निशाना बनाने का दावा किया है, हालांकि इजराइल ने इसकी पुष्टि नहीं की।

इस बीच ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खोमेनी की मौत के बाद लेबनान के आतंकी संगठन हिजबुल्लाह भी जंग में कूद पड़ा। सोमवार को उसने उत्तरी इजराइल में रॉकेटों से हमला किया। जवाब में इजराइल सशस्त्र बल ने बेरुत में हमला कर हिजबुल्लाह के खुफिया मुख्यालय के प्रमुख हुसैन मकलेद को मार गिराया। इजराइल ने बेरुत में हिजबुल्लाह के वरिष्ठ आतंकवादियों, दर्जनों केंद्रों और हथियार जमा करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले स्थल पर सटीक हमला किया। इस हमले में 31 अन्य लोगों की भी मौत हो गई। इधर, ईरान ने यूएई, कतर, कुवैत, बहरीन और सऊदी अरब समेत खाड़ी देशों को निशाना बनाना जारी रखा। यहां ईरान ने अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए।

भीषण जंग के बीच ईरान ने दावा किया कि उसने कुवैत में अमेरिका के कई एफ-15 स्ट्राइक ईगल लड़ाकू विमानों को मार गिराया है। ये विमान ईरान पर हमले के लिए उड़ान भर रहे थे। हालांकि उनके पायलटों को सुरक्षित बचा लिया गया। कुवैत के आधिकारिक प्रवक्ता कर्नल साद अल अतवान ने विमानों के गिरने की पुष्टि की। हालांकि अमेरिका ने कहा कि उसके तीन विमानों को कुवैत की वायु रक्षा प्रणाली ने धोखे में हमला कर गिराया है। ईरान ने इजराइल के प्रधानमंत्री कार्यालय को भी अपने हमलों का निशाना बनाए जाने का दावा किया है। हालांकि इसकी पुष्टि इजराइल की ओर से नहीं की गई। कुवैत सिटी में अमेरिकी दूतावास पर भी मिसाइल से हमला किया जिसके बाद परिसर के अंदर से आग और धुआं उठता देखा गया।

ईरान और ईरान समर्थित मिलिशिया ने इजराइल और अरब देशों पर बड़े पैमाने पर मिसाइलें दागीं। इसके बाद सऊदी अरब की सरकारी स्वामित्व वाली तेल कंपनी अरामको ने दम्माम के समीप अपनी रास तानूरा तेल रिफाइनरी को अस्थाई रूप से बंद कर दिया। सऊदी अरब के सरकारी टेलीविजन ने बताया कि यह फैसला एहतियाती तौर पर लिया गया है। ईरानी हमलों के कारण तेल के व्यापार को खासा नुकसान पहुंचा है।

### ईरान में दो दिन के अंदर 555 लोगों की मौत, 131 शहरों को भारी नुकसान

- अपने परमाणु स्थल नतांज पर भी हवाई हमले का ईरान ने लगाया आरोप

**तेहरान/वियना।** युद्ध क्षेत्रों में मानवीय सहायता पहुंचाने वाली संस्था रेड क्रिसेंट के मुताबिक अमेरिका और इजराइल के संयुक्त हमलों में ईरान में दो दिनों में 555 लोगों की मौत हो गई है और देश के 131 नगरों को खासा नुकसान पहुंचा है। कतर ने ईरान के दो लड़ाकू विमानों को मार गिराने का दावा किया है। इस बीच ईरान ने आरोप लगाया कि अमेरिका-इजराइल ने उसके नतांज परमाणु संवर्धन स्थल को हवाई हमलों का निशाना बनाया है। हालांकि अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने इस दावे की पुष्टि नहीं की। आईएईए में ईरान के राजदूत रेजा नजफी ने सोमवार को कहा कि अमेरिका-इजराइल के हवाई हमलों में ईरान के नतांज परमाणु संवर्धन स्थल को निशाना बनाया गया है। इसके विपरीत आईएईए प्रमुख राफेल ग्रॉसी ने कहा कि अब तक एजेंसी को कोई संकेत नहीं मिला है कि ईरान में परमाणु केंद्रों को निशाना बनाया गया है। आईएईए मुख्यालय में रूस के अनुरोध पर संचालन मंडल की बैठक चल रही है। इजराइल ने इससे पहले 13 जून को नतांज में हमला किया था, जिससे यह काफी हद तक नष्ट हो गया था।

- महायुद्ध में तब्दील होने लगा ईरान-अमेरिका-इजराइल संघर्ष, पश्चिम एशिया में और बढ़ा तनाव
- बेरुत में इजराइल के जवाबी हमले में मारा गया हिजबुल्लाह का खुफिया प्रमुख, 31 आम लोगों की भी मौत

### हमले में घायल खामेनेई की पत्नी ने भी तोड़ा दम

**तेहरान।** इजराइल के हमले में घायल हुईं ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई की पत्नी की भी सोमवार को मौत हो गई। सरकारी मीडिया के अनुसार खामेनेई की पत्नी को शहादत नसीब हुई है। शनिवार को खामेनेई इजराइल के मिसाइल हमले में मारे गए थे। उनके कई रिश्तेदारों की भी मौत हो गई थी।

### बगदाद : अमेरिकी सैनिकों को बनाया ड्रोन का निशाना

**दुबई।** सोमवार को इराक में बगदाद हवाई अड्डे पर भी अमेरिकी सैनिकों को निशाना बनाकर हमले किए गए। ईरान समर्थक मिलिशिया ने इस ड्रोन हमले की जिम्मेदारी ली। इससे एक दिन पहले ही उसने उत्तर में इरबिल शहर में एक अमेरिकी अड्डे पर गोलीबारी करने की बात कही थी। रविवार को कई अमेरिकी सैनिक भी मारे गए थे। साइप्रस ने कहा कि एक ड्रोन हमले में भूमध्यसागरीय द्वीप राष्ट्र में एक ब्रिटिश अड्डे को निशाना बनाया गया था।

### फंसे भारतीयों को निकालने के लिए आज विशेष उड़ानें


दिल्ली हवाई अड्डा

- इंडिगो 10 विशेष उड़ानें शुरू करेगी, मस्कट के लिए एयर इंडिया एक्सप्रेस की नियमित उड़ानें

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच फंसे भारतीयों को वहां से निकालने की कवायद शुरू हो गई है। निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो मंगलवार को 10 विशेष उड़ानें शुरू करेगी जबकि एयर इंडिया एक्सप्रेस ने मस्कट के लिए नियमित उड़ानें शुरू करने की घोषणा की है। इस बीच, एयर इंडिया ने मार्च की आधी रात तक पश्चिम एशिया के लिए अपनी सभी उड़ानें रद्द रखने की बात कही है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि इंडिगो ने सऊदी अरब के शहर जेद्दा से 3 मार्च को 10 विशेष उड़ानों के परिचालन की योजना बनाई है, हालांकि इन उड़ानों को अभी नियामकीय मंजूरी मिलनी शेष हैं। एयरलाइन जेद्दा स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास से लगातार संपर्क में है। मंत्रालय की प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है, फंसे यात्रियों को निकालने के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है। बताया गया है कि संकटग्रस्त क्षेत्र में परिचालन करने वाली विदेशी विमान सेवा कंपनियां भी भारत के लिए सीमित उड़ानों का परिचालन कर रही हैं। उल्लेखनीय है कि दुबई हवाई अड्डे ने सोमवार शाम को सीमित परिचालन शुरू किया है जिसमें भारत के पांच शहरों मुंबई, चेन्नई, दिल्ली, हैदराबाद और बेंगलुरु के लिए एमिरेट्स के विमान उड़ान भर रहे हैं।

### चार-पांच सप्ताह तक जारी रह सकता है सैन्य अभियान: ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान चार से पांच सप्ताह तक जारी रह सकता है, लेकिन वह इससे ज्यादा समय तक के लिए भी तैयार हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने सोमवार को व्हाइट हाउस में एक कार्यक्रम के दौरान यह बात कही। दरअसल, सोमवार को ईरान पर इजराइल और अमेरिका के ताजा हमलों के बाद पश्चिम एशिया में युद्ध ने व्यापक रूप ले लिया। ईरान और उसके सहयोगी देशों ने इजराइल, खाड़ी देशों और तेल-गैस उत्पादन वाले स्थानों पर हमला किया। हमले बढ़ना, ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई का मारा जाना और किसी भी स्पष्ट योजना का न होना इस बात का संकेत है कि यह लड़ाई लंबे समय तक जारी रह सकती है तथा इसके व्यापक परिणाम हो सकते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### नागपुर विस्फोट मामले में नौ अधिकारी गिरफ्तार

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर जिले में विस्फोटक निर्माण कंपनी के कारखाने में हुए भीषण विस्फोट में 19 लोगों की मौत की घटना के बाद पुलिस ने कंपनी के नौ निदेशकों को गिरफ्तार कर लिया है। गैरइरादतन हत्या के आरोप में एसबीएल एनर्जी लिमिटेड के 21 निदेशकों और शेयरधारकों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। घटना के बाद नागपुर के पालक मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने बताया कि घटना की विस्तृत जांच नागपुर की संभागीय आयुक्त विजयलक्ष्मी बिदरी करेंगी। प्रारंभिक निष्कर्षों से पता चलता है कि विस्फोट लापरवाही के कारण हुआ है।

### डॉलर के मुकाबले रुपये में 41 पैसे की भारी गिरावट

**मुंबई।** पश्चिम एशिया में तनाव के बीच सोमवार को रुपया 41 पैसे की जोरदार गिरावट के साथ 91.49 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के मुताबिक, ईरान और इजराइल-अमेरिका के बीच सैन्य हमलों के कारण कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल आने से अमेरिकी मुद्रा की मांग में तीव्र वृद्धि हुई है। घरेलू शेयर बाजार में भारी बिकवाली और विदेशी कोषों की निकासी ने भारतीय मुद्रा पर दबाव को और बढ़ा दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 91.23 पर खुला और कारोबार के दौरान इसने 91.65 का निचला स्तर छुआ। अंत में रुपया 91.49 पर बंद हुआ। शुक्रवार को रुपया 17 पैसे टूटकर 91.08 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

### दिल्ली: बैंकों, स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के तीन बैंकों और छह स्कूलों को सोमवार को ईमेल के जरिए बम की धमकियां मिलीं, जिन्हें गहन जांच के बाद फर्जी घोषित कर दिया गया। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) ने बताया कि संस्थानों को उनके परिसर में विस्फोटक सामग्री होने की सूचना देने वाले ईमेल प्राप्त होने के बाद सुबह लगभग 8.20 बजे इस बाबत कॉल आने शुरू हो गए। जिन बैंकों को धमकियां मिलीं उनमें कनॉट प्लेस स्थित एक्सिस बैंक की शाखा, भारतीय स्टेट बैंक की एम्स शाखा और पूर्वी दिल्ली के शाहदरा स्थित एसबीआई की शाखा शामिल हैं।

# फ्रांस, ब्रिटेन और जर्मनी ने किया खाड़ी देशों की मदद का एलान

- कहा- ईरान की मिसाइल और ड्रोन को दागने से पहले ही नष्ट करेंगे
- ईरान पर साइप्रस में ब्रिटिश सैन्य अड्डे को निशाना बनाने का आरोप

**लंदन, एजेंसी**

फ्रांस, ब्रिटेन और जर्मनी ने ईरान के हमले के शिकार बने खाड़ी देशों की मदद का एलान किया है। फ्रांस के विदेश मंत्री जीन नोएल बैरट ने कहा कि उनके सहयोगी देशों बहरीन, कुवैत, ओमान,कतर, इराक को इस जंग में घसीटा गया है। हम उनकी सुरक्षा के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि फ्रांस, ईरान के खिलाफ जार्डन की मदद करेगा।

इस बीच बहरीन पर हुए ईरानी हमले की जानकारी देते हुए ब्रिटेन के विदेश मंत्री कूपर ने कहा कि साइप्रस के ब्रिटिश सैन्य अड्डे को निशाना बनाया गया है। उन्होंने कहा कि इस मामले में ब्रिटेन को अपनी जिम्मेदारी का अहसास है जो खाड़ी में सहयोगियों की रक्षा से संबंधित है। ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी ने एक संयुक्त बयान में कहा, हम क्षेत्र में अपने और अपने सहयोगियों के हितों की रक्षा के लिए कदम उठाएंगे, जिसमें आवश्यक और आनुपातिक रक्षात्मक कार्रवाई सक्षम करना शामिल हो सकता है, ताकि ईरान की मिसाइल और ड्रोन दागने की क्षमता को उनके स्रोत पर नष्ट किया जा सके। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने कहा कि ब्रिटेन ने अमेरिकी अनुरोध स्वीकार किया है। खाड़ी क्षेत्र में हमारे साझेदारों ने भी हमसे उनकी रक्षा के लिए कार्रवाई करने का आग्रह किया है। ब्रिटेन के जेट विमान पहले से ही हवा में हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि ब्रिटेन ईरान पर प्रारंभिक हमलों में शामिल नहीं था और अब भी किसी आक्रामक सैन्य कार्रवाई में शामिल नहीं होगा।

### ईरान ने खारिज किया ट्रंप का दावा, कहा- भ्रम न फैलाएं, अब हम अमेरिका से बातचीत नहीं करेंगे



**तेहरान।** ईरान के सुरक्षा प्रमुख अली लारीजानी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ कोई भी नई बातचीत करने से इन्कार कर दिया है। इससे ईरान और अमेरिका-इजराइल के बीच पूरे पश्चिम एशिया में सैन्य टकराव बढ़ने की आशंका है। लारीजानी ने पर्दे के पीछे गोपनीय बातचीत (बैक चैनल डिप्लोमेसी) की खबरों को खारिज करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति पर आरोप लगाया कि उन्होंने भ्रम वाली हरकतें करके इलाके को अस्थिरता में धकेल दिया है। लारीजानी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि ट्रंप ने अपने अमेरिका फर्स्ट के नारे को इजराइल फर्स्ट में बदल दिया है और इजराइल की इच्छाओं के लिए अमेरिकी सैनिकों की कुर्बानी दे दी है। अब उन्हें और अमेरिकियों के मारे जाने का डर है लेकिन ईरान अपना अभियान जारी रखेगा।

## पूरी दुनिया को अपनी जद में लेने लगी युद्ध की विभीषिका

### कच्चे तेल की कीमतों में 10% वृद्धि



**न्यूयॉर्क।** ईरान पर अमेरिका और इजराइल के हमलों के बाद सोमवार को वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल आया। ये कीमतें तेज उछाल के साथ करीब 10% तक बढ़ गईं। ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान की आशंका गहरा गई है। कच्चा तेल सोमवार सुबह करीब नौ प्रतिशत चढ़ गया।

### सेंसेक्स में 1,048 अंकों की गिरावट



**मुंबई।** पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने और कच्चे तेल में तेज उछाल से स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को तेज गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 1,048 अंक का गोता लगा गया और छह महीने के निचले स्तर पर पहुंचकर बंद हुआ। एनएसई का निफ्टी भी 313 अंक के नुकसान में रहा।

### चांदी 32,000, सोना 8,100 उछला



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट गहराने से निवेशक सुरक्षित संपत्ति की ओर रुख करने लगे हैं। इस कारण सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में चांदी तीन लाख रुपये किलोग्राम और सोना 1.73 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के करीब जा पहुंचा। दोनों धातुओं की कीमतों में 12% तक का उछाल आया।

# यूरेनियम आपूर्ति पर भारत और कनाडा के बीच करार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत और कनाडा ने सोमवार को यूरेनियम एवं महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति को लेकर अहम समझौतों पर हस्ताक्षर करने के साथ वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 50 अरब अमेरिकी डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखा। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के बीच व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) को जल्द अंतिम रूप देने पर भी सहमति बनी।

दोनों नेताओं के बीच यहां हुई बातचीत के दौरान रक्षा, महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी, छोटे एवं मॉड्यूलर परमाणु रिएक्टर (एसएमआर), शिक्षा और नवीकरणीय ऊर्जा में सहयोग बढ़ाने का संकल्प लिया गया। मोदी ने प्रेस वक्तव्य में कहा कि भारत और कनाडा के बीच द्विपक्षीय व्यापार को वर्ष 2030 तक 50 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य है। यह फिलहाल लगभग 13 अरब डॉलर है। उन्होंने कहा, आर्थिक सहयोग की पूरी क्षमता हासिल करना हमारी प्राथमिकता है। इसलिए हमने सीईपीए को जल्द अंतिम रूप देने का निर्णय लिया है। इससे दोनों देशों में निवेश और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।


समझौते के दौरान कार्नी के साथ प्रधानमंत्री मोदी।

- दोनों देशों ने तय किया आपसी व्यापार को 50 अरब डॉलर ले जाने का लक्ष्य

### भारत-कनाडा संबंध नई ऊर्जा से भरे हुए: मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत एवं कनाडा के द्विपक्षीय संबंध अब नई ऊर्जा, आपसी विश्वास और सकारात्मकता से भरे हुए हैं। कनाडा 2.6 अरब डॉलर के यूरेनियम आपूर्ति समझौते के तहत भारत के असैन्य परमाणु ऊर्जा क्षेत्र का समर्थन करेगा। असैन्य परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में दीर्घकालिक यूरेनियम आपूर्ति पर ऐतिहासिक समझौता हुआ है। हम छोटे मॉड्यूलर और उन्नत रिएक्टरों पर भी साथ काम करेंगे।

# माता-पिता, बहन-दादी की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या

- संपत्ति विवाद का मामला, बड़े भाई को भी किया गंभीर घायल

**संवाददाता, बहराइच**

**अमृत विचार।** चार वर्ष पूर्व बेची गई पैतृक जमीन के एवज में मिले पैसों में हिस्सा न मिलने से नाराज छोटे पुत्र ने झगड़े के बाद पिता, मां, बहन और बुजुर्ग दादी की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी। बड़े भाई गुरुदेव को भी घायल कर दिया। बाद में खुद को घिरा देख आरोपी ने खुद पर ईंट से हमला करते हुए जान देने की कोशिश की।

एएसपी (ग्रामीण) दुर्गा प्रसाद तिवारी ने थाना रुपईडीहा के ग्राम रामपुर ऊदल निवासी गुरुदेव की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर बताया कि बीती रात एक बजे उसके छोटे भाई निरंकार का पिता से जमीन के रुपये व गहनों में अपने हिस्से की मांग को लेकर विवाद हुआ। इसके बाद हिस्सा न मिलने से तिलमिलाए निरंकार ने पिता बदलूराम (60), मां संजू देवी (56), बहन पार्वती (42) व दादी शीतला (80) की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी। गुरुदेव ने चीख पुकार के बाद जब निरंकार को रोकने की कोशिश की तो उस पर भी हमला कर घायल कर दिया। हत्या के बाद निरंकार ने ईंट से अपने सिर पर प्रहार करके खुद को भी गंभीर रूप से जख्मी कर लिया। एएसपी ने बताया कि तहरीर पर निरंकार के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

**गंभीर मामला** | निचली अदालत में काल्पनिक आधार पर निर्णय करने को लेकर सुप्रीम कोर्ट सख्त, कहा- गहन जांच करेंगे

# एआई निर्मित फर्जी फैसलों पर भरोसा चूक नहीं कदाचार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालत में एआई की मदद से कथित तौर पर तैयार किए गए काल्पनिक फैसलों पर भरोसा करने के मामले का संज्ञान लेते हुए कहा कि इसके आधार पर निर्णय लेना कोई त्रुटि नहीं बल्कि कदाचार के बराबर है। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आलोक आराधे की पीठ ने कहा है कि वह मामले की विस्तार से पड़ताल करेगी। शीर्ष अदालत ने इस मामले में अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमनी, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता तथा बार भारतीय विधिज्ञ परिषद को नोटिस जारी किया है।



- कोर्ट ने कहा- इसका शुचिता पर असर, कानूनी नतीजे भुगतने होंगे

अदालत ने इस मामले में सहायता के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान को भी नियुक्त किया है। पीठ ने कहा, हम निचली अदालत के एआई निर्मित गैरमौजूद, फर्जी या कृत्रिम कथित निर्णयों पर भरोसा करने का संज्ञान लेते हैं और इसके परिणामों तथा जवाबदेही की पड़ताल करना चाहते हैं क्योंकि इसका न्यायिक प्रक्रिया की शुचिता पर सीधा असर पड़ता है। पीठ ने 27 फरवरी के आदेश में कहा, सबसे पहले, हमें यह स्पष्ट करना होगा कि इस प्रकार के निराधार और फर्जी कथित फैसलों पर आधारित निर्णय लेना, निर्णय लेने में त्रुटि नहीं है। यह कदाचार होगा और इसके कानूनी परिणाम भुगतने होंगे। यह आवश्यक है कि हम इस मुद्दे की अधिक विस्तार से पड़ताल करें।

शीर्ष अदालत ने कहा कि यह मामला काफी चिंता का विषय है। पीठ ने सुनवाई 10 मार्च को निर्धारित करते हुए निर्देश दिया कि विशेष अनुमति याचिका के निपटारे तक निचली अदालत अधिवक्ता-आयुक्त की रिपोर्ट पर कार्यवाही न करे। इससे पहले 17 फरवरी को सीजेआई सूर्यकांत के नेतृत्व वाली शीर्ष अदालत की पीठ ने एआई उपकरणों से तैयार की गई याचिकाओं को दाखिल करने के वकीलों के बढ़ते चलन पर गंभीर चिंता व्यक्त की थी।

### आंध्रप्रदेश हाईकोर्ट में सुनवाई में सामने आया मामला

यह मुद्दा शीर्ष अदालत के समक्ष तब सामने आया जब वह आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के जनवरी के एक आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिकाकर्ताओं ने कुछ आपत्तियां उठाकर अधिवक्ता आयुक्त की रिपोर्ट को चुनौती दी थी। निचली अदालत ने पिछले साल अगस्त में अपने आदेश में आपत्तियों को खारिज कर दिया था और इस प्रक्रिया में कुछ निर्णयों पर भरोसा किया था। इसके बाद, याचिकाकर्ताओं ने निचली अदालत के आदेश को चुनौती दी और दलील दी कि जिन फैसलों का जिक्र किया गया और जिन पर भरोसा किया गया, वे अस्तित्वहीन और फर्जी थे। शीर्ष अदालत ने उल्लेख किया कि हाईकोर्ट ने आपत्ति पर विचार किया और पाया कि फैसले एआई के जरिए तैयार किए गए थे।

## न्यूज ब्रीफ

### अवैध हथियार के साथ चार आरोपी गिरफ्तार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** भगतपुर पुलिस ने अवैध शस्त्र निर्माण, तस्करी करने वाले चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। इनमें उस्मान पुत्र बाबू अली, रहीश उर्फ भोजपुरिया पुत्र रशीद, यूनुस अली पुत्र यूसुफ अली तथा शौकीन पुत्र मोहम्मद यासीन शामिल हैं। सभी आरोपी कस्बा महुआखेड़ागंज, थाना आईटीआई, जनपद उधमसिंह नगर (उत्तराखंड) के निवासी बताए गए हैं। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के पास से दो तमंचा 315 बोर, दो जिंदा कारतूस 315 बोर तथा दो चाकू बरामद किए हैं।

### महिला, देवर-जेठ को पीट कर किया घायल

**बिलारी, अमृत विचार :** मंगूपुरा गांव की कुसुम पत्नी कृष्णा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 1 मार्च को रात्रि 8 बजे वह घर जा रही थी। तभी गांव निवासी बॉबी, नीटू, भीमसेन पुत्र लल्लू ने उसे घेर लिया और बुरी तरह से लात घूंसो से लाठी डंडों से पीटा। जिससे उसके चोटें आई। देवर खजांची व जेठ मित्रपाल बचाने आए तो उन्हें भी लाठी डंडों से बुरी तरह से पीटा। जिससे उनके खुली व गुम चुके आई, बाद में आरोपी धमकी देकर चले गए। तहरीर के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

# नशे में मिले दो निजी बसों के चालक लाइसेंस निरस्त, पंजीकरण रद

## होली पर परिवहन विभाग व परिवहन निगम ने चलाया संयुक्त चेकिंग अभियान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** होली के अवसर पर सुगम एवं सुरक्षित यातायात सुनिश्चित कराने के लिए परिवहन विभाग व परिवहन निगम ने संयुक्त सघन चेकिंग अभियान चलाया। नशे की हालत में मिले दो निजी बस चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस को निरस्त कर वाहन का पंजीकरण भी रद कर दिया।

संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) संदीप पंकज ने बताया कि अभियान के तहत डबल डेकर बस, एसी बस एवं अन्य यात्री वाहनों की जांच की गई। हाईवे के किनारे खड़े वाहनों को चेक किया गया। रामपुर रोड दलपतपुर के पास रामपुर जा रही निजी बसों की चेकिंग में क्षमता से अधिक सवारी बैठे थे, जब चालक के मुंह पर ब्रीथ एनालाइजर लगाया तो वह नशे की


बस में चेकिंग करते एआरटीओ प्रवर्तन आनंद निर्मल।

हालत में मिला। जिस पर चालक का रामपुर आरटीओ कार्यालय से बने ड्राइविंग लाइसेंस को निरस्त कर दिया साथ ही चालक से बस के पंजीकरण संबंधित कार्रवाई करने के लिए कागजात ले लिए गए इसके बस स्वामी को फोन कर दूसरे साधन की व्यवस्था कराकर सवारियों को मंजिल तक पहुंचाया गया। वहीं दिल्ली रोड पाकबड़ा रोड पर मुरादाबाद होकर बिजनौर जा रही निजी बस में चालक और हेल्पर दोनों नशे में मिले। टीम ने चालक का लाइसेंस निरस्त कर दिया। बस के दूसरे चालक से सवारियों को उनके गंतव्य तक छोड़ने की व्यवस्था की गई।

उन्होंने बताया कि निजी बस चालकों एवं परिचालकों को सख्त हिदायत दी गई कि वह नशे की हालत में वाहन न चलाए व निर्धारित गति सीमा का पालन करने के साथ सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें।

अभियान के दौरान 40 वाहनों की जांच की गई, जिनमें 11 वाहनों के विरुद्ध नियमों के उल्लंघन पर चालान की कार्रवाई की गई। अभियान में उनके अलावा एआरटीओ निर्मल आनंद तथा परिवहन निगम की सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक राजवती मौजूद रहीं।

- संयुक्त टीम ने 11 वाहनों का चालान किया

### जांच कर खुलवा कर देखे इमरजेंसी गेट

इसके अलावा यात्रियों से मनमाना किराया न लेने, निर्धारित क्षमता से अधिक सवारी न बैठाने, यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न होने देने व बसों में अग्निशामक यंत्र एवं फर्स्ट एड बॉक्स की उपलब्धता को भी चेक किया। बसों के मुख्य द्वार के साथ-साथ इमरजेंसी गेट की जांच कर उन्हें खुलवा कर देखा गया, जिससे किसी भी आपात स्थिति में यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला जा सके।

## रेलवे ने होली के लिए चलाईं एक जोड़ी और स्पेशल ट्रेन



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रेल प्रशासन ने होली पर यात्रियों की सहूलियत के लिए एक जोड़ी और स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की है। यह ट्रेन अमृतसर-अयोध्याधाम-अमृतसर के लिए चलेगी। उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि रेलवे पांच मार्च से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04684 अमृतसर-अयोध्याधाम जंक्शन के लिए पांच मार्च को एक फेरा चलेगी। जबकि गाड़ी संख्या 04683 अयोध्याधाम जंक्शन से अमृतसर जंक्शन के लिए सात मार्च को एक फेरा संचालित की जाएगी। गाड़ी संख्या 04684 अमृतसर-अयोध्याधाम जंक्शन अमृतसर जंक्शन से चलकर जालंधर सिटी, लुधियाना जंक्शन, पटियाला, अंबाला कैंट, सहारनपुर, मुरादाबाद, लखनऊ होते हुए अयोध्याधाम पहुंचेगी।

# फर्जी दस्तावेजों की वजह से युवक लंदन से डिपोर्ट

संवाददाता, बिलासपुर

- आजाद ओवरसीज कंसलटेंसी के संचालकों ने युवक से लिए थे 14 लाख रुपये

**अमृत विचार :** एक युवक के साथ आजाद ओवरसीज कंसलटेंसी के संचालकों ने 14 लाख रुपये की ठगी को अंजाम दिया। ठगों ने युवक को फर्जी ई-वीजा थमा दिया। जिसके चलते उसे लंदन एयरपोर्ट से डिपोर्ट कर वापस भारत भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

गांव लाला नगला निवासी सुल्तान द्वारा कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। जिसमें कहा कि माटखेड़ा रोड स्थित आजाद ओवरसीज के पार्टनर जगजीत सिंह चीमा, गुरपाल सिंह, साहब सिंह और शरीफ ने उसे स्टडी वीजा पर यूके भेजने का भरोसा दिलाया था। बाद में उसके नाम पर एक नया बैंक खाता और सिम कार्ड भी अपने पास रख लिया। पीड़ित के अनुसार उनके बैंक खाते में 3.40 लाख रुपये, 3.60 लाख, 3 लाख आरटीजीएस के जरिए ट्रांसफर किए और 4 लाख रुपये नकद अलग-अलग तारीखों में उनके कार्यालय में दी। जिसकी उसके पास पैसे देने की वीडियो फुटेज भी मौजूद है। बाद में उसे 30 सितंबर 25 को ई-वीजा और हवाई टिकट देकर रवाना कर दिया। लेकिन जैसे ही वह 2 अक्टूबर 25 को लंदन एयरपोर्ट पहुंचा तो वहां की अथॉरिटी ने उसे रोक लिया। दस्तावेजों की जांच की तो वे फर्जी पाए गए। जिस पर उन्होंने वहां से सुल्तान को तुरंत वापस दिल्ली डिपोर्ट कर दिया गया। घर लौटकर जब पीड़ित ने कंसल्टेंसी से अपनी रकम वापस मांगी, तो उन्होंने गाली-गलौज करते हुए पैसे देने से साफ इनकार कर दिया। साथ ही किसी को कुछ बताने पर जान से मारने तक की धमकी दी गई। वहीं दूसरी ओर पीड़ित सुल्तान ने एसपी से न्याय की गुहार लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि जगजीत सिंह, गुरपाल सिंह, साहब सिंह और शरीफ अहमद निवासीगण गांव सिरसखेड़ा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की विवेचना शुरू कर दी गई है। जिसके अनुसार अग्रिम कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# नन्ही हत्याकांड में 25 हजार का इनामी पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मझोला थाना क्षेत्र में महिला की गोली मारकर हत्या करने के मामले में वांछित 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के द्वारा पुलिस पर की गई फायरिंग के पुलिस की जवाबी कार्रवाई में हत्यारोपी के पैर में गोली लगने के बाद उसे पुलिस ने दबोच लिया। पकड़े गए आरोपी के पास से अवैध हथियार, कारतूस और बाइक बरामद की गई है।

सोमवार को मझोला थाना के प्रभारी निरीक्षक आरपी सिंह ने बताया कि 23 फरवरी की रात दिल्ली रोड स्थित सेक्टर-16 बी, नया मुरादाबाद के समृद्धि विहार के एक प्लॉट में नन्ही पत्नी हमीद निवासी ग्राम ऊंचाकानी कुंदरकी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना के संबंध में बेटे की तहरीर


हत्यारोपी शिवा को जिला अस्पताल ले जाती मझोला पुलिस।

पर थाना मझोला में मोहम्मद सानिब समेत पांच आरोपियों के खिलाफ हत्या समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था।

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि एक मार्च की रात की संग्दिध वाहनों व युवक की तलाश में पुलिस नया मुरादाबाद क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी। वांछित आरोपी शिवा उर्फ बिट्टू निवासी मोहल्ला पनवड़िया, थाना

- चेकिंग के दौरान हत्यारोपी ने पुलिस पर की फायरिंग
- मुठभेड़ में जवाबी फायरिंग में पुलिस की गोली से हुआ घायल

भोजपुर पुलिस को देखकर पीछे मुड़ने लगा। पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो आरोपी ने फायरिंग कर दी, जवाबी कार्रवाई में शिवा के पैर में गोली लग गई जिससे वह घायल हो गया और पुलिस ने उसे दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से एक तमंचा 315 बोर, एक कारतूस, एक खोखा कारतूस, एक पिस्टल 32 बोर जिसमें खोखा फंसा मिला तथा एक बाइक बरामद की है। मामले में आर्म्स एक्ट समेत अन्य धाराओं में अलग से मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।पकड़े गए आरोपी को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया, जहां से उस जिला कारागार के लिए भेजा गया।

## ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार घायल

**संभल, अमृत विचार :** थाना रायसत्ती क्षेत्र अंतर्गत बाइक से सामान लेने जा रहे एक मजदूर को अज्ञात ट्रैक्टर चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया।

सोमवार को अन्नू पुत्र रघुराज सिंह निवासी ग्राम ठिल्लूपुरा, थाना नखासा आलू के खेतों में मजदूरी करने के लिए लेवर लेकर ग्राम पंचायत पल्था गया था। दोपहर करीब दो बजे बाइक से लौट रहा था। थाना रायसत्ती क्षेत्र के ग्राम नाठेर के पास सामने से आए ट्रैक्टर चालक ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही अन्नू सड़क पर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से भाग निकला। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# आयकर टीमों ने फैक्ट्री में 85 घंटे किया सर्वे

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** आयकर विभाग दिल्ली की टीम थाना गंज क्षेत्र के बगी औद्योगिक क्षेत्र स्थित एमएन इंडस्ट्री के नाम की दोनों प्लाईवुड फैक्ट्रियों से रविवार देर रात दिल्ली रवाना हो गई। करीब 85 घंटे सर्वे के बाद आयकर टीम फैक्ट्री से निकल गई।

फैक्ट्री संचालकों के एक करीबी की माने तो उन्हें टैक्स से संबंधित कोई खामी नहीं मिली है। इसके बाद अधिकारी बिना किसी दस्तावेज लिए फैक्ट्री से निकल गए। हालांकि मामले में आयकर विभाग दिल्ली का आधिकारिक बयान भी आ सकता है। दिल्ली में एक फर्म को माल देने की निशानदेही पर आयकर टीम ने चार दिन पहले गुरुवार सुबह 10 बजे सर्वे शुरू किया था। दोनों फैक्ट्री मुरादाबाद के पूर्व सांसद और सपा नेता एचटी हसन के समधी नईम खां उर्फ बब्लू और उनके पार्टनर मुनन


गंज थाना क्षेत्र के बगी औद्योगिक क्षेत्र में फैक्ट्री। ● अमृत विचार

खां की हैं। इनमें एमएन इंडस्ट्री, एसआई और एनजी फर्म के नाम से प्लाईवुड बनता है। आयकर विभाग दिल्ली की टीम ने गुरुवार सुबह दस बजे दोनों फैक्ट्री में सर्वे शुरू किया था। गुरुवार से लेकर रविवार रात करीब 11 बजे तक आयकर की टीम का सर्वे पूरा हुआ। रविवार देर रात तक टीम प्लाईवुड फैक्ट्री में मौजूद है और छानबीन जारी रखी। ऐसे में आयकर विभाग की टीम को टैक्स चोरी से संबंधित कुछ मामला नहीं मिलने के संकेत मिले हैं। हालांकि इसके लिए आधिकारिक बयान के बाद ही मालूम होगा। नईम खान उर्फ बब्लू और मुनन खां शहर के रसुखदार माने जाते हैं और लकड़ी के बड़े और पुराने कारोबारियों में उनका नाम आता है। गुरुवार को दोनों के आवासों पर भी छानबीन की थी, लेकिन शुक्रवार को घरों से आयकर विभाग की टीम चली गई थी। आयकर विभाग दिल्ली की टीम करीब 10 से ज्यादा गाड़ियों में नईम खां उर्फ बब्लू व पार्टनर मुनन खां की दोनों प्लाईवुड फैक्ट्री पहुंची थी। इसके साथ एक टीम मोहसिन ए आजम कॉलोनी स्थित नईम खान व शौकत अली रोड स्थित मुनन खां के आवासों पर पहुंची थी। टीम कारोबारी के वित्तीय लेनदेन, कंप्यूटर, खातों की गहनता से जांच की। रविवार रात आयकर की टीम दिल्ली रवाना हुई तो मालिकों ने राहत की सांस ली। जबकि मजदूर भी अपने अपने घरों को रवाना हो गए। हालांकि होली की छुट्टी के चलते अभी काम बंद रहेगा।

- टैक्स संबंधित सर्वे में खामी न मिलने की कही जा रही बात
- आयकर टीम के आधिकारिक बयान का इंतजार

# शादी का दबाव बनाने पर जीजा ने की थी साली की हत्या

कार्यालय संवाददाता ,मुरादाबाद

**अमृत विचार :** थाना मैनाठेर क्षेत्र के ग्राम बघी गोवर्धनपुर के जंगल में स्थित एक सूखे कुएं में मिली अज्ञात युवती की लाश के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के बताए स्थान से मृतका के कपड़े व सफेद धातु के आभूषण भी बरामद किए हैं।

सोमवार को मैनाठेर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक किरण पाल ने बताया कि 27 फरवरी को गांव बघी गोवर्धनपुर के जंगल में करीब 15 फुट गहरे सूखे कुएं में 20-22 वर्षीय युवती का शव मिला था। पुलिस व फील्ड यूनिट ने मौके का निरीक्षण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। बाद में उसकी शिनाख्त के लिए कई अन्य माध्यमों से प्रयास किए गए। जिसमें मृतका की पहचान शाबरीन उर्फ समरीन (21) पुत्री बाबू खां निवासी ग्राम कमालपुर काफुरपुर थाना असमोली जनपद

- पुलिस ने खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया
- प्रेम प्रसंग में हाशिम ने सबरीन की हत्या कर सूखे कुएं में फेंक दिया था शव


पुलिस गिरफ्त में आरोपी। ● अमृत विचार

संभल के रूप में हुई। पिता की तहरीर पर थाना मैनाठेर में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि महिला के हत्या आरोपी हासिम पुत्र चांद खां तथा उसके दो साथियों अजीम बाबा व आदिल को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। हत्या के मुख्य आरोपी हासिम ने बताया कि मृतक महिला आरोपी की साली लगती थी। दोनों में काफी पहले समय से संबंध थे। वह शादी के लिए दबाव बना रही थी। जिसके बाद 26 फरवरी को शाबरीन को घर से जेवर लेकर नहर किनारे पटरी पर बुलाया था। वहां दोनों में कुछ कहा सुनी हुई और हासिम ने उसी के दुपट्टे से गला घोट कर हत्या कर दी।

उसके बाद साथी अजीम और आदिल की मदद से बघी गोवर्धन गांव के जंगल में बने कुएं में फेंक दिया था। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तीनों हत्या आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया।जहां से तीनों को जिला जेल भेज दिया गया है।

### अनीस हत्याकांड के दो आरोपी गिरफ्तार

**कुंदरकी, अमृत विचार :** कुंदरकी पुलिस ने कारोबारी अनीस हत्याकांड के दो और आरोपी भाइयों रेहान और 17 वर्षीय किशोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। दोनों के पास से पहले एक अन्य गोली चलाने के मामले में इस्तेमाल हुए दो अवैध तमंचे व कारतूस भी बरामद हुए। शुक्रवार रात नमाज पढ़कर भाई व बेटे के साथ घर लौट रहे अनीस की उनके घर के पास ही गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। भाई नफीस ने चार अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। वारदात के बाद अरमान उर्फ अर्शू ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर पिस्टल लहराते हुए हत्या का दावा किया और थाने आत्मसमर्पण कर जेल गया था। पुलिस जांच में रेहान व उसके नाबालिग भाई के नाम सामने आए। मुखबिर की सूचना पर रविवार को दोनों को मोहल्ला नुरुल्लाह से दबोच लिया गया। दोनों पहले भी मोहल्ला नुरुल्लाह की एक महिला पर गोली चलाने व मारपीट के मामले में वांछित थे।

## सीएमओ ने स्वार सीएचसी का किया औचक निरीक्षण

**रामपुर, अमृत विचार :** सीएमओ डॉ. दीपा सिंह ने सोमवार दोपहर स्वार सीएचसी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने इमरजेंसी सेवाओं की स्थिति, दवाओं की उपलब्धता और ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों व स्टाफ की उपस्थिति की जांच की। सीएमओ ने इमरजेंसी वार्ड में उपलब्ध दवाओं का जायजा लिया, जिसमें आई ड्रॉप समेत अन्य आवश्यक दवाएं शामिल थीं। उन्होंने जननी सुरक्षा योजना वार्ड में साफ-सफाई व्यवस्था और प्रसव सेवाओं की स्थिति की भी समीक्षा की। निरीक्षण के समय सीएचसी में डॉक्टर और इमरजेंसी स्टाफ मौजूद मिला। इमरजेंसी ड्यूटी पर डॉक्टर जियाउर्रहमान, फार्मेसिस्ट याकूब अली, वार्ड बॉय अब्दुल वहाब, स्टाफ नर्स शशी बाला और वार्ड आया आरती तैनात पाए गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं।

# सड़क हादसे में युवक की मौत, एक घायल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** बरेली-मुरादाबाद बाईपास स्थित संजीवनी हॉस्पिटल के पास रविवार देर रात सड़क हादसे में बदायूं के युवक की मौत हो गई। दो ममेरे-फुफेरे भाई पानीपत से बाइक से बदायूं लौट रहे थे। इनमें से एक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।


मृतक मनोज।

मृतक की पहचान 21 वर्षीय मनोज के रूप में हुई है, जबकि घायल 20 वर्षीय सोनू उसका ममेरा भाई है। दोनों युवक हरियाणा के पानीपत में मजदूरी करते थे और होली के त्यौहार पर अपने घर बदायूं जिले के दातागंज लौट रहे थे। मृतक के परिजन मुकेश के अनुसार वे रविवार रात वो दोनों करीब आठ बजे पानीपत


मोर्चरी पर मौजूद शोकाकुल परिजन। ● अमृत विचार

- पानीपत से बदायूं लौट रहे थे ममेरे-फुफेरे भाई

से निकले थे। रविवार देर रात जब वो संजीवनी हॉस्पिटल के सामने पहुंचे, तभी एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि मनोज ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घायल सोनू को तत्काल उपचार के लिए बरेली के फतेहगंज के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार चल रहा है। सूचना मिलने पर थाना सिविल लाइंस पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल की मोर्चरी भेज दिया। परिवार अब शव को बदायूं ले जा रहा है। सिविल लाइंस इंस्पेक्टर ओमकार सिंह ने बताया कि मामले में सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है, जिससे टक्कर मारने वाले वाहन की जानकारी मिल सके। पीड़ित पक्ष की तहरीर आने पर मामले में उचित कार्रवाई की जाएगी।

**संघर्ष से आत्मनिर्भरता का सफर** | कोरोना काल में कारोबार बंद होने के बाद जमीनी स्तर पर खुद को दोबारा साबित किया

# पति की बीमारी के बाद भी नहीं टूटी गार्गी, मिसाल बनकर उभरी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** लॉकडाउन में गत्ता फैक्ट्री बंद होने के बाद जिस महिला के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया था, आज वही गार्गी रानी गांव की महिलाओं के लिए प्रेरणा बन गई हैं। डबल एमए व बीएड डिग्री धारी गार्गी वर्ष 2020 में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) से जुड़ीं और बीसी सखी बनकर अपनी नई पहचान बनाई।

उपायुक्त स्वतःरोजगार आरपी भगत ने बताया कि गार्गी की शादी 2012 में हुई थी। 2019 में पति की रीढ़ की हड्डी में समस्या के कारण परिवार को गुरुग्राम से ठाकुरद्वारा ब्लॉक के गांव रतुपुरा लौटना पड़ा।

- मशरूम की खेती के लिए लिया ऋण लगाया प्लांट, 8 लाख रुपये की सब्सिडी की दावेदार

जिसके बाद यहां शुरू की गई गत्ता फैक्ट्री 2020 के लॉकडाउन में बंद हो गई। आर्थिक संकट के बीच उन्होंने उसी वर्ष 13 जुलाई को अपनी दस पूर्व महिला कर्मचारियों के साथ कुंज स्वयं सहायता समूह बनाकर बीसी सखी के लिए आवेदन किया। प्रशिक्षण के बाद उन्होंने गांव में बैंकिंग सेवाएं शुरू कर दीं। अब वह गांव के लिए चलता-फिरता बैंक बन गई और आमदनी भी बढ़ गई।

सरकार से मिली 75 हजार रुपये की सहायता से गार्गी ने बैंकिंग किट, फिंगरप्रिंट मशीन और अन्य उपकरण खरीदे। अब वह फिनो


गार्गी रानी बीसी सखी।

पेमेंट बैंक के माध्यम से आधार आधारित भुगतान प्रणाली से नकद निकासी, जमा, डीबीटी, वृद्धावस्था पेंशन और गैस सब्सिडी जैसी सेवाएं दे रही हैं।

उन्होंने 125 से 150 मनरेगा मजदूरों के जीरो-बैलेंस खाते खुलवाए उन्हें बैंकिंग प्रणाली से जोड़ा है । गांव-गांव जाकर लेनदेन करने पर मिलने वाले कमीशन से वह प्रतिमाह औसतन 3,000 से 4,000 रुपये कमा लेती हैं,जबकि मनरेगा भुगतान के समय आय और बढ़ जाती है। इसके साथ ही वह ड्रोन दीदी के रूप में उन्होंने हैदराबाद से 15 दिन का प्रशिक्षण लिया। खेतों में दवा छिड़काव के लिए 400 रुपये प्रति एकड़ की दर से काम करती हैं और सीजन में 20 से 25 हजार रुपये तक मासिक आय अर्जित कर लेती हैं।

### आपात स्थिति में घर जाकर भी करती है निकासी

गार्गी केवल बैंकिंग सेवाओं तक सीमित नहीं हैं। वह आपात स्थिति में बुजुर्गों और जरूरतमंदों के घर जाकर भी नकद निकासी करती हैं। एक गंभीर रूप से बीमार बुजुर्ग महिला के लिए उन्होंने रात में घर पहुंचकर 18 हजार रुपये निकलवाए, जिससे उनका इलाज संभव हो सका। मशरूम की खेती के लिए उन्होंने ऋण लेकर एसी प्लांट स्थापित किया है और 8 लाख रुपये की सब्सिडी प्रक्रिया में है। ग्राम संगठन की अध्यक्ष के रूप में उन्होंने अन्य महिलाओं को महिला मेट और दो महिलाओं को बीसी सखी बनने में मदद की है। गार्गी आज गांव में महिला सशक्तिकरण, तकनीकी नवाचार और आत्मनिर्भरता की सशक्त मिसाल बन चुकी हैं।

## काली मंदिर में लगीं आयतों वाली तस्वीरें पुलिस ने हटाईं

**बबराला,अमृत विचार :** नरोरा गंगा बैराज के समीप स्थित प्राचीन काली मंदिर में आयतें लिखी तस्वीरें लगी होने का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने तस्वीर हटवाकर कब्जे में ले ली।

मंदिर आगरा-मुरादाबाद हाईवे पर गुन्नौर और नरोरा के बीच है। वीडियो में आयतों वाली तस्वीरें दिखाई गईं। गुन्नौर के प्रभारी निरीक्षक राजीव मलिक ने बताया कि पुलिस ने तस्वीरों को कब्जे में ले लिया। जांच की जा रही है। मंदिर में मौजूद नागा साधु काली गिरी व अमर भारती ने बताया कि वह पास ही गुमटी मंदिर पर रहते हैं। योगी चुन्नीनाथ को चंदौसी की पुलिस गिरफ्तार कर ले गई थी, जिसके बाद गांव वालों ने उन्हें रहने के लिए कहा। बताया कि तस्वीरें चुन्नीनाथ ने लगाई थीं। नरोरा चौकी में शिकायत दी गई है।

# लाठी-डंडों से किया घायल इलाज के दौरान तोड़ा दम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** थाना मझोला क्षेत्र में आपसी विवाद के चलते एक युवक की लाठी-डंडों से पिटाई कर दी गई, जिसकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

भोला सिंह की मिलक स्थित एमडीए क्वार्टर निवासी बुद्धा सैनी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके छोटे भाई बबलू सैनी की पत्नी की लगभग पांच वर्ष पूर्व कोरोना संक्रमण से मृत्यु हो गई थी। करीब दो वर्ष पहले बबलू ने रीना से विवाह कर लिया था। रीना के पूर्व पति से दो पुत्र रितिक और अंकित हैं। आरोप है कि रीना और उसके दोनों पुत्र आए दिन रुपयों को लेकर बब्लू से विवाद करते थे। बताया कि 22

- दूसरी पत्नी और उसके पुत्र आए दिन करते थे बबलू से विवाद

फरवरी 2026 को दोपहर करीब तीन बजे काशीराम बी-ब्लॉक स्थित देशी शराब की दुकान के पास रीना, रितिक, अंकित व उनके एक साथी विनीत वाल्मीकि निवासी कांशीराम नगर ने बबलू को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया।

परिजन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान दो मार्च को बबलू की मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। भाई की तहरीर के आधार पर नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है, आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



**इफ्तार** 03 मार्च
सुन्नी: 6:19
शिया: 6:30

**सहरी** 04 मार्च
सुन्नी: 5:13
शिया: 5:11

हजरत मोहम्मद साहब ने फरमाया: सहरी खाया करो क्योंकि सहरी खाने में बरकत है।

## न्यूज ब्रीफ

### पेड़ काटने का विरोध करने पर पिता-पुत्र को पीटा

**कांठ, अमृत विचार:** कांठ के ग्राम मघपुरी इनायतपुरी निवासी रमेश पुत्र मुरारी सिंह की गांव में खेती की जमीन तालाब के पास है। जिसमें उनके खेत की मेंढ़ और तालाब की मैढ एक ही है। वहां पर लिप्टिस के पेड़ लगे हैं। रविवार की सुबह 7:00 के करीब रामफल, वीर सिंह, ओमकार, मोहित, पंकज आदि ने उनके पेड़ काटना शुरु कर दिया। जब रमेश और उनके पुत्र ने इस बात का विरोध किया तो आरोपियों ने दोनों पिता पुत्रों को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल को लेकर स्वजन थाना कांठ पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पांचों आरोपियों के खिलाफ संबंधी धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया है। घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ भेज दिया है।

### हर्षोल्लास के साथ खेली होली

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** संवेदना द किड्स कॉटेज में होली के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। बच्चों ने जमकर होली खेली। विद्यालय की निदेशिका डॉ. मीनू मेहरोत्रा ने कहा कि होली का त्योहार जाति-भेद से ऊपर उठकर समाज में समन्वय, प्रेम और सौहार्द का संदेश देता है। यह पर्व प्रकृति के नव-विकास और सौंदर्य के साथ जुड़ा हुआ है, जिससे जन-मानस में भी उत्साह और उमंग का संचार होता है। इस दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रुति गुप्ता, दीक्षिका, मुस्कान, सलोनी, रजनी, संपदा, वंदना, रिचा, तृप्ति आदि मौजूद रहीं।

### डिप्टी साहब के मंदिर से निकाली गई शोभायात्रा में उमड़े लोग

# श्रीराम डोल शोभायात्रा में झांकियां बनीं आकर्षण का केंद्र



जुलूस में भगवान रूप में सजे कलाकार।

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- प्रशासन व पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था संभाली, निगम की टीम सफाई व पेयजल व्यवस्था में लगी

**अमृत विचार:** कटघर के डिप्टी साहब के मंदिर से सोमवार को परंपरागत तरीके से श्रीराम डोल शोभा यात्रा हर्षोल्लासपूर्वक निकाली गई।

शोभा यात्रा में शामिल झांकियों को देखने के लिए लोग उमड़े। शोभायात्रा में खूब रंग गुलाल उड़ा। सभी ने होली पर आपसी सौहार्द और भाई चारे का संदेश दिया। आयोजन के दौरान प्रशासन व पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी की तो नगर निगम की टीम सफाई व पेयजल व्यवस्था में लगी रही।

शोभा यात्रा में श्रीराम दरबार, राधाकृष्ण की झांकी, शंकर पार्वती, श्रीगणेश, मां दुर्गा की झांकियों को देखने के लिए लोग उमड़े। रंग गुलाल उड़ाते हुए शोभायात्रा प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। रास्ते में जगह जगह लोगों ने गुलाल उड़ाकर शोभायात्रा का स्वागत किया। आयोजकों ने कहा कि होली वसंत ऋतु का उत्सव है।

यह जीवन में खुशियों का रंग भरने और बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देता है। शोभा यात्रा में ट्रस्ट के अध्यक्ष शिव कुमार सिंह, उमेश सिंह, सर्वेश सिंह, राजेश सूर्या, विपिन गुप्ता, देवेश सिंह अवधेश सिंह, कुलदीप नारायण, उपदेश सिंह, रामवीर सिंह, ब्रजेश सिंह आदि शामिल रहे।



जुलूस में भगवान रूप में सजे कलाकार।





डिप्टी साहब का मंदिर से निकले रामडोल के जुलूस में शामिल लोग। ● अमृत विचार

### पशु क्रूरता में तीन पर केस दर्ज, चालान

**भोजपुर, अमृत विचार:** रविवार की रात सिरसवां दोराहा चौकी इंचार्ज विपिन कुमार ने गांव हमीरपुर आंवला घाट रोड पर तिराहे पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने पिकअप चालक को रोकने का इशारा किया।

पुलिस को देखकर थाना मूंढापांडे के गांव सिरसखेड़ा निवासी वाहन चालक राजपाल और वाहन में बैठे गांव के ही उसके दो साथी मो आसिफ व समीर वाहन से उतरकर भागने लगे। पुलिस ने तीनों को पकड़ लिया। वाहन की तिरपाल हटाई तो उसमें 11 भैंसवंशीय कटरे मिले। जिनके मुंह और हाथ-पांव रस्सी से बंधे हुए थे। पुलिस ने पशुओं समेत वाहन को कब्जे में लेकर पूछताछ करने के बाद आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम में केस दर्ज कर चालान कर दिया।

# होलिका दहन के साथ उड़ा रंग- गुलाल

## चंद्रग्रहण आज, सुबह आरती के बाद सूतक लगने पर बंद हो जाएंगे मंदिरों के कपाट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- रंग खेलकर लोगों ने किया आपसी सौहार्द व प्रेम को मजबूत सुरक्षा के रहे प्रबंध

**अमृत विचार:** बुराई की प्रतीक होलिका देर रात शहर व ग्रामीण क्षेत्र में जलाई गई। भद्रा के साए के चलते लोगों में समय को लेकर असमंजस भी रहा। ज्योतिषाचार्यों के बताए मुहूर्त के अनुसार 1500 स्थानों पर बुराई की प्रतीक होलिका जलाई गई।

होलिका दहन करने के बाद लोगों ने एक दूसरे को होली की बधाई दी।हालांकि तीन मार्च को लगने वाले चंद्रग्रहण के चलते रंगों की होली चार मार्च को खेली जाएगी। होलिका में लोगों ने गन्ना, गोबर के उपले आदि डालकर मंत्रोच्चार के साथ होलिका का मुहूर्त समय में दहन किया। लोगों ने कहा यह पर्व हमें बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश देता है। आशियाना, नवीन नगर, अग्रसेन तिराहा, सिविल लाइंस सहित महानगर के अन्य स्थानों के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी होलिका दहन शास्त्र सम्मत तरीके से किया गया। ज्योतिषाचार्य पंडित केदार मुरारी ने बताया कि 2 मार्च की शाम 5:18 बजे से लेकर पूरी रात और अगले दिन 3 मार्च की भोर 4:56 बजे तक भद्रा का वास रहा। भद्रा काल में होलिका दहन से अनिष्टकारी प्रभाव होते हैं। लेकिन शास्त्रों में 'भद्रा पुच्छ' (भद्रा का पूंछ वाला भाग) में कार्य करने का विधान है। ऐसे में रात 12:40 बजे से रात 2:02 बजे तक होलिका दहन का समय उपयुक्त रहा।

वहीं सिद्धपीठ नौ देवी श्री काली माता मंदिर लालबाग के महंत रामगिरि महाराज ने बताया कि 3 मार्च मंगलवार को चंद्रग्रहण रहेगा। इसका सूतक काल 9 घंटे पहले शुरू हो जाता है। चंद्रग्रहण मंगलवार दोपहर 3 बजकर 21 मिनट से शुरु होकर शाम 6 बजकर 46 मिनट पर समाप्त होगा। चंद्रग्रहण के दौरान हरि नाम स्मरण करे। उन्होंने बताया कि मंगलवार सुबह मंगला आरती 5:30 बजे के बाद मंदिर के कपाट बंद कर दिए जाएंगे। शाम 7:15 पर मंदिर के कपाट भक्तों के दर्शन के लिए खुलेंगे। चार मार्च को होली मनाई जाएगी।



आशियाना में हुआ होलिका दहन होली में गन्ने भूनते क्षेत्र के लोग। ● अमृत विचार



आरके स्कूल के पास होलिका दहन।

### होली के दिन भी अलर्ट रहेगी नगर निगम की टीम

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** होली को देखते हुए नगर आयुक्त ने एक तरफ जहां निगम के अधिकारियों का अवकाश रद्द कर दिया है। वहीं निगम के सभी अनुभागों के कर्मचारियों को रमजान व होली के दौरान पेयजल, सफाई व्यवस्था आदि का पर्याप्त प्रबंध सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि होली के दिन 24 घंटे जलापूर्ति देने और सफाई के लिए कंट्रोल सक्रिय कर दिया गया है। इसमें कर्मचारियों की रोस्टरवार ड्यूटी लगाई गई है।

नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने कहा कि नगर निगम की टीम होली अवकाश पर भी सक्रिय रहेगी। निगम की स्वच्छता अभियान की गाड़ियां निरंतर वार्डों व प्रमुख सड़कों पर भ्रमण कर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करेंगी। यदि नागरिकों को कहीं भी गंदगी या अव्यवस्था दिखे तो वह निगम प्रशासन से संपर्क कर जानकारी दे सकते हैं। उन्होंने नागरिकों से भी अपील की कि शहर को स्वच्छ रखना सबकी जिम्मेदारी है। कूड़ा फेंकने और गंदगी फैलाने वालों पर नजर रहेगी।

# होली के लिए खरीदारी को बाजारों में उमड़े ग्राहक



बाजार में पिचकारी खरीदते लोग। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- रंग, गुलाल के साथ पिचकारी और खाद्य सामग्री के साथ कपड़ों की खरीदारी हुई

**अमृत विचार:** होली के लिए खरीदारी करने के लिए बाजारों में सोमवार को ग्राहकों की भीड़ रही। हर प्रमुख बाजार की दुकानों पर देर रात तक ग्राहक खरीदारी करते रहे। रंग गुलाल के अलावा किराना की सामग्री की जमकर खरीदारी की गई। होली पर पकवान बनाने के लिए महिलाएं भी खरीदारी करती रहीं।

महानगर के गुरहट्टी, गंज बाजार, टाउनहाल, कटघर, बुद्धि विहार, हरथला सहित अन्य बाजारों में ग्राहकों की देर शाम तक भीड़ रही। ब्रांडेड शोरूम के अलावा बाजार की अन्य दुकानों पर लोगों ने होली के लिए सामग्री खरीदी। मिठाई, डेयरी प्रोडक्ट मावा, पनीर की भी ग्राहकों ने खूब खरीदारी की। वहीं रंग बिरंगी पिचकारी, रंग, हर्बल गुलाल, बैलून, मुखौटे भी खूब बिके। वहीं होली पर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिलाधिकारी अनुज सिंह ने अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। सभी को अपने क्षेत्रों में भ्रमण करने का निर्देश दिया है। कहा कि शांति व्यवस्था बनाए रखने को सभी अधिकारी सतर्क रहें। पुलिस को विशेष रुप से अलर्ट रहने के लिए कहा। कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों पर सख्ती करें। जिलाधिकारी ने लोगों से भी अपील की कि वह त्योहार को आपसी सौहार्द व भाईचारे के साथ मनाएं।



कोतवाली क्षेत्र में फ्लैग मार्च करते पुलिस के जवान। ● अमृत विचार

# त्योहारों पर पुलिस अलर्ट, किया फ्लैग मार्च

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने लोगों से आपसी सौहार्द व शांति से त्योहार मनाने की अपील की

**अमृत विचार:** रमजान के महीने में होली को देखते हुए पुलिस और प्रशासन अतिरिक्त सतर्कता बरत रही है। हर थाना क्षेत्र में पुलिस अधिकारी पुलिस बल के साथ गश्त कर रहे हैं। सोमवार को कोतवाली क्षेत्र में पुलिस क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने फ्लैग मार्च किया।

लोगों को आपसी सौहार्द के साथ सुरक्षित तरीके से होली मनाने का संदेश दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देश पर सोमवार को होलिका दहन और चार मार्च को होली को देखते हुए पुलिस टीमें सतर्क रहीं। हर थाना क्षेत्र में टीमों ने चौकसी रखी। शहरी कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। लोगों से निर्भीक होकर सौहार्द के साथ पर्व मनाने के लिए कहा। चेतावनी दी कि पर्व में खलल डालने वालों से पुलिस सख्ती से निपटेगी।

# राज्यपाल से मिला स्वदेशी जागरण मंच का प्रतिनिधिमंडल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- लोकभवन में मुलाकात के दौरान सात सूत्रीय मांग पत्र सौंपा

**अमृत विचार:** स्वदेशी जागरण मंच के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को लोकभवन में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल से मुलाकात की। राज्य में उद्यमिता आयोग के गठन, विवि एवं महाविद्यालयों में उद्यमिता केंद्रों की स्थापना सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की।

मंच के अखिल भारतीय विचार विभाग प्रमुख डॉ. राजीव कुमार के नेतृत्व में अखिल भारतीय सह समन्वयक डॉ. राजकुमार मित्तल, पूर्वी क्षेत्र संयोजक अनुपम श्रीवास्तव, पश्चिमी उ क्षेत्र संयोजक डॉ. अमितेश अमित, अवध प्रान्त संयोजक अमित सिंह सहित 5 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को सात सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। डॉ. राजीव कुमार ने कहा कि नई शिक्षा नीति में उद्यमिता विषय को सभी स्कूल, कॉलिजों में अनिवार्य करने का प्रस्ताव दिया गया है। सरकारी विभागों में स्वदेशी उत्पादों की खरीद को अनिवार्य करने एवं लघु एवं कुटीर उत्पादकों के उत्पादों को प्रोत्साहन देने के लिए जिलों में स्वदेशी मेले आयोजित कराने के लिए कहा।



राज्यपाल को मांग पत्र सौंपते स्वदेशी जागरण मंच के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# ढोल की थाप पर थिरके कार्यकर्ता



भाजपा कार्यालय पर कार्यकर्ताओं के साथ वार्ता करते पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- भाजपा कार्यालय पर होली के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित

**अमृत विचार:** भाजपा महानगर की ओर से सोमवार को बुद्धि विहार स्थित पार्टी कार्यालय में रंगों का उत्सव मनाया गया। ढोल की थाप पर कार्यकर्ता थिरके। सभी ने एक दूसरे को होली की बधाई दी।

मुख्य अतिथि पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी रहे। उन्होंने कहा कि होली खुशियों का त्योहार है, इसे आपसी भाईचारे के साथ मनाएं। कार्यकर्ताओं का उन्होंने आह्वान किया कि अगले साल होने वाले विधानसभा के लिए अभी से पूरी ताकत के साथ कार्य करना है। इस दौरान क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा, नगर विधायक रितेश गुप्ता, पार्टी के जिलाध्यक्ष आकाश पाल, महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला आदि ने कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। गुझिया खिलाकर मुंह मीठा कराया। इस दौरान राजन विश्नोई, कमल प्रजापति, नवीन चौधरी, चकित चौधरी, महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता, दिनेश शीर्षवाल, दिनेश सिसोदिया, नवदीप टंडन, विशाल त्यागी, हेमराज सैनी, चंद्र प्रजापति, शम्मी भटनागर, अजय वर्मा, सर्वेश पटेल, सुनीता शर्मा, शशि किरण, अभिषेक चौबे सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# होली पर सभी भेदभाव मिटाकर दूर करें गिले शिकवे



पार्षदों के साथ होली खेलते नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल। ● अमृत विचार



टीएमयू में होली खेलतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** नगर निगम की ओर से सोमवार को टाउनहॉल स्थित कार्यालय पर होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। महापौर विनोद अग्रवाल, नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने पार्षदों, कर्मचारियों व निगम के अधिकारियों को पर्व की शुभकामनाएं दीं।

महापौर विनोद अग्रवाल ने कहा कि होली खुशियों व आपसी सौहार्द का प्रतीक है। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने सभी के साथ जमकर होली खेली। कहा कि होली पर सभी भेदभाव मिटाकर गिले शिकवे दूर कर भाईचारे के साथ त्योहार की खुशियां मनाएं। उन्होंने कहा कि महानगर को क्लीन एंड ग्रीन रखने के साथ ही मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित कराना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इसलिए सभी मिलकर अपने दायित्वों को निष्ठापूर्वक निर्वहन करें। जिससे नागरिकों को त्योहार के दौरान भी कोई असुविधा न हो। इस दौरान पार्षद डॉ. गौरव श्रीवास्तव, पार्षद सुरेंद्र विश्नोई, देशरत्न कत्याल, अपर नगर आयुक्त अजीत सिंह, कर निर्धारण अधिकारी प्रमोद कुमार, कर्मचारी नेता प्रेम बाबू वाल्मीकि सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### टीएमयू में होली के रंगों में सराबोर रहे विद्यार्थी

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कैंपस में विद्यार्थी रंगों में सराबोर नजर आए। नवागत और अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों में होली का उत्साह अधिक दिखा। अवकाश में घर जाने से पहले डे स्कॉलर्स और हॉस्टलर्स ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर जमकर ठुमके लगाए। सेल्फी और ग्रुप फोटो क्लिक की। मेडिकल, डेंटल, टिमिट, सीसीएसआईटी, सीओई आदि के विद्यार्थियों और फैकल्टीज ने एक-दूसरे को रंग लगाकर खुशियां मनाई। इस मौके पर एमबीबीएस से आरुषी, एमडीएस से डॉ. हर्षित सेठी, डॉ. मुकुल धान्या, बीडीएस से प्रवचन, एमबीए से आर्जव आदि मौजूद रहे।

रंगारंग कार्यक्रम

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं रंगोत्सव आयोजित

# खुशियां साझा करना ही पर्व की सार्थकता

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** चैरिटेबल ट्रस्ट आओ हाथ बढ़ाएं द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस व होली के उपलक्ष्य में रंगोत्सव एवं सम्मान समारोह खुशहालपुर स्थित एक फार्म हाउस में किया गया।

सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में ट्रस्ट की ओर से 50 जरूरतमंद परिवारों के बच्चों को होली सामग्री के विशेष पैकेट वितरित किए गए। जिससे वह भी होली को खुशी से मना सकें। समाज में विशिष्ट योगदान देने वाली महिलाओं फिटनेस ट्रेनर अपूर्वा शर्मा, ज्योत्सना मुंजाल, नीलम कोठीवाल, डॉ. रीता खन्ना, बुद्धि विहार की पार्षद कविता गुप्ता, किन्नर समाज से रूबी ठाकुर और मेहंदी आर्टिस्ट गीता सक्सेना को सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह ने ट्रस्ट के सेवा कार्यों की सराहना की। सबको साथ लेकर चलना ही हमारा उद्देश्य होना चाहिए। ट्रस्ट की अध्यक्ष गीतांजलि पांडेय ने बताया कि होली पर आयोजित इस रंगोत्सव का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के जीवन में खुशियां भरना और समाज में अच्छे कार्य कर रही महिलाओं का हौसला बढ़ाना है। इस दौरान करणवीर सिंह, राजेश रस्तोगी, निर्मल मेहता, डॉ. विशेष गुप्ता, कन्हैयालाल, रवि यदुवंशी, कमल गोला, डॉ. अनुज अग्रवाल, राजीव सक्सेना, नीरज कुमार, सृष्टि अधिकारी, रविता पाल, गरिमा सिंह, कशिश चौहान, प्रिंस चौहान, आदित्य कुमार, डॉ. महजबी परवीन, अमर सक्सेना, नीतू सक्सेना सहित अन्य लोग मौजूद रहे।





रंगोत्सव एवं सम्मान समारोह में सम्मानित बच्चे व संस्था के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**न्यूज ब्रीफ**

### मारपीट के मामले में सात लोगों पर मुकदमा

**बिलारी, बमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव कमालपुर चंदोरा निवासी बबली पत्नी धीर सिंह ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसके घर पर रश्मि पुत्री हुकम सिंह 23 फरवरी को शाम 7 बजे खुद की मर्जी से आ गई। उसके बुलाने पर हुकुम सिंह, अतर कली, मीनाक्षी, गुड़िया, विमलेश, नरेश, रुकम सिंह घर आ धमके और गाली गलौज कर रश्मि को ले जाने लगे। तब आरोपियों ने उसे बुरी तरह से पीट दिया जिससे उसे चोटे आई। गांव के लोगों ने किसी तरह उसे बचाया। पुलिस ने 7 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है।

### ई-रिक्शा चोर गिरफ्तार, भेजा जेल

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सोमवार को प्रभारी निरीक्षक आरपी सिंह ने बताया कि जाहिद नगर करुला निवासी सलमान पुत्र मेराजुद्दीन ने 28 फरवरी को थाने में तहरीर देकर बताया था कि अज्ञात चोर उनकी ई-रिक्शा संख्या चोरी कर ले गए हैं। पुलिस ने रविवार की रात आलम उर्फ मन्नू निवासी करुला थाना कटघर को गिरफ्तार कर चोरी गई ई-रिक्शा बरामद कर ली गई।

# रामगंगा में डूबकर किसान की जान गई

## सब्जी और फलों की फसल के लिए पानी भरने गया था राजेंद्र

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में रामगंगा किनारे कॉलेज के लिए रामगंगा से पानी भरने गए किसान की डूब कर मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हल्का लेखपाल ने घटनास्थल का दौरा कर तहसील प्रशासन को रिपोर्ट भेज दी है।

थाना कांठ के ग्राम दरियापुर निवासी राजेंद्र सिंह(50) पुत्र रूप सिंह सोमवार की सुबह 7:00 बजे रामगंगा के पास कॉलेज में सब्जी और फलों की फसल को पानी देने के लिए रामगंगा नदी में पानी भरने गया था। तभी नदी में पानी बढ़ गया जिससे वह डूब गया। आसपास काम करने वाले लोगों ने जब राजेंद्र को डूबता देख तो उन्होंने शोर मचाया तो गांव के अन्य लोग भी आ गए तब तक डूब कर उसकी मौत हो चुकी थी। स्वजन एवं ग्रामीणों ने घटना की सूचना तहसील प्रशासन एवं थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना पुलिस और हल्का लेखपाल घटनास्थल पर पहुंचे। मृतक के परिजन और ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई। मृतक के शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मुरादाबाद भेज दिया और देर शाम उसका अंतिम संस्कार कर दिया। मृतक के दो पुत्र गजेंद्र और तरुण कुमार, पत्नी चंचल सैनी है। बड़े पुत्र गजेंद्र की शादी हो चुकी है। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।


मृतक राजेंद्र सिंह।


रोते बिलखते परिजन। • अमृत विचार

- **हल्का लेखपाल ने घटनास्थल का दौरा कर तहसील प्रशासन को रिपोर्ट भेजी**

## जहरीला पदार्थ खाकर किसान ने दी जान

संवाददाता, कांठ

- **बेटे की प्रेमिका पर 10 लाख रुपये देने का दबाव बनाने का आरोप**

**अमृत विचार :** प्रेम प्रसंग में महिला द्वारा फोन पर युवक के पिता से 10 लाख रुपये देने का दबाव बनाया गया। जिससे परेशान होकर युवक के पिता ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। रविवार की शाम मौत हो गई। बड़े बेटे की तहरीर पर पुलिस ने महिला सहित तीन लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना क्षेत्र के ग्राम अहमदपुर नीगूं नंगला निवासी सचिन(48) पुत्र महिपाल सिंह मुरादाबाद में प्राइवेट फैक्ट्री में नौकरी करता है। सचिन की मित्रता पुष्पांजलि निवासी ग्राम छपना थाना रहरा जिला अमरोहा से इंस्टाग्राम के माध्यम से हो गई। तहरीर में बताया गया है कि पुष्पांजलि ने देवेंद्र गुर्जर निवासी ग्राम पुरसल थाना नगला जिला अमरोहा एवं राजू सिंह के साथ एक गैंग बना रखा है। सचिन के साथ प्रेम प्रसंग का लाभ उठाते हुए पुष्पांजलि समेत तीनों लोग फोन कर पिता महिपाल सिंह पर सचिन के साथ शादी करने का दबाव बनाते रहे। शादी नहीं करने पर 10 लाख रुपए नकदी की मांग की। आर्थिक तंगी के कारण पिता ने 24 फरवरी को जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। परिजनों ने महिपाल सिंह को मुरादाबाद हॉस्पिटल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान रविवार की शाम महिपाल की मृत्यु हो गई। बड़े बेटे सुरेंद्र सिंह की तहरीर पर थाना पुलिस ने पुष्पांजलि एवं उसके दोनों साथियों के साथ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इससे पूर्व परिजनों ने हाईवे पर जाम लगाने का प्रयास किया था।


मृतक सचिन।

## होली व ईद के लिए बाजार में खरीदारी को उमड़ी भीड़


भोजपुर के मुख्य बाजार में लगा जाम। • अमृत विचार

संवाददाता, भोजपुर

- **घासमंडी में ई-रिक्शा व ठेले सड़क पर खड़े होने से लगा जाम**

**अमृत विचार :** होली और ईद के त्योहार पर खरीदारी करने के लिए बाजारों में भीड़ उमड़ रही है। बाजार गुलजार होने से दुकानदारों के चेहरे पर खुशी है तो वहीं जाम लगने से आवागमन भी बाधित हो रहा है।

होली के कुछ समय बाद ही ईद का त्योहार है। दोनों त्योहारों पर खरीदारी करने के लिए बड़ी संख्या में महिलाएं खाद्य पदार्थ एवं कपड़ों की खरीदारी करने बाजार पहुंच रही हैं। जिससे बाजारों में दोगुनी भीड़ है। पुलिस प्रशासन ने भीड़ को नियंत्रित कर यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए कोई इंतजाम नहीं किए हैं। मुख्य बाजार में भीड़-भाड़ में ई- रिक्शा, चार पहिया वाहनों की वजह से बाजारों में हर समय जाम की स्थिति बनी हुई है। सब्जी मंडी, जामा मस्जिद रोड घास मंडी में जाम लगा रहा। आमजन को निकलने में भारी परेशानी हुई। गुझिया व रेडीमेड कपड़ों समेत रंग गुलाल के अलावा टोपिया, राजस्थानी पगड़ी और बड़ी-बड़ी पिचकारियों की खरीदारी कर रहे हैं।

# रंगों संग उमड़ी सामाजिक समरसता

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** सोमवार को विगत वर्षों की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा नगर में भव्य होली मिलन कार्यक्रम एवं विशाल जुलूस का आयोजन किया गया। नगरवासियों और कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए होली के पावन पर्व को आपसी प्रेम, आस्था, सौहार्द और उल्लास के साथ मनाया।

होली मिलन समारोह की शुरुआत रामलीला ग्राउंड से हुई। रामलीला ग्राउंड से प्रारंभ जुलूस रंग-गुलाल उड़ाते, ढोल-नगाड़ों एवं होली गीतों की भक्तिमय धुन पर नाचते-गाते हुए नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा। जुलूस बड़ा बाजार, कोतवाली चौराहा, बुध बाजार एवं गंज बाजार सहित विभिन्न स्थानों से निकला, जहां श्रद्धा एवं उत्साह के साथ नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया तथा एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।


राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से निकाली गई शोभायात्रा में शामिल लोग।

- **होली मिलन जुलूस ने दिया एकता का संदेश**

इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह चौहान ब्लॉक प्रमुख पति डॉ. वीर सिंह सैनी, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी ठाकुर अजय प्रताप सिंह, पवन पुष्पद, पूर्व प्रधानाचार्य गजेंद्र सिंह, शरद पुठिया, नगर संचालक दीपांशु, आशुतोषअग्रवाल , मुदित अग्रवाल, साजन शर्मा, पंकज कुमार, पंकज कुमार, धर्मेंद्र कुमार सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

जुलूस के दौरान पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। अंत में जुलूस पुनः रामलीला ग्राउंड पहुंचकर सम्पन्न हुआ। आयोजन ने नगर में धार्मिक आस्था, सामाजिक समरसता एवं भाईचारे का संदेश देते हुए पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया।

## लूट की योजना बनाते चार आरोपी गिरफ्तार

**भगतपुर, अमृत विचार :** थाना भगतपुर पुलिस ने लूट की योजना बनाते चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। उप निरीक्षक शुभम के अनुसार वह पुलिस टीम के साथ गश्त पर थे। मुखबिर से सूचना मिली कि नेपा फैक्ट्री के नजदीक कुछ लोग लूट की योजना बना रहे हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घेराबंदी कर चार आरोपियों को पकड़कर उनकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से दो तमंचे, दो कारतूस व दो चाकू बरामद हुए। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम उस्मान, रहीश, यूनुस अली व शौकीन निवासी महुआखेड़ा गंज जनपद उधम सिंह नगर उत्तराखंड बताया।

थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ लूट की योजना बनाने का मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

# 191 स्थानों पर हुआ होलिका दहन, कल बरसेगा रंग


होली का पूजन करतीं महिलाएं। • अमृत विचार

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** परंपरागत तरीके से तहसील क्षेत्र के 191 स्थानों पर होलिका दहन हुआ। कल कांठ नगर एवं क्षेत्र में धूमधाम से रंगोत्सव दुलहैंडी का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा।

कल नगर एवं क्षेत्र में धूमधाम के साथ रंगों का पर्व मनाया जाएगा। देर रात्रि पूरे विधि विधान से परंपरागत तरीके के साथ कांठ नगर एवं देहात क्षेत्र में होली का पूजन करने के उपरांत दहन किया गया। होलिका दहन होने के साथ ही पूरे क्षेत्र में रंगोत्सव की धूम मच गई। युवाओं में होली को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। होलिका दहन के अवसर पर नगर में विभिन्न स्थानों पर युवाओं को होली के गीतों व ढोल की थाप पर नृत्य करते दिखे। वहीं लोगों ने एक दूसरे के गले मिलकर तथा रंग लगाकर होली की बधाई दी। कल नगर में जमकर अबीर गुलाल बरसेगा। नगर में सूखा एवं गीला रंग कमेटियों द्वारा रंगों की शोभायात्रा भी धूमधाम से निकाली जाएगी। दुलहैंडी पर सुरक्षा के दृष्टिगत भी पुलिस एवं प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि होली के जुलूस में अधीनस्थ पुलिसकर्मियों को कड़ाई से नियमों का पालन करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। उधर उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि किसी पर जबरदस्ती रंग नहीं डालें।

## होली को लेकर बाजार में पुलिस ने किया पैदल मार्च



**कांठ, अमृत विचार :** होली पर्व को लेकर नगर में उत्साह का माहौल है। बाजारों में रंगों और मिठाइयों की खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। इस उत्साह के बीच पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। सोमवार को कांठ कस्बा चौकी इंचार्ज राहुल राघव , उपनिरीक्षक संजीव कुमार व कमल दीप, हेडकांस्टेबल अश्विनी,प्रदीप आदि ने सोमवार को खुद पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। नगर में पैदल गश्त करते हुए स्टेशन रोड, बसस्टैंड, मेन बाजार, सब्जी मंडी, सहित विभिन्न क्षेत्रों में गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने पुलिसकर्मियों को होली के दौरान शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए चौकस रहने के निर्देश दिए।

# नाला किनारे खड़े पालिका के पेड़ कटवाकर बेच दिए

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार:** नगर क्षेत्र के संगम मैरिज हॉल के निकट नगर पालिका की संपत्ति से जुड़े पेड़ों के अवैध कटान का मामला सामने आने से हड़कंप मच गया है। आरोप है कि नाले के किनारे खड़े हजारों रुपये मूल्य के पेड़ों को एक किसान ने अपना बताकर कटवा दिया और रकम वसूल ली, जबकि नगर पालिका प्रशासन को इसकी भनक तक नहीं लग सकी।

बताया जा रहा है कि उक्त स्थान पर उद्यान विभाग द्वारा पार्क निर्माण का कार्य चल रहा है, जिसके समीप नाले की भूमि पर नगर पालिका के यूकेलिप्टस के पेड़ वर्षों से खड़े थे। नगर की बाहरी सीमा में स्थित होने के कारण निगरानी के अभाव का लाभ उठाते हुए किसान ने इन पेड़ों पर स्वामित्व जताया और उन्हें कटवाकर बेच दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार यह पहली घटना नहीं है। आरोप है कि संबंधित किसान इससे पूर्व भी नाले की भूमि पर खड़े पेड़ों को काटकर करीब 29 हजार रुपये में बेच चुका है। कुछ लोगों ने सिंचाई विभाग के जिलेदार को सूचना दी। अधिकारियों ने पेड़ों को नगर पालिका की संपत्ति बताया। इसके बावजूद पालिका प्रशासन को जानकारी नहीं हो सकी है।


इन्हीं पेड़ों को काटा गया।

# साप्ताहिक बाजार स्थल सुरक्षित, शरीफ नगर में प्रस्तावित पुलिस चौकी अन्य स्थान पर बनेगी

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

- **न्यायालय में सरकार का पक्ष सामने आने के बाद ग्रामीणों एवं व्यापारियों ने ली राहत की सांस**

**अमृत विचार :** शरीफ नगर में वर्षों से संचालित साप्ताहिक बाजार स्थल पर प्रस्तावित पुलिस चौकी निर्माण को लेकर चल रही असमंजस की स्थिति अब समाप्त हो गई है। राज्य सरकार ने हाईकोर्ट में स्पष्ट कर दिया है कि उक्त बाजार स्थल पर पुलिस चौकी निर्माण का कोई प्रस्ताव नहीं है। 20 फरवरी को न्यायालय में सरकार का पक्ष सामने आने के बाद ग्रामीणों एवं व्यापारियों ने राहत की सांस ली है।

बताया जाता है कि शरीफ नगर में पुलिस चौकी स्वीकृत होने के बाद राजस्व विभाग की ओर से लेखपाल ने साप्ताहिक बाजार लगने वाली भूमि को उपलब्ध भूमि बताते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत की थी। इसके विरोध में ग्राम प्रधान अमीना नाजरीन एवं ग्रामीणों ने एसडीएम कार्यालय में प्रदर्शन किया था। ग्रामीणों का कहना था कि संबंधित स्थान पर लंबे समय से साप्ताहिक बाजार लग रहा है, जिससे सैकड़ों की आजीविका जुड़ी हुई है।

ग्रामीणों के अनुसार बाजार से ग्राम पंचायत को प्रतिवर्ष लगभग 18 लाख रुपये की आय प्राप्त होती है, जिसका उपयोग गांव के विकास कार्यों में किया जाता है। प्रशासन स्तर पर स्पष्ट आश्वासन न मिलने पर ग्राम प्रधान अमीना नाजरीन ने अधिवक्ता के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका दायर कर बाजार स्थल के सामाजिक एवं आर्थिक महत्व को प्रमुखता से रखा। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार के अधिवक्ता ने न्यायालय को अवगत कराया कि साप्ताहिक बाजार स्थल पर पुलिस चौकी निर्माण प्रस्तावित नहीं है। इसके बाद विवाद की स्थिति समाप्त हो गई। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज परमार ने बताया कि अब शरीफ नगर से लगभग एक किलोमीटर दूर ग्राम कुआंखेड़ा खालसा के निकट पुलिस चौकी निर्माण के लिए वैकल्पिक भूमि की तलाश की जा रही है। सरकार के इस निर्णय का ग्रामीणों एवं व्यापारियों ने स्वागत करते हुए साप्ताहिक बाजार को पूर्ववत संचालित रखने की मांग दोहराई है। ग्रामीणों का कहना है कि बाजार अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार बना हुआ है।

## मारपीट, छेड़खानी का आरोप, कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट

**भगतपुर, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला के अनुसार 8 फरवरी सुबह दस बजे उसका बेटा रास्ते से जा रहा था। आरोप है कि तभी गांव के ही कुछ आरोपी पुत्र के साथ गाली-गलौज करने लगे व विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी।

आरोप है कि शोर सुनकर वह अपने बेटे को बचाने पहुंची तो आरोपियों ने उसे भी पकड़ लिया व छेड़खानी करने लगे व कान का कुंडल भी जबरन खींच लिया गया। इस संबंध में महिला ने न्यायालय में प्रार्थनापत्र दिया था जहां से आदेश के बाद पुलिस ने छह आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# तेज रफ्तार डंपर ने तोड़ा विद्युत पोल, बिजली गुल

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** रविवार देर रात्रि तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से विद्युत पोल क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे पूरे गांव की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई।

जानकारी के अनुसार कमालपुरी गांव स्थित मंदिर के निकट सड़क किनारे लगे लोहे के विद्युत पोल में तेज गति से आ रहे डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि पोल टूटकर सड़क की ओर झुक गया व लाइन नीचे गिर गई। गनीमत रही कि उस समय वहां कोई राहगीर मौजूद नहीं था।

आवाज सुनकर जब ग्रामीण घरों से बाहर निकले तब तक डंपर चालक वाहन सहित फरार हो गया। सूचना दिए जाने पर विभाग ने आपूर्ति बंद कर दी। ग्रामीण सुमित कुमार, किसान यूनियन महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष ज्योति चौहान, बंटी सहित अन्य लोगों ने एसडीओ से जल्द से जल्द क्षतिग्रस्त पोल बदलकर विद्युत आपूर्ति बहाल करने की मांग की है।

ग्रामीणों का कहना है कि बिजली आपूर्ति ठप होने से दैनिक कार्यों के साथ-साथ पेयजल और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं भी प्रभावित हो रही हैं।


सड़क पर गिरा पोल।

# जरूरतमंद की आंखें रोशन कर गईं जानकी

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** कहा जाता है कि कुछ लोग जीवन के अंतिम क्षणों में ऐसा महान कार्य कर जाते हैं, जिससे वे समाज की स्मृतियों में सदैव अमर हो जाते हैं। ठाकुरद्वारा नगर के वार्ड संख्या-5 निवासी पूर्व सभासद राजेंद्र पांडेय की पत्नी जानकी पांडेय ने नेत्रदान कर मानवता और सेवा का ऐसा उदाहरण प्रस्तुत किया है, जो क्षेत्रवासियों के लिए प्रेरणा बन गया है।


जानकी पांडेय।

जानकारी के अनुसार जानकी लंबे समय से गंभीर बीमारी से जूझ रही थीं। परिवार द्वारा उनका निरंतर उपचार कराया जा रहा था, लेकिन अंततः वह जीवन की जंग हार गईं और हाल ही में उनका निधन हो गया। निधन से पूर्व उन्होंने दोनों आंखें दान करने का संकल्प लिया था, जिसे परिवार ने पूरा करते हुए उनकी आंखें सीएल गुप्ता आई वेलफेयर सोसाइटी को दान कर दीं। भले ही आज वह इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन उनके नेत्रदान से दो दृष्टिबाधित लोगों के जीवन में नई रोशनी पहुंची है।

उनके इस मानवीय और साहसिक निर्णय की नगर सहित पूरे क्षेत्र में सराहना की जा रही है। पति पूर्व सभासद राजेंद्र पांडेय व उनकी पुत्रियां ईशा और तनिषा सहित समस्त परिवारजन उनके इस अंतिम निर्णय पर गर्व महसूस कर रहे हैं।

बेटियों ने भावुक होते हुए कहा कि मां के जाने का दुख जीवनभर रहेगा, लेकिन दो लोगों के जीवन को रोशन करने का उनका फैसला उन्हें हमेशा प्रेरित करता रहेगा। इस दौरान सीएल गुप्ता आई वेलफेयर सोसाइटी की टीम परिवार के आवास पर पहुंची और नेत्रदान जैसे पुनीत कार्य के लिए परिवार को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया।


परिजनों को प्रशस्ति पत्र भेंट करती वेलफेयर सोसाइटी की टीम। • अमृत विचार

- **दोनों आंखें दान करने का लिया था संकल्प**

## पक्की सड़क निर्माण कार्य शुरू ग्रामीणों में हर्ष

**कुंदरकी, अमृत विचार:** पीतपुर-चिड़ियाठेर संपर्क मार्ग पर लंबे इंतजार के बाद पक्की सड़क निर्माण कार्य शुरू हो गया है। प्रदेश सरकार की स्वीकृति मिलते ही जेसीबी मशीनों से मार्ग का चौड़ीकरण व मिट्टी भराई तेजी से चल रही है। जल्द ही यहां मजबूत पक्की सड़क बनकर तैयार हो जाएगी। क्षेत्रीय ग्रामीण इस विकास कार्य से बेहद प्रसन्न हैं। उनका कहना है कि बसपा-सपा के शासनकाल में यह मार्ग बदहाल पड़ा रहा, लेकिन भाजपा सरकार ने इसे प्राथमिकता दी।

साइट इंचार्ज धर्मेंद्र यादव ने बताया कि युद्ध स्तर पर काम चल रहा है। चार जेसीबी मशीनें मिट्टी भराई कर रही हैं। मिट्टी कार्य पूरा होते ही पत्थर बिछाकर पक्की सड़क बना दी जाएगी। ग्रामीणों को जल्द राहत मिलेगी। इस मार्ग के बनने से कुंदरकी क्षेत्र के दर्जनों गांवों को फायदा होगा।

# सतगुरु के बताए मार्ग पर चलना आवश्यक

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** सोमवार को कुचावली क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण उस समय भक्तिमय हो उठा, जब सीएनएस एकेडमी में एक तू सच्चा, तेरा नाम सच्चा मंत्र के प्रवर्तक परम पूज्य बाबा फुलसंदे वालों का दिव्य सत्संग कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं बाबा फुलसंदे वालों को फूलमाला अर्पित कर किया गया। इसके पश्चात श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से सतगुरु वंदना की। बाबा फुलसंदे वालों ने मानव जीवन के महत्व, सच्चे नाम की महिमा और सत्संग के लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सच्चे नाम का सुमिरन ही जीवन को शांति, सुख और मोक्ष की ओर ले जाता है। सतगुरु की कृपा से ही जीव पारब्रह्म परमेश्वर से मिलन कर सकता है। जब तक मनुष्य अहंकार, मोह और अज्ञान में बंधा रहता है, तब तक वह सत्य को पहचान नहीं पाता। सतगुरु ही अज्ञान रूपी अंधकार को दूर कर ज्ञान का दीप प्रज्जवलित करते हैं।

उन्होंने कहा कि केवल सत्संग सुन लेना पर्याप्त नहीं, बल्कि सतगुरु के बताए मार्ग पर चलना आवश्यक है।

सद्गुरु द्वारा दिया गया मंत्र साधक के जीवन का आधार होता है। यह केवल अक्षरों का समूह नहीं, बल्कि दिव्य ऊर्जा का स्रोत है, जो श्रद्धा और विश्वास के साथ जाप करने पर साधक को भीतर से परिवर्तित कर देता है।

भजन संध्या के दौरान श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे और पूरा वातावरण एक तू सच्चा, तेरा नाम सच्चा के जयघोष से गूंज उठा। बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों और दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम में भाग लेकर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया।

कार्यक्रम के अंत में स्कूल के चेयरमैन सुंदर सिंह ने बाबा को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया व प्रधानाचार्या प्रियंका सिंह ने आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

तत्पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। आयोजक समिति ने सफल आयोजन के लिए सभी सहयोगियों और उपस्थित भक्तों का आभार व्यक्त किया।


सत्संग में बाबा फुलसंदे वालों से आशीर्वाद लेते श्रद्धालु। • अमृत विचार

- **कुचावली में 'एक तू सच्चा, तेरा नाम सच्चा' का जयघोष**

## ऑनलाइन ओरिएंटेशन कार्यक्रम का समापन

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (एनईपी-2020) के अंतर्गत 21 फरवरी से 2 मार्च तक आयोजित आठ दिवसीय ऑनलाइन ओरिएंटेशन एवं सेंसिटाइजेशन कार्यक्रम का समापन हुआ। एमएमटीटीसी (एचआरडीसी) जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के सहयोग से कार्यक्रम किया गया। जिसमें 300 शिक्षकों ने सक्रिय सहभागिता की।

कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को नई शिक्षा नीति के प्रावधानों, बहु विषयक शिक्षा, शोध उन्मुख दृष्टिकोण तथा डिजिटल शिक्षण पद्धतियों से अवगत कराना था। समापन सत्र में प्राचार्या एवं कार्यक्रम संयोजिका प्रो. चारु मेहरोत्रा ने कहा कि शिक्षा प्रणाली को अधिक लचीला, समावेशी और गुणवत्ता उन्मुख बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने शिक्षकों से नवाचार आधारित शिक्षण पद्धतियों को अपनाकर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में योगदान देने का आह्वान किया।



**इफ्तार** 3 मार्च
सुन्नी: 6.20
शिया: 6.28

**सहरी** 4 मार्च
सुन्नी: 5.03
शिया: 5.05

हजरत मोहम्मद साहब ने फरमाया: सहरी खाया करो क्योंकि सहरी खाने में बरकत है।

## न्यूज ब्रीफ

### मामूली विवाद में युवक को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**बिलासपुर, अमृत विचार :** खजुरिया थाना क्षेत्र के गांव गोधी निवासी शाहिद घर के दरवाजे पर रखे पाइप पर रंग कर रहा था। इसी बीच गांव के ही सलीम, इमरान, रहीस अहमद और शरीफ अहमद वहां पहुंच गए। आरोप है कि उक्त लोगों ने पाइप पर बैठने की बात को लेकर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर चारों ने जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। बीच बचाव करने आए शाहिद के भतीजे फरमान के सिर में धारदार हथियार लगने से गंभीर चोटें आई हैं।जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर देखते हुए दिल्ली हायर सेंटर रेफर कर दिया। थानाध्यक्ष पंकज पंत ने बताया कि चारों युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### अंबेडकर संदेश यात्रा की सौंपी जिम्मेदारी

**रामपुर, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला तोपखाना स्थित वाल्मीकि बस्ती में भारतीय अंबेडकर सभा के पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में अंबेडकर जयंती पर निकलने वाली अंबेडकर संदेश यात्रा की जिम्मेदारी पदाधिकारियों को सौंपी गईं। संस्थापक अविनाश तपन ने अंबेडकर जयंती के अवसर पर संगठन द्वारा आयोजित की जाने वाली अंबेडकर संदेश यात्रा की तैयारियों को लेकर पूरी रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने कार्यक्रमों के लिए पदाधिकारी एवं सदस्यों की अलग-अलग जिम्मेदारियां भी सौंपीं। बैठक में दिनेश मानव, दीप लव, ओमप्रकाश वाल्मीकि, महिपाल वाल्मीकि, धर्म कुमार वाल्मीकि, सुरेंद्र खत्री, महेश प्रजापति, नीरज चौहान, आदेश कुमार, दिव्यांशु दीप, ओमकार सेठ एवं दीपक राही आदि रहे। संचालन विल्सन बाबू ने किया।

# जिले में 1276 स्थानों पर किया गया होलिका दहन, पुलिस सतर्क

## चंद्र ग्रहण के कारण 4 मार्च को खेला जाएगा रंग, महिलाओं ने किया पूजन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



होली का पूजन करतीं महिलाएं। • अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिले में दो मुहूर्त में 1276 स्थानों पर होलिका धूं-धू कर जली। इससे पहले होलिका की लकड़ियों को फूलमाला, रोली, बताशे, कलावा अर्पित कर पूर्जा अर्चना की गई। पंडित विश्वनाथ प्रसाद मिश्र ने बताया कि मंगलवार को सूतक लग जाएंगे चंद्र ग्रहण के कारण 4 मार्च को होली का रंग खेला जाएगा। उन्होंने बताया कि सोमवार को होलिका दहन के दो मुहूर्त हैं। पहला मुहूर्त शाम 6:40 से 8:40 तक जबकि दूसरा मुहूर्त रात 12:50 से रात 2 बजे तक होलिका दहन हुआ।

पंडित रामबाबू शर्मा ने बताया कि होलिका दहन दो मुहूर्त में किया गया। इस मुहूर्त में होलिका दहन किया जाना अत्यंत शुभ रहा। उन्होंने बताया कि मंगलवार को सुबह 6:20 से सूतक लग जाएंगे। जिसके कारण मंगलवार को कोई शुभ काम पूजा पाठ नहीं होगा। सूतक से पहले भगवान की पूजा और भोग आदि लगाकर मंदिर के द्वार बंद कर दिए जाएंगे और शाम 7 बजे कपाट खोले जाएंगे। 4 मार्च को होली का रंग खेला जाएगा। सुबह से ही होरियारों की टोलियां शहर में घूम-घूमकर लोगों को रंगों से सराबोर कर देंगे। राजद्वारा निवासी जितिन ने बताया कि होली के रंगों के लिए पूरी तैयारी कर ली है। मोटराइज्ड पिचकारी ली है जोकि पिचकारी में लगी मोटर चलाने पर अपने भीतर करीब दो लीटर रंग भर लेती है और बटन पर दबाने पर वह लोगों पर रंग उगलने लगती है। सुप्रिया ने बतया कि उसने ढेर सारे रंग खरीदे हैं और वह प्राकृतिक रंगों से ही होली खेलेगी।

### रंग खेले जाने से पहले प्रशासन ने की पुख्ता तैयारी

रंग खेले जाने से पहले प्रशासन ने पुख्ता तैयारी की है। बुधवार को बाजार बंद रहेगा और शहर के मुख्य चौराहों पर पुलिस बल तैनात रहेगा। जिला स्तर पर कंट्रोल रूम बनाया गया है। इसके अलावा पुलिस ने होलिका प्लेस विजिट एप बनाया है। ड्यूटी में तैनात पुलिस कर्मी होलिका दहन से पूर्व होलिका दहन वाले स्थान पर पहुंचे और लोगों को अपना नंबर साझा किया। साथ ही एप में होलिका दहन वाले क्षेत्र का फोटो अपलोड कर होलिका दहन की अपडेट एप में लाइव देते रहे।

# होली पर गन्ने की हुई खूब खरीदारी, बाजारों में लगा जाम



बाजार मिस्टन गंज में रंगों की खरीदारी करतीं महिलाएं।



मिस्टन गंज बाजार में बिक्री के लिए रखे गन्ने।

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** होली पर गन्ने की खूब खरीदारी हुई बाजारों में जाम लग गया। सोमवार की शाम को बाजारों में निकलना मुश्किल हो गया। गन्ना 20 से 30 रुपये का बिका और कहीं 50 रुपये के जोड़े के हिसाब से गन्ने की बिक्री हुई। होलिका दहन में जलाने के लिए 10 रुपये 11 बलगुड़ियों की माला बिकी। बाजार में सजी पिचकारी और रंगों की दुकानों ने बच्चों ने खूब खरीदारी की।

होली पर गन्ने का बाजार परंपरागत महत्व और मांग के कारण तेज हो गया है। होलिका दहन के लिए इसे पवित्र माना जाता है। शहर के बाजार मिस्टन गंज, पुराना गंज, राजद्वारा में गन्ने की दुकानें सज गई हैं। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष एक गन्ने की कीमत दोगुनी हो गई है।

पिछले 5 से 10 रुपये का गन्ना बिका था इस वर्ष 20 से 30 रुपये का बिक रहा है। इसके अलावा सड़कों और ठेलों पर बलगुड़ियें भी खूब बिक रही हैं। होलिका दहन के समय गन्ने के साथ जौ की बाली और उसमें हर चना लगाकर उसे अग्नि में भूनने की परंपरा है। जो अच्छी फसल और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। इसके अलावा मिस्टन गंज, राजद्वारा, पुराना गंज, किला पूर्वी गेट पर रंग और गुलाल के अलावा पिचकारियों और मुखौटों की खूब बिक्री हुई। सोमवार को बच्चों ने बाजारों में रंगों और पिचकारियों की खूब खरीदारी की। इस दौरान बाजार मिस्टन गंज, हामिद गेट, राजद्वारा, सर्राफा बाजार, नसरुल्लाह खां बाजार, सफदर गंज जाम की गिरफ्त में रहा। हालांकि, पुलिस प्रशासन ने जच्चा-बच्चा सेंटर के सामने, मिस्टन गंज से चूने वाले फाटक की ओर जाने वाले रास्ते पर, बैजनाथ गली के सामने, नसरुल्लाह खां बाजार और पान दरीबे पर बेरिकेडिंग की थी लेकिन, बाजारों में जाम लगता रहा।

# होली पर स्वास्थ्य विभाग सतर्क, 10 डॉक्टर तैनात

संवाददाता, रामपुर

- जिला अस्पताल में पूरी रहेंगी व्यवस्थाएं

**अमृत विचार:** होली के पर्व को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट है, जिला अस्पताल में होली के दिन दस डॉक्टरों की तैनाती रहेगी। सीएमएस बी सी सक्सेना ने डॉक्टरों, पैरामेडिकल स्टाफ और अन्य संबंधित कर्मचारियों को तैनाती के निर्देश दे दिए हैं।



डॉ. सीएमएस डॉ. बीसी सक्सेना।

सीएमएस बीसी सक्सेना ने बताया कि होली के दौरान आंखों से संबंधित समस्याएं अधिक सामने आती हैं। इसे देखते हुए, अस्पताल ने बड़ी मात्रा में आई ड्रॉप और अन्य जरूरी दवाइयों का स्टॉक कर लिया हैं। जरूरत पड़ने पर दवाइयां तत्काल मंगाई जाएंगी। अस्पताल में इमरजेंसी सेवाएं 24 घंटे जारी रहेंगी। इमरजेंसी और ओपीडी डॉक्टरों के साथ-साथ अन्य स्टाफ को जिम्मेदारी दे दी हैं। जिला अस्पताल में दो आई स्पेशलिस्ट उपलब्ध हैं, जिनकी ड्यूटी होली के दौरान विशेष रूप से लगाई गई है। हालांकि अस्पताल में डॉक्टरों की कमी एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। कुल 39 स्वीकृत पदों के मुकाबले वर्तमान में केवल 10 डॉक्टर ही सेवा दे रहे हैं। सीएमएस ने बताया कि लोग सुरक्षित तरीके से होली मनाएंगे और जरूरत पड़ने पर उचित इलाज दिया जाएगा।

# होली पर घरों में खास पकवान बनाने में जुटी हैं गृहणियां

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- गुझियों के अलावा भी कई तरह के तैयार होंगे व्यंजन

**अमृत विचार:** होली पर खास पकवान बनाए जाने की तैयारियां जोरो पर हो रही हैं। गुझियों के अलावा, शाही चंद्रकलां, रस मलाई, दही बड़े, सेव और नमकीन बनाई जाएंगी। होली पर बनने वाले व्यंजनों के लिए बाजारों में ड्राई फ्रूट की बिक्री काफी बढ़ गई है। होली पर पकवान बनाने के लिए खूब खरीदारी कर रही हैं।

रंगों के त्योहार होली पर बाजारों में ड्राई फ्रूट की बिक्री काफी बढ़ गई है। बाजारों में नारियल, काजू, बादाम, छुआरे, पिस्ते और चिरौंजी की बिक्री काफी बढ़ गई है।

बाजारों में पिछले वर्ष की अपेक्षा दामों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। मिठाई विक्रेता महेश कुमार बताते हैं कि होली के खास मौके पर अधिकतर लोग घर पर ही मिठाई बनाना पसंद करते है। होली पर लोगों की पहली पंसद शाही चंद्रकला और गुझिया होती है। होली के त्योहार पर मेहमानों के लिए स्वीट में केसरिया खीर या नारियल की खीर काफी पसंद की जाती है।



इस बार होली पर गुझिया बनाए जाने की तैयारी है एक ड्राई गुझिया मावे और मेवा वाली बनाई जाएगी।

**- कोमल मित्तल**



इस बार खीर के साथ स्पंजी रसगुल्ले बनाए जाने की तैयारी है, स्पंजी रसगुल्लों को बंगाली रसगुल्ला भी कहा जाता है सभी को बहुत पसंद है।

**- प्रतिभा अग्रवाल**



इस होली तरह-तरह की मिठाइयां बनाए जाने की तैयारी है। घर में बनी मिठाइयों का जायका बाजार की मिठाइयों से बहुत अच्छा होता है।

**- राधिका अग्रवाल**



मिठाइयां बनाए जाने के लिए पूरी तैयारी है शाही चंद्रकलां, रस मलाई और स्पंजी रसगुल्ले का स्वाद सभी को खूब भाता है।

**- शिवांगी अग्रवाल**

# दहन से पहले का किया गया होलिका का पूजन

संवाददाता मसवासी

**अमृत विचार:** रंगों के त्यौहार होली पर नगर तथा क्षेत्र में बाजारों में अच्छी खासी रौनक रही रंग अबीर गुलाल तथा पिचकारियों की धूम रही। मुख्य बाजारों में ग्राहकों की अच्छी खासी भीड़ लगी रही। महिलाओं तथा बच्चों ने भी जमकर पिचकारी तथा आधुनिक मुखोटे खिलौने तथा रंग-बिरंगे रंगों की जमकर खरीदारी की। शाम को होली का दहन स्थल पर पूजा अर्चना की गई और सजावट की गई शाम के समय होली का पूजन किया। मंदिरों पर भी सजावट तथा महा आरती की गई खुशहाली और तरक्की की मन्नत मांगी गई। होली दहन के दौरान युवा गेहूं की बाली और गन्ने को दहन में डालने के लिए खेतों पर इकट्ठा करते रहे। तथा आसपास के नगर तथा क्षेत्र में भी ग्रामों में होली का पूजन किया गया इस मौके पर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस होली का दहन स्थल पर गश्त करती रही। चौकी इंचार्ज मय पुलिस फोर्स के क्षेत्र में भ्रमण करते रहे ।



मसवासी में होलिका पूजन करते श्रद्धालु।

# आपसी समन्वय, सद्भाव, प्रेम और उत्साह का त्योहार है होली

संवाददाता बिलासपुर



बिलासपुर में होली मिलन कार्यक्रम में शामिल पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल।

- नगर पालिका में आयोजित किया गया कार्यक्रम

**अमृत विचार:** नगर पालिका परिषद में होली का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। साथ ही एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाइयां दी।

सोमवार को नगर पालिका परिषद कार्यालय में स्टाफ तथा कर्मचारी एकत्रित हुए। इसके पश्चात होली का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल एवं अधिशासी अधिकारी डा. नितिन कुमार गंगवार ने सभासदों तथा स्टाफ तथा कर्मचारियों के रंग लगाकर होली की बधाइयां दी।कार्यक्रम के दौरान पालिकाध्यक्ष ने कहा कि होली आपसी समन्वय, सद्भाव, प्रेम और उत्साह का त्योहार है। उन्होंने सभी लोग होली आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। इस मौके पर अनिल सक्सेना, रीतु कुमारी, परमजीत कौर पोला, प्रिया कुमारी, डा. बलविंदर सिंह, राजू सैनी, राजू तनेजा, आसिम खां, रूपेश सक्सेना, कमल सक्सेना, राजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

# एसपी ने पत्नी के साथ पूजन कर किया होलिका दहन



पुलिस लाइन में होलिका दहन करते एसपी विद्यासागर मिश्र साथ में पत्नी पूनम मिश्रा।

संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** होली पर्व पर पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र ने पत्नी पूनम मिश्र के साथ रिजर्व पुलिस लाइन में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर होलिका दहन किया। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों, कर्मचारियों एवं पुलिस परिवार के सदस्यों को होली पर्व की शुभकामनाएं दी। उन्होंने आपसी सौहार्द, भाईचारे एवं शांति के साथ त्योहार मनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर, क्षेत्राधिकारी टांडा, लाइन सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे ।

# कस्बा में पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

संवाददाता, शाहबाद



शाहबाद में पुलिस बल के साथ फ्लैग पैदल गश्त करते एडीएम व सीओ।

- पुलिस अधिकारियों ने दी अफवाहों पर ध्यान न देने की आपील की

**अमृत विचार:** नगर और ग्रामीण क्षेत्र में आगामी त्योहार को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से शुक्रवार को पुलिस ने नगर के मुख्य मार्गों और संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला।

भारी पुलिस बल की मौजूदगी में बाजारों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में गश्त कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व उपजिलाधिकारी आशुतोष कुमार और क्षेत्राधिकारी देवकीनंदन ने किया। इस दौरान कोतवाली प्रभारी प्रदीप कुमार के साथ उपनिरीक्षक व अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे। पुलिस टीम ने मुख्य बाजार, चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर पैदल मार्च कर आमजन से संवाद स्थापित किया।

अधिकारियों ने लोगों से त्योहार आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की हुड़दंगबाजी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई।

# धोखाधड़ी कर बेच दी विधवा की जमीन

संवाददाता, बिलासपुर

- एसपी के निर्देश पर सात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट

**अमृत विचार:** धोखाधड़ी कर विधवा महिला की जमीन बेच दिए जाने के मामले में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने 7 आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट की है। क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला के अनुसार, उसका शादी 2020 में गांव निवासी जहीर अहमद से हुई थी। वैवाहिक जीवन के दौरान उसकी दो संतानें हुईं। सब कुछ ठीक चल रहा था, लेकिन 30 नवंबर 2024 को पति की मौत हो गई। पति की मौत के बाद ससुराल वालों का व्यवहार पूरी तरह से बदल गया। आरोप है कि ससुर, सास, जेठ-जेठानी और देवर-देवरानी ने मिलकर उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया और उसके जेवर व निजी सामान पर कब्जा कर लिया। ससुरालियों ने नकली चाबी बनवाकर कमरे से उसका कीमती सामान भी चोरी कर लिया। विरोध करने पर उसके साथ धक्का-मुक्की की गई और देवर ने उसके साथ छेड़छाड़ की। यही नहीं, उसके मासूम बच्चों को भी पीटा। इसके अलावा उसके ससुर ने जमीन में से कुछ हिस्सा धोखाधड़ी करके बेच दिया है। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के आदेश पर जमील अहमद, सकीना बी, रफीक अहमद, फहीम जहां, समीर अहमद, तबस्सुम, अनीस अहमद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच की जा रही है, जिसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# 13 हजार से अधिक की हुई कैंसर की जांच

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



ग्राम ककरौआ में लगे शिविर में मौजूद रोगी। • अमृत विचार

- स्क्रीनिंग के बाद 96 लोगों को किया रेफर
- कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर और सर्वाइकल कैंसर की हुई स्क्रीनिंग

**अमृत विचार:** जिले में 13197 लोगों की कैंसर स्क्रीनिंग हुई है। स्क्रीनिंग के बाद जांच के लिए 96 लोगों को हाई सेंटर रेफर किया गया है। जिले भर के गांवों में शिविर लगाकर लोगों में कैंसर की स्क्रीनिंग की गई। शिविर में ब्रेस्ट कैंसर और सर्वाइकल कैंसर की भी जांच की गई।

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. सत्य प्रकाश ने बताया कि जिले में 100 के सापेक्ष 130 शिविर लगवाए गए हैं जिनमें लोगों की कैंसर स्क्रीनिंग हुई। जिले में लोगों की कैंसर की स्क्रीनिंग के लिए जिठनिया शर्की, देवरनिया, अशोकपुर, ककरौआ समेत 130 जगहों पर शिविर लगवाए गए। शिविर में काफी संख्या में लोग पहुंचे और विशेषज्ञों ने लोगों में कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर और सर्वाइकल कैंसर की स्क्रीनिंग की गई। जिसमें 7039 लोगों में ओरल कैंसर की स्क्रीनिंग की गई और 54 लोगों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। इसके अलावा 3850 महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर की स्क्रीनिंग की गई। जिसमें 40 को रेफर कर दिया गया है। जबकि, 2308 सर्वाइकल कैंसर के मरीजों की स्क्रीनिंग की गई। जिसमें दो लोगों को रेफर किया गया है। जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि 6028 टीबी रोगियों की स्क्रीनिंग हुई। जिसमें टीबी के 24 मरीज पॉजिटिव मिले हैं। बताया कि क्षय रोगियों का इलाज शुरू कराया जाएगा। उन्हें नियमित टीबी की दवा दी जाएगी।

> जिले भर में 2 मार्च तक 100 के सापेक्ष 130 शिविर लगवाए गए हैं और कैंसर स्क्रीनिंग के अलावा टीबी रोगियों की जांच कराई गई। जिसमें 24 टीबी के मरीज पॉजिटिव पाए गए हैं। टीबी मरीजों का इलाज शुरू कराया जाएगा।
>
> **- डॉ. संतोष सिंह,** नोडल अधिकारी

# चोरी की कार के साथ चार आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार:** टांडा पुलिस ने चोरी की कार और अन्य माल बरामदगी के साथ चार शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार 25 फरवरी की रात में ग्राम अकबराबाद जंगल से ट्यूबवेल से मोटर चोरी किया। 18 फरवरी को रात में इमरता फार्म थाना टांडा से 2 ट्यूबवेल से मोटर चोरी हुई। विवेचना के दौरान जावेद आलम, नावेद व नदीम निवासी ग्राम नगलिया थाना टांडा, अनमोल निवासी ग्राम भाऊपुरा थाना टांडा, नाजिम निवासी मोहल्ला झादावाला थाना भोजपुर मुरादाबाद के नाम प्रकाश में आए थे। सोमवार को थाना टांडा पुलिस ने आरोपी जावेद आलम, नदीम, अनमोल, नाजिम को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से एक चोरी की कार भी बरामद हुई है। जबकि एक चोरी की हुई मोटर व ताबेंनुमा तार सहित अन्य सामान बरामद किया है।

# चोरी का माल बरामद पुलिस ने आरोपी छोड़ा

संवाददाता, स्वार

- पुलिस पर सांठगाठ का आरोप
- एक माह पूर्व भी चोरी के मामले में जेल जा चुका है आरोपी

**अमृत विचार:** मिलकखानम थाना क्षेत्र के ग्राम शादी नगर हजीरा में शनिवार रात हुई चोरी मामले में आरोपी को छोड़ने का आरोप है। जहां एक ओर ग्रामीणों ने संदिग्ध को पकड़वाकर चोरी का सामान बरामद कराने का दावा कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर पुलिस पर सांठ-गांठ कर आरोपी को छोड़ने का आरोप है।

शनिवार रात एक ग्रामीण के घर से दो मोबाइल फोन और एक गैस सिलेंडर चोरी हो गए। सुबह उठने पर पीड़ित को घटना की जानकारी हुई, जिसके बाद उसने थाना पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने संदेह के आधार पर गांव के ननुआ पुत्र श्यामलाल को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने चोरी स्वीकार करते हुए बताया कि गैस सिलेंडर और दोनों मोबाइल उसके पास हैं। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी गया सामान बरामद कर लिया। ग्रामीणों का आरोप है कि हिस्ट्रीशीटर ननकुआ को सांठ-गांड कर छोड़ दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि करीब एक माह पहले भी शादी नगर हजीरा और आसपास के गांवों से कई गैस सिलेंडर चोरी हुए थे। उस समय भी इसी आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। थानाध्यक्ष निशा खटाना ने कहा कि यह मामला उनके संज्ञान में नहीं है। ग्रामीण निष्पक्ष जांच और स्पष्ट कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### चार मार्च को मनाया जाएगा होली रंगोत्सव

**बिलासपुर, अमृत विचार :** श्री सनातन रामलीला परिषद के तत्वाधान में इस वर्ष भी होली महोत्सव एवं भजन संध्या होगी। जिसकी समिति द्वारा तैयारियां की जा रही है। परिषद के सदस्य गिरिराज किशोर ने बताया कि 4 मार्च की शाम को नगर के मोहल्ला पुरानी रामलीला ग्राउंड में संपन्न होगा।

### 4.82 लाख रुपये वसूल कराने को आरसी कलेक्ट्रेट भेजी

**बरेली, अमृत विचार :** रामपुर के जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने मो. आसिफ अली बनाम स्टार यूनियन डाई-ईची लाइफ इंश्योरेंस वाद में बीमा कंपनी पर जुर्माना लगाया है। आयोग के अध्यक्ष राधे श्याम यादव ने स्टार यूनियन डाई-ईची लाइफ इंश्योरेंस के उप प्रबंधक कस्टमर इंगेजमेंट के विरुद्ध 4.82 लाख रुपये की आरसी जारी की है। आयोग के अध्यक्ष ने कलेक्ट्रेट भेजी आरसी में बताया है कि आयोग ने 16 अक्टूबर, 2024 को मो. आसिफ अली बनाम उप प्रबंधक कस्टमर इन्गेजमेंट, स्टार यूनियन डाई-ईची लाइफ इंश्योरेंस शाखा कार्यालय, तृतीय तल सिविल लाइंस के वाद के मामले में आदेश पारित किया था।

# खाड़ी देशों में ईरान के हमलों ने बढ़ाई चिंता

## जिले के 30 हजार से अधिक लोग करते हैं नौकरी, परिजनों की उड़ी नींद, अपनों को सुबह शाम कर रहे फोन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** ईरान के सुपर लीडर अयातुल्लाह अली खामनेई की इजराइल और अमेरिका के हमले में मौत होने से ईरान ने जवाबी कार्रवाई में इजराइल के साथ-साथ जॉर्डन, कुवैत, बहरीन, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है। इसके अलावा दर्जनों ड्रोन और बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं हैं। इन देशों में रामपुर के 30 हजार से अधिक लोग नौकरियां करते हैं।

ईरान के हमलों से परिजन घबराए हुए हैं और अपनों से लगातार फोन पर संपर्क में हैं। खाड़ी देशों में रामपुर के 30 हजार से अधिक लोग अलग-अलग कंपनियों में नौकरियां करते हैं। कुछ लोग ईरान यूनिवर्सिटी में शिक्षा ग्रहण करने भी गए हुए हैं। ईरान ने खाड़ी देशों में अमेरिकी ठिकानों पर हमले शुरू कर दिए हैं। जिसके कारण खाड़ी देशों में नौकरियां कर रहे लोगों के परिजनों में दहशत है। वह खाड़ी देशों में रह रहे लोगों से लगातार संपर्क में हैं और पल-पल की जानकारी मोबाइल पर ले रहे हैं। खाड़ी देशों मे रह रहे लोग बताते हैं कि ईरान ने अमेरिकी ठिकानों पर बम बरसाए हैं। खाड़ी देशों में अमेरिकी ठिकानें रिहाइश से करीब 100 किमी की दूरी पर हैं। इसके बावजूद लोग परदेस में रह रहे अपनों के लिए दुआ कर रहे हैं।

● अपनों की वतन वापसी के लिए सरकार से लगा रहे गुहार



मेरी बेटी दानिश जहरा ईरान के मशहद शहर में मौलवियत की पढ़ाई कर रही है। मशहद हमले वाली जगह से करीब 1200 किमी दूर है। रविवार सुबह बेटी की काल आई और उसने अपनी मां को ईरान पर इजराइल और अमेरिकी हमले के बारे में बताया। बेटी से निरंतर फोन पर बातचीत हो रही है।

– मोहम्मद रफी



दुबई में भाई है उसको लेकर बहुत चिंता सता रही है। इजराइल और अमेरिका ने ईरान पर हमला करने के बाद से परिजन बहुत परेशान हैं। हालांकि, भाई से आज भी फोन पर बात हुई वह बता रहा है कि हमले रिहायशी इलाकों पर नहीं हो रहे हैं। लेकिन, दुबई में रहने वाले लोग फिक्रमंद हैं।

– आसिम खां



ईरान पर इजराइल और अमेरिका के हमले के बाद पाकिस्तान में बवाल हो गया। पाकिस्तान के कराची के दूतावास को पाकिस्तानियों ने घेर लिया और वहां हालात खराब हो गए हैं। बहन और भांजों से फोन पर बात हो गई है। लेकिन सब लोग परेशान हैं।

– मोहम्मद लाल



ईरान द्वारा खाड़ी देशों में हमले किए जाने से दिल बहुत परेशान है। दुबई में जहां ईरान ने अमेरिकी बेस पर ड्रोन से हमले किए हैं वह हमारी रिहायश से ज्यादा दूर नहीं हैं। हम लोग बस दुआ कर रहे हैं। घरवाले भी परेशान हैं उनका सुबह-शाम फोन आ रहा है।

– मोहम्मद उस्मान

### युद्ध से जिले के उद्यमियों में निराशा

**रामपुर, अमृत विचार :** खाड़ी देशो में छिड़े युद्ध से उद्योगों एवम निर्यातकों में निराशा छा गई है। आईआईए रामपुर चैप्टर के चेयरमैन श्रीश गुप्ता ने बताया कि पहले ही उद्योग टैरिफ की मार से कराह रहे थे। टेरिफ कम होने से दोवारा होल्ड ऑर्डर्स भेजने के आदेश आयातक दे रहे थे, लेकिन फिर इन पर खतरा आ गया है। ईरान द्वारा हारमुज़ जलडमरूमध्य मार्ग बंद करने की धमकी से वैशविक व्यापार मार्ग बंद होने का खतरा मंडराने लगा है। इससे भारतीय निर्यातकों के माल की आवाजाही प्रभावित हो रही है। वैकल्पिक रास्तों से माल भेजने से लागत में भारी लागत बढ़ सकती है। क्योंकि अधिकतर आर्डर एफओआर होते है। रामपुर से भारी मात्रा में मेंथा ओर उसके एलाइड प्रोडक्ट निर्यात होते है। जिनकी डिलीवरी भी खतरे में आ गई है, इसके अलावा कोई अनहोनी होने की दशा में इन्शुरेंस कंपनी भी जिम्मेदारी नहीं लेती है। आर्डर केंसिल भी हो सकते है। इस लड़ाई से पेमेंट भी अटक सकते है। ईंधन महंगा हो सकता है। पेट्रोलियम पदार्थों की कमी हो सकती है।



श्रीश गुप्ता, कारोबारी।

# चोर को पीटने के मामले में ग्रामीणों पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, रामपुर

● तीन चोरों व अज्ञात के खिलाफ हुई मुकदमा की कार्रवाई

**अमृत विचारः** केमरी थाना क्षेत्र के स्वार खुर्द गांव में बकरी चोर को पीटने के मामले में पुलिस ने ग्रामीणों पर भी मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना में शामिल तीन बकरी चोरों और अज्ञात ग्रामीणों के खिलाफ दो अलग-अलग मुकदमे दर्ज किए हैं।

रविवार दोपहर स्वार खुर्द गांव में हुई थी। ग्रामीणों ने बताया कि तीन लोग एक क्रेटा कार में सवार होकर गांव में आए। उन्होंने राजपाल के घर के बाहर बंधी एक बकरी की रस्सी चाकू से काटी और बकरी को कार में डालकर भागने लगे। कुछ बच्चों ने यह देख शोर मचाया, जिसके बाद ग्रामीण कार का पीछा करने लगे। गांव के बाहर रेलवे फाटक बंद होने के कारण आरोपियों ने कार मोड़कर दूसरे रास्ते से भागने का प्रयास किया। हालांकि हड़बड़ी में उनकी कार सड़क किनारे खंती में पलट गई। कार में सवार दो लोग मौके से फरार हो गए, जबकि तीसरे व्यक्ति को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। ग्रामीणों ने उसे अर्धनग्न कर जमकर पीटा। बाद में पुलिस ने पकड़े गए आरोपी को हिरासत में ले लिया।

उप निरीक्षक सुमित कुमार ने ग्रामीणों के खिलाफ दर्ज रिपोर्ट में बताया है कि ग्रामीणों ने चोरी करते पकड़े गए बंटी सागर को लाठी-डंडों से पीटा। इस मारपीट का वीडियो भी इंटरनेट पर वायरल कर दिया गया। सोमवार को केमरी थानाध्यक्ष हिमांशु चौहान ने जानकारी दी कि अज्ञात ग्रामीणों के खिलाफ शांतिभंग और अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। जबकि दूसरा मुकदमा चोरी और आपराधिक प्रयास की धाराओं में मिलकखानम थाने के शादी नगर हजीरा गांव निवासी बंटी सागर और दो अन्य अज्ञात आरोपियों के खिलाफ दर्ज हुआ है।

# 10वीं के परीक्षार्थियों ने दी हिंदी की परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** सोमवार को सीबीएसई 10वीं के 3730 परीक्षार्थियों ने हिंदी की परीक्षा दी। जबकि, 30 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जबकि, 12वीं की उर्दू की परीक्षा में सभी 34 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। जिले के 13 परीक्षा केंद्रों पर सुबह 8 बजे से परीक्षार्थी पहुंचना शुरू हो गए थे। परीक्षार्थियों को 9:30 बजे परीक्षा केंद्रों में प्रवेश दिया गया।

सीबीएसई परीक्षा में सोमवार को पहली पाली में 10वीं की हिंदी ए के लिए पंजीकृत 1745 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 1739 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए और 6 परीक्षार्थी अनुपसित रहे।

हिंदी बी की परीक्षा के लिए 2015 परीक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया था जिसके सापेक्ष 1991 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए और 24 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।



परीक्षा के बाद प्रश्नों के उत्तरों का मिलान करते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

● सीबीएसई की बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए 3730 परीक्षार्थी

12वीं की उर्दू की परीक्षा के लिए 34 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था जिसके सापेक्ष सभी परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। पहली पाली की परीक्षा सुबह 10:30 बजे से शुरू हुई।

तलाशी के बाद 9:30 बजे परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया। सुबह 10 बजे परीक्षा कक्ष में परीक्षार्थी के पहुंचने के बाद प्रश्न पत्र दिया। 10:15 से 10:30 बजे तक परीक्षार्थी ने प्रश्न पत्र को पढ़ा इसके बाद परीक्षा दी।

> सीबीएसई की 10वीं और 12वीं की परीक्षा हुई। 10वीं में हिंदी ए और हिंदी बी का पेपर हुआ। हिंदी ए में 6 और हिंदी बी के पेपर से 24 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। 12वीं की उर्दू की परीक्षा से 20 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।
>
> – **नीरज तिवारी**, सिटी कोआर्डिनेट सीबीएसई

# प्रथम वार्षिकोत्सव में बच्चों ने पेश किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

संवाददाता, दढ़ियाल

**अमृत विचारः** चौकी क्षेत्र के गांव नारायणपुर में स्थित जंबो वैली स्कूल में सोमवार को प्रथम वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सीओ स्वार अतुल कुमार पांडेय, विद्यालय चेयरमैन योगेश चौहान, प्रबंध निदेशक शिशुपाल सिंह, प्रधानाचार्या मनीषा सिंह और विशिष्ट अतिथि अनुज कुमार वर्मा ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस वर्ष की थीम खोया हुआ बचपन थी। मुख्यातिथि अतुल कुमार पांडेय ने विचार व्यक्त किए। विद्यालय के चेयरमैन योगेश चौहान, विशिष्ट अतिथि अनुज कुमार वर्मा ने छात्रों का हौसला बढ़ाया। डॉ. आरसी शर्मा, जिलाध्यक्ष सिंचाई बंधु राजकुमार चौहान, गन्ना सोसायटी स्वार के चेयरमैन समर सिंह, नगर पंचायत दढ़ियाल के चेयरमैन खुर्शीद अहमद, स्कूल की प्रिंसिपल मनीषा सिंह, योगेश कुमार चौहान, शिशपाल चौहान, मुनेश कुमार चौहान और स्टाफ मौजूद रहा।



कार्यक्रम में प्रस्तुति देते बच्चे। ● अमृत विचार

# पदाधिकारियों ने दिया सामूहिक इस्तीफा

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचारः** रविवार को भारतीय किसान यूनियन भानू से जुड़े कई दर्जन पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष अखिल खान के नेतृत्व में पंचायत का आयोजन किया। पंचायत में जिला, ब्लॉक, तहसील व नगर स्तर के पदाधिकारियों ने विचार-विमर्श के बाद भाकियू भानू के सभी पदों से सामूहिक इस्तीफा देने की घोषणा की।

किसानों ने संगठन की सदस्यता से भी त्यागपत्र दे दिया। वक्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष की कार्यशैली पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि पीड़ित किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है और न ही शीर्ष नेतृत्व संज्ञान ले रहा है। ऐसे में संगठन में बने रहने का कोई औचित्य नहीं है। पंचायत में स्वास्थ्य विभाग पर फर्जी अस्पताल, फर्जी लैब और फर्जी अल्ट्रासाउंड सेंटर संचालित कराने का गंभीर आरोप लगाया गया। आरोप लगाया कि 24 फरवरी को सीएमओ कार्यालय पर प्रदर्शन करने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। पंचायत में शकील अहमद, आसिफ हुसैन, मुंशीजी, रंजीत चौधरी, विद्याराम पाल, आदिल, मुख्तयार, शाह बाबा, सुरेंद्र सिंह, आकिल खान, झंडू सिंह, वीरेंद्र सिंह, जोगिंदर सिंह, रामचरण सिंह, शाहिद खान, साजिद खान, रमेश मौर्य, शौकत मलिक, मुराद अली समेत कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से इस्तीफा देते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष के खिलाफ नाराजगी व्यक्त की।



सामूहिक इस्तीफे की घोषणा करते भाकियू भानू के पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

● भाकियू भानु के पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष पर उठाए सवाल

# युवक को रोडवेज बस ने मारी टक्कर, मौत

संवाददाता, शाहबाद

● दवाई लेकर बाइक से घर जा रहा था अर्श अली, साथी घायल

**अमृत विचारः** दवाई लेकर लौट रहे बाइक सवार दो युवकों को तेज रफ्तार रोडवेज ने चपेट में ले लिया। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरा युवक बुरी तरह जख्मी हो गया। जिसको रामपुर के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।



मृतक अर्श अली।

लोगों ने बताया कि शाहबाद के मोहल्ला खटपुर निवासी नाजिम मियां का बेटा अर्श अली (18) अपने रिश्ते के भाई इमरान को साथ सोमवार सुबह कान की दवाई लेने मिलक गया था। दवाई लेकर वापस लौटने के दौरान रास्ते में पनवड़िया के पास युवकों की बाइक को रोडवेज ने टक्कर मार दी। हादसे में अर्श अली की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि साथ में मौजूद रिश्ते का भाई इमरान गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों और पुलिस के द्वारा परिजनों को सूचना देकर दोनों युवकों को जिला अस्पताल भेज दिया गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने अर्श का पोस्टमार्टम कराने से इंकार करते हुए उसका शव शाहबाद ले आये। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं परिवार में रमजान की खुशियां मातम में बदल गई।

# महोत्सव में किया श्याम बाबा का गुणगान

संवाददाता बिलासपुर

**अमृत विचारः** बाबा श्याम प्रेमी सेवा समिति के पदाधिकारियों द्वारा फाल्गुन महोत्सव मनाया गया। साथ ही श्री खाटू श्याम बाबा का विशाल दरबार लगाया और रात भर भक्ति की मस्ती में डूबे रहे। बाहर से आए कलाकारों ने समां बांध दिया।

नगर के मोहल्ला साहूकारा स्थित एक धर्मशाला में रात बाबा श्याम प्रेमी सेवा समिति के तत्वाधान में फाल्गुन महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। समिति के कोषाध्यक्ष अमित अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित किया। बाबा के श्रृंगार व छप्पन भोग के बाद भक्तों के दर्शन का सिलसिला शुरू हुआ। साथ ही रुद्रपुर से आएं भजन गायक कलाकर हिमांशु राणा ने भक्तों को देर रात तक बांधे रखा। श्याम भक्त भी देर रात तक भक्ति में तल्लीन होकर झूमते व नाचते रहे। इस महोत्सव का मुख्य आकर्षण गुलाल एवं फूलों की होली रहा। आयोजन के दौरान भक्तों के भोजन प्रसाद के लिए ''राधा की रसोई'' भी लगाई गई थी, जिसमें छकने वालों की भीड़ रही। व्यवस्थाओं में अतिन अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, विनय अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, अमित अग्रवाल, मोहनी रानी, पारूल अग्रवाल, सोनल अग्रवाल, कनिका अग्रवाल, पूनम गोयल, अरविंद शर्मा, अंकित अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, संचित अग्रवाल, दीपक गुप्ता, सपन अग्रवाल, उपकार गोयल, विवेक अग्रवाल एवं समिति के सभी सदस्य सम्मिलित रहे।



जागरण में भजन प्रस्तुत करते कलाकर हिमांशु राणा। ● अमृत विचार

## न्यूज डायरी

### जिला पंचायत चुनाव को लेकर रालोद में आवेदन प्रक्रिया शुरू

**रामपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय लोकदल रामपुर द्वारा आगामी जिला पंचायत चुनाव को लेकर संगठनात्मक तैयारी शुरू कर दी है। पार्टी कार्यालय में संभावित प्रत्याशियों से आवेदन लिए जा रहे हैं। जिला अध्यक्ष शाहिद हुसैन ने बताया कि जिला पंचायत वार्ड नंबर- 32 से जिला सचिव शाहिद सैफी ने प्रत्याशी बनाए जाने के लिए आवेदन दिया गया है। जिलाध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया उनकी अध्यक्षता में गठित तीन सदस्यीय कमेटी द्वारा की जाएगी। उन्होंने कहा कि रालोद का वर्तमान में एनडीए गठबंधन का जिम्मेदार घटक है, इसलिए प्रत्येक निर्णय संगठनात्मक अनुशासन, समन्वय और आपसी सहमति के आधार पर लिया जाएगा। कुछ लोग स्वयं को रालोद अथवा गठबंधन का संभावित या अधिकृत प्रत्याशी बताकर क्षेत्र में भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे भ्रामक दावे संगठन की आधिकारिक प्रक्रिया के विपरीत हैं।



### अंतरराष्ट्रीय कानून तोड़ रहा इजरायल: सांसद नदवी

**रामपुर, अमृत विचार :** रामपुर सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने वैश्विक शांति और अंतरराष्ट्रीय नियमों के बढ़ते उल्लंघन पर बयान जारी किया है। सांसद नदवी ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ (यूएनओ) ने पहले ही इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट और प्रतिबंधों की बात कही है। गाजा में महिलाओं और बच्चों का जिस तरह कत्लेआम किया जा रहा है, वह पूरी मानवता के लिए शर्मनाक है। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई और वहां की संप्रभुता पर हमलों की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे कृत्य पूरी दुनिया को अस्थिरता की ओर धकेल रहे हैं। उन्होंने अफसोस जताते हुए कहा कि जहां पूरी दुनिया और इंसानियत के प्रति संवेदनशील लोग इस युद्ध और हिंसा के खिलाफ हैं, वहीं हमारे देश के प्रधानमंत्री ने अब तक कोई स्पष्ट टिप्पणी नहीं की है। आह्वान किया कि अगर दुनिया में कानून, शराफत और इंसानियत को बचाना है, तो ताकतवर देशों की मनमानी पर लगाम लगानी होगी। सांसद के मीडिया प्रभारी एडवोकेट महबूब अली पाशा ने यह जानकारी दी है।





### रात्रिकालीन वाहन चेकिंग, दो बसें सीज, 7 का चालान

**रामपुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशन मे उपसंभागीय परिवहन अधिकारी राजेश कुमार श्रीवास्तव ने सड़क सुरक्षा को लेकर जिले में रात्रिकालीन अभियान चलाया। जिले में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के उद्देश्य से रविवार रात 10 बजे से सोमवार प्रातः 6 बजे तक वाहन चेकिंग अभियान चालया। उल्लंघन करने वाली बसों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो बसों को सीज किया, जबकि 7 बसों का चालान किया गया। कार्रवाई के तहत वाहन स्वामियों से 1.87 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।

### मस्जिद शाह जी मियां में कुरान मुकम्मल, मांगी दुआएं

**रामपुर, अमृत विचार :** मोहल्ला घेर मियां खान स्थित मस्जिद शाहजी मियां मसूद आलम खान में रविवार की रात तरावीह की नमाज में कुरान मुकम्मल हुआ। जिसमें हाफिज दानिश खान ने तीन पारे रोज तिलावत किए। हाफिज दानिश खान ने रमजान की फजीलत बयान की। उन्होंने कहा कि हुफ्फाज के दिल में कुरान महफूज कर दिया गया है। अल्लाह ने रमजान के मुकद्दस महीने को तीन अशरो में तकसीम किया गया है। जिनमें पहला अशरा रहमत, दूसरा मगफिरत और तीसरा जहन्नुम से निजात का है। हाफिज दानिश ने कहा कि हमें सभी रोजे पाबंदी के साथ रखने चाहिए। झूठ, फरेब, गीबत, चुगलखोरी, जलन, हसद, लड़ाई-झगडों से बचना चाहिए। इस दौरान मस्जिद के मुतावल्ली इम्तियाज आलम खान के अलावा बड़ी तादाद में नमाजी मौजूद रहे।




# रमजान के दूसरे अशरे में बुजुर्गों के मगफिरत की मांगें दुआ

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● रोजे में इबादत करें और नेक कामों पर दें तवज्जो

● रोजे का नाम सिर्फ खाना-पीना छोड़ना ही नहीं, मन पर रखें काबू

**अमृत विचारः** रोजा रखना सभी बालिग मुसलमानों पर फर्ज है। रोजे में इबादत करें और नेक कामों पर खूब तवज्जो दें। रोजे का नाम सिर्फ खाना-पीना छोड़ना ही नहीं, बल्कि मन का रोजा भी रखना होता है। सिर्फ इबादत करनी चाहिए और नेकी के कामों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें।



सैयद खुशनूद मिंया, काजी ए शहर।

माहे रमजान में मगफिरत का यह दूसरा अशरा रमजान के 20वें रोजे का सूरज डूबने तक रहेगा। काजी ए शहर सैयद खुशनूद मियां ने बताया कि रोजा इस्लाम का तीसरा अहम रुकन है। रमजान का महीना तमाम महीनों में सबसे अफजल है। यह रहमत और बरकत वाला महीना है। अपने आप को गुनाहों से बचा कर रखें ताकि रोजे का मकसद हासिल हो सके। बताया कि अल्लाह के दरबार में अपने गुनाहों के लिए गिड़गिड़कार माफी मांगे।

### तरावीह के दौरान कुरआन मजीद मुकम्मल

**अमृत विचार, रामपुर :** शहर के मोहल्ला घेर सैफुद्दीन खां स्थित मस्जिद हाजी हैदर अली खां में तरावीह के दौरान पहला कुरआन मजीद मुकम्मल हो गया। हाफिज आरिश खां ने कुरआन सुनाया और हाफिज मोहम्मद अंसर खां ने सामां के फराइज अंजाम दिए। इस मौके पर कारी हाफिज मौलाना बाकर अली ने कहा कि कुरआन अल्लाह की भेजी हुई वाहिद ऐसी किताब है जो हाफिजों के सीनों में रोजे कयामत तक महफूज रहेगी। इस मौके पर मस्जिद के इमाम इस्लामुद्दीन खां, आसिफ खां, आसिम खान, मोहिउद्दीन सैफी, सफी खां, मुसर्रत खां, हबीब खां, जफर खां, रेहान, जमीर खां, अतहर खां, कामिल खां, इकबाल खां, मुराद मियां आदि मौजूद रहे।



कुरआन मजीद मुकम्मल होने पर हाफिज और सामां की गुलपोशी की गई।

### मस्जिदे अक्सा में 12वीं तरावीह को हुआ कुरआन मुकम्मल



कारी और सामां की गुलपोशी के बाद मौजूद लोग। ● अमृत विचार

**रामपुर, अमृत विचार :** शहर के मिस्टन गंज चौराहा स्थित मस्जिदे अक्सा में 12वीं तरावीह में कुरआन मजीद मुकम्मल हुआ। तरावीह के दौरान शहर मुफ्ती मौलवी मोहम्मद मकसूद ने कुरआन मजीद सुनाया और सामां के फराइज कारी मोहम्मद मउऊद ने अदा किए। कुरआन मजीद मुकम्मल होने पर मस्जिद को रंग-बिरंग लाइटों से सजाया गया था। इस मौके पर कारी यासीन अहमद खां ने कहा कि मुसलमानों को अपना रिश्ता कुरआन मजीद से मजबूत करना चाहिए। मुफ्ती ए शहर न कहा कि रमजान उल मुबारक का दूसरा अशरा है जो मगफरत का है। इस मौके पर मौलवी मोहम्मद अय्यूब, कारी यासीन अहमद, अब्दुल जब्बार समेत काफी संख्या में नमाजी मौजूद रहे।

अमृत विचार



## न्यूज ब्रीफ

### श्रद्धापूर्वक किया गया होलिका पूजन

**हसनपुर, अमृत विचार :** पुराने डाकखाने के निकट स्थित प्राचीन होलिका स्थल पर श्रद्धा और उल्लास से होलिका मैय्या का पूजन किया। महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सज–धजकर टोलियों के रूप में पूजा स्थल पर पहुंचकर विधि–विधान से पूजा अर्चना की। होलिका की परिक्रमा कर कच्चा सूत बांधकर सुख–शांति की कामना की। साथ ही, उपले और फल–फूल गेहूं की बाली अर्पित कर प्रकृति का आभार जताया। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल भी मुस्तैद रहा। शुभ मुहूर्त में होलिका दहन किया जाएगा ।

### राष्ट्रीय मसीह विकास संगठन की बैठक

**सैदनगली, अमृत विचार :** नगर पंचायत सैदनगली में राष्ट्रीय मसीह विकास संगठन की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता मौरिस उठावल ने की। बैठक मे संगठन की कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से चुनाव सम्पन्न हुआ। संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक मौरिस उठवाल, राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय टाइटलर, राष्ट्रीय महासचिव प्रमित, सचिव राजेश को चुना गया ग्लैडविन डिसूजा व विश्वास सिंह की संगठन से सदस्यता समाप्त कर दी गयी।

# विधि विधान से किया गया होलिका का पूजन

## देर रात जिले में कई स्थानों पर किया गया होलिका दहन, जौ की बालियां और गन्ने अर्पित किए

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा



होलिका का पूजन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सोमवार को दोपहर में महिलाओं ने परंपरागत तरीके से होली का पूजन किया। परिवार में सुख-शांति की कामना की। देर रात शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में कई स्थानों पर होलिका दहन किया गया। लोगों ने होलिका में जौ की बालियां और गन्ने भूनकर परंपरा निभाई गई।

जिले भर में 4 मार्च को शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक दुल्हंडी पर रंगों की होली खेली जाएगी। सोमवार को दिनभर बाजारों में खरीदारी को लेकर भीड़भाड़ रही। इस साल पूर्णिमा तिथि दो दिन, होलिका दहन पर भद्रा और चंद्र ग्रहण के चलते सोमवार की देर रात परंपरागत तरीके से जिले भर में करीब 1226 स्थानों पर होलिका दहन हुआ। शहर की आवास विकास कॉलोनी, कोट चौराहा, टीपी नगर, बड़ा बाजार समेत अन्य जगहों पर देर रात होलिका दहन किया गया। होली के त्योहार को लेकर युवाओं और बच्चों का उत्साह देखा गया। इससे पहले महिलाओं ने होली का पूजन किया। इस दौरान पूजन कर रहीं महिलाओं ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। पुलिस प्रशासन भी होली पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चौकन्ना है। संवेदनशील स्थानों पर पुलिस की विशेष नजर है। अराजक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। दुल्हडी के दिन पुलिस दिनभर गश्त करती रहेगी। शहर कस्बों के चौराहे पर पुलिस तैनात रहेगी। पुलिस ने बाइकों पर सवार होकर माहौल खराब करने वाले के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की नसीहत दी है।

### होली के उल्लास में डूबे लोग

**गजरौला, अमृत विचार :** सोमवार को शहर में होली का उत्साह छाया रहा। महिलाएं पूजा–पाठ में व्यस्त रहीं। बच्चे और युवा एक–दूसरे को रंगने में लगे रहे। मंदिरों में भी पूजा अर्चना की गई। यहां पर महिलाओं ने होलिका मइया को अर्घ्य दिया। साथ ही विधि विधान संग पूजा की। देवी–देवताओं की प्रतिमाओं को भी रंग–गुलाल लगाया। इंदिरा चौक स्थित गंगा प्याऊ मंदिर, बस्ती मार्ग, खाद गूजर चौराहा, रेलवे स्टेशन रोड आदि स्थानों पर मेले जैसा माहौल रहा। दोपहर से ही रंग–गुलाल से होली खेलना शुरू कर दिया गया। लोग रंग–बिरंगे नजर आए। महिलाओं ने होलिका की पूजा की। इस दौरान सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम रहे। पुलिस टीमें भी दिनभर गश्त करती रहीं। लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई।

# होली मिलन समारोह में कार्यक्रमों ने बांधा समां



होली मिलन समारोह में नृत्य करते कलाकार। ● अमृत विचार

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** अग्रवाल सभा हसनपुर के तत्वाधान में एक होली मिलन कार्यक्रम में बाहर से आए कलाकारों की प्रस्तुति ने समां बांध दिया।

समारोह का आरंभ सभा के संस्थापक अध्यक्ष डाक्टर शिवचरण दास, अध्यक्ष उमेश अग्रवाल सहित पदाधिकारी द्वारा महाराजा अग्रसेन के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर एवं उनकी आरती करके किया। इसके बाद समझ में बाहर से आए कलाकारों द्वारा बहुत ही सुंदर तरीके से होली के भजनों पर अपनी प्रस्तुति दी।सभी अग्र बंधुओं के द्वारा एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी और होली के गीतों पर जमकर नृत्य किया। संचालन उप महामंत्री अक्षी अग्रवाल द्वारा किया गया। मुकेश गोयल,सुमित अग्रवाल,शिखर अग्रवाल,मयंक अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, विभोर अग्रवाल,मधुर अग्रवाल,मनोज गोयल,अमित अग्रवाल,वेद प्रकाश अग्रवाल,संदीप अग्रवाल,अजय अग्रवाल,तरुण अग्रवाल,अमन अग्रवाल,गौरव अग्रवाल,महेश अग्रवाल आदि काफी संख्या में अग्रवाल समाज के लोग मौजूद रहे।

# खामेनेई की मौत पर जताया दुख, निकाला कैंडल मार्च



कैंडल मार्च निकालते शिया समुदाय के लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** ईरान में इसराइली हमले में मारे गए अयातुल्लाह खामेनेई सहित अन्य लोगों की आत्मा की शांति के लिए शिया समुदाय ने कैंडल मार्च निकाला।

कैंडल मार्च नगर की संभल बस स्टैंड के पास स्थित मुस्तफा कॉलोनी से निकल गया जो संभल चौराहे पर जाकर संपन्न हुआ। कैंडल मार्च में लोगों के हाथ में अयातुल्लाह खामेनेईकी फोटो भी थी, कैंडल मार्च अहलोबैंतों अलहेमुस्सलाम ट्रसट की जानिब से आयोजित किया गया। मौलाना गुलाम अली रिजवी साहब संबोधित किया। चमन राजा जैदी, अकरम मिस्त्री, फिरोज खान, दानिश जावेद, मोहम्मद रिजवान ,अब्बास , जावेद ,जुबैर , यूनुस, अमन ,शरीक फसल जावेद मौजूद रहे।

## इनर व्हील क्लब ने किया होली मिलन कार्यक्रम आयोजित

**हसनपुर, अमृत विचार :** इनर व्हील क्लब के कार्यक्रम में एक दूसरे को रंग लगाकर होली की बधाई दी।

रंगो के त्योहार होली पर की धूम हर तरफ दिखाई दे रही है होली पर्व से पूर्व सोमवार को नगर स्थित एक रेस्टोरेंट में इनर व्हील क्लब के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें रंगारंग गेम्स का आयोजन किया गया,इसके अतिरिक्त नृत्य कंपटीशन और जमकर सूखे रंगों की होली खेली गई। अध्यक्ष आरती गुप्ता ने सभी क्लब सदस्यों को टीका लगाकर स्वागत किया उसके पश्चात सारे ही कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम में आरती गुप्ता,संगीता अग्रवाल, सुनीता, मोहिनी, आंचल, रश्मि, मोनिका, नीतिका, शालिनी, कविता, प्रियंका, सीनू, रजनी, प्रियांशी, पारुल,अरुण, सारिका आदि उपस्थित रहे।

# व्यापारियों ने फूलों की होली से दिया भाईचारे का संदेश



कार्यक्रम आरंभ करते विधायक महेंद्र सिंह खड़कवंशी। ● अमृत विचार

संवाददाता, हसनपुर

● व्यापारी सुरक्षा फोरम ने किया आयोजन, शोभायात्रा निकाली

**अमृत विचार :** महाराणा प्रताप चौक पर सोमवार को व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान द्वारा भव्य फूलों की होली का आयोजन किया गया। एक-दूसरे पर फूलों की वर्षा कर आपसी प्रेम और सांप्रदायिक सौहार्द का संदेश दिया। विधायक महेंद्र सिंह खड़कवंशी ने फीता काटकर शोभा यात्रा का आरंभ किया। नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी मौजूद रहे।

ढोल-नगाड़ों की गूंज और फूलों की खुशबू के बीच शोभायात्रा निकाली गई। इस यात्रा ने पूरे नगर का वातावरण उत्सवमय कर दिया। मुकेश गुप्ता, तरुण अग्रवाल, लोकेश अग्रवाल, सचिन गुप्ता,देवेंद्र खड़कवंशी, सचिन गुप्ता, अंकुर अग्रवाल, संदीप गुप्ता, मोहित रस्तोगी, मोहित पंडित, लोकेश अग्रवाल, दिनेश गौतम, अरविंद अन्ना, मुखिया सागर, विक्रांत शर्मा, पंकज भटनागर, अन्नू रस्तोगी और संजय सहदेव सहित अनेक व्यापारी व नागरिक उपस्थित रहे।

### होली मिलन समारोह का आयोजन



**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** श्री राम जानकी बालाजी धाम पार्क में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। लोगों ने एक–दूसरे को अबीर–गुलाल लगाकर गले मिलते हुए होली की शुभकामनाएं दीं।बुजुर्गों से लेकर युवाओं तक सभी ने मिलकर होली के इस रंगोत्सव को यादगार बनाया। गर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि होली का त्योहार केवल रंगों का नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक है। ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं और लोगों के बीच आत्मीयता बढ़ाते हैं। शरद गर्ग, कमल अग्रवाल, एडवोकेट सर्वेश शर्मा, आशीष पाठक, पवन गुप्ता, एडवोकेट कपिल कुमार, सरदार दुजेंद्र सिंह उर्फ कोकी, सरदार कीरत सिंह, कपिल अग्रवाल, जागेश अग्रवाल, विंदू शर्मा आदि मौजूद रहे।

# गृहक्लेश से परेशान होकर युवक ने फंदा लगाया

संवाददाता, हसनपुर

● पत्नी के साथ अक्सर होता था विवाद, कानूनी कार्रवाई से था परेशान

**अमृत विचार :** गृहक्लेश और कानूनी कार्यवाही से परेशान होकर युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



मृतक गुड्डू।

नगर के मोहल्ला कोर्ट पश्चिमी काला शहीद निवासी 27 वर्षीय गुड्डू पुत्र अशरफ अली की शादी दो साल पहले थाना रहरा क्षेत्र के गांव चचोरा निवासी शबनम के साथ हुई थी। परिजनों के अनुसार, शादी के बाद से पति-पत्नी के बीच मनमुटाव रहता था और आए दिन झगड़े होते थे। करीब दो माह पूर्व शबनम अपने मायके चली गई थी। कुछ दिन पूर्व जब गुड्डू पत्नी को लेने ससुराल गया, तो वहां उसके साथ मारपीट की गई, हालांकि बाद में समझौता हो गया था। परिजनों ने बताया कि 24 फरवरी को शबनम सामान लेकर दोबारा मायके चली गई और महिला थाने में गुड्डू व उसके परिवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया। इस कानूनी कार्रवाई और लगातार हो रहे विवाद के कारण गुड्डू गहरे मानसिक तनाव में था।

रविवार की देर रात को उसने घर की दूसरी मंजिल पर टिनशेड के नीचे पाइप में प्लास्टिक की रस्सी का फंदा बनाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। मृतक चार भाइयों में सबसे बड़ा था और पुताई कर अपने परिवार का पालन पोषण करता था। कस्बा इंचार्ज रामप्रसाद ने बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया है। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों द्वारा दी जाने वाली तहरीर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मामले में आगे की कानूनी कार्यवाही की जाएगी।



मृतक के घर गमगीन खड़ीं मोहल्ले की महिलाएं। ● अमृत विचार

## रंग बिरंगी पिचकारियों से सजीं दुकानें

**सैदनगली, अमृत विचार :** होली के चलते बाजारों में काफी चहल-पहल देखी जा रही है। अबीर, गुलाल और रंग बिरंगी पिचकारियां लुभाती रहीं।

होली पर स्पाइडर मेन, वाटर टैंक, गन, बांसुरी समेत विभिन्न आकर्षक डिजाइन में पिचकारी के अलावा रंग, बिरंगे गुब्बारे, मखौटे, टोपी आदि सामान की लोग खरीदारी करते रहे। होली पर घर आने वाले लोगों का मुंह मीठा कराने के लिए लोग गुजिया और नमकीन आदि की खरीदारी कर रहे हैं। महिलाएं भी होली की तैयारीयों में जुट गई हैं। घर पर आलू के चिप्स, चावल की कचरी आदि विभिन्न प्रकार के व्यंजन तैयार कर रही हैं।

# चाकेश्वर मंदिर से चांदी का छत्र व नकदी चोरी

**गजरौला, अमृत विचार:** प्राचीन चाकेश्वर मंदिर का चोरों ने ताला तोड़कर चांदी छत्र व चार हजार रुपये की नगदी समेत लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

थाना क्षेत्र के सलेमपुर गौसाई में रविवार की रात चोरों ने स्थित चाकेश्वर मंदिर का ताला तोड़कर करीब एक किलो चांदी से निर्मित माता रानी का छत्र तथा दानपात्र में रखी चार हजार रुपये की नगदी पर हाथ साफ कर लिया। सोमवार की सुबह मंदिर का ताला टूटा देख मंदिर के पूजारी लवकुश गिरी को घटना की जानकारी हुई । कुछ ही देर में श्रद्धालुओं की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने घटना की जानकारी तथा सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो अज्ञात चोरी मंदिर में चोरी करता कैद हो गया। पूजारी ने घटना की तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई करने की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।



चोरी के बारे में बताते पुजारी।

## एनकाउंटर में मारे गए जीशान के घर पसरा सन्नाटा

**सैदनगली, अमृत विचार:** गाजियाबाद के लोनी क्षेत्र में सलीम वास्तविक पर जानलेवा हमले के मामले में पुलिस एनकाउंटर में मारे गए आरोपी जीशान के घर और आसपास सन्नाटा पसरा हुआ है। जीशान फर्नीचर का काम करता था। उसके पिता भी फर्नीचर का काम करते हैं। एनकाउंटर में जीशान के मारे जाने की खबर के बाद उसके मोहल्ले में लोगों के बीच खामोशी छा गई है। लोग इस मामले में कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। लोगों का कहना है कि जीशान के खिलाफ कोई आपराधिक मुकदमा दर्ज नहीं था। जीशान सामान्य और सीधा-सादा स्वभाव का माना जाता था। फिलहाल क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

### विवाहिता की मौत

बिजनौर , अमृत विचार : ग्राम काशीरामपुर में 22 वर्षीय नीलम की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसने नितिन से प्रेम विवाह किया था।

### रास्ते से गाड़ी हटाने को लेकर विवाद में पीटा

**सैदनगली, अमृत विचार :** उझारी के मोहल्ला मंसूरपुर में रास्ते में खड़ी गाड़ी हटाने को लेकर हुए विवाद में दबंगों ने एक युवक और उसके परिजनों को लाठी–डंडों से पीटकर घायल कर दिया। रविवार की शाम पीड़िता अफशाना ने थाने में तहरीर देकर बताया कि 27 फरवरी की शाम उसके दामाद नसीम ने पड़ोसी समीम से रास्ते में खड़ी कार हटाने को कहा था। इसी बात पर आरोपी समीम, अदनान, कैफ और आस मोहम्मद ने गाली–गलौज करते हुए लाठी–डंडों से हमला कर दिया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें

9412554796
0591 3591634

**संबन्ध विच्छेद**

मैंने व मेरे परिवार ने अपने सगे दो पुत्रों व पत्नियों, रोहिल व उसकी पत्नी रेनूका, मोहित व उसकी पत्नी नीतू के गलत कृत्य व दुर्व्यवहार के कारण रजिस्टर्ड संबंध विच्छेद कर लिये है। इनका मेरी चल, अचल, संपत्ति ,मकान, मुकदमा व भविष्य में घटित घटना से कोई लेना–देना नहीं है । भारत पुत्र गोपी ग्राम बांसखेड़ी थाना व तहसील नौगांवा सादात, जिला अमरोहा।

**वैधानिक सूचना :**– समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

**अब्बास इण्टर कालेज मुरादाबाद**

**में सहायक लिपिक पद हेतु आवेदन सूचना**

**पद का नाम** – सहायक लिपिक 01 पद (अनारक्षित श्रेणी)

**वेतनमान**–(5200–20200 ग्रेड पे–2000 लेवल–3 पे मैट्रिक्स 21700–69100)

**शैक्षिक अर्हता** – इंटरमीडिएट या समकक्ष तथा डोएक/नीलेट द्वारा प्रदत्त सी.सी.सी. प्रमाण पत्र या किसी मान्यता प्राप्त संस्था से कंप्यूटर साइंस में डिप्लोमा/डिग्री तथा प्रारंभिक अहर्ता परीक्षा (PET) वर्ष 2025 में 50% एवं अधिक परसेंटाइल स्कोर प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी प्रशनत चयन के लिए आवेदन करने हेतु पात्र होंगे तथा कंप्यूटर पर हिंदी टंकण तथा अंग्रेजी टंकण में 30 शब्द प्रति मिनट होना अनिवार्य है ।

**आयु सीमा**–01 जुलाई 2025 को न्यूनतम 18 वर्ष तथा अधिकतम 40 वर्ष आवेदन शुल्क–सामान्य एवं अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के लिए रूपए 750 तथा अ.आ./जनजा./ईडब्लूएस के लिए रू. 500 आवेदन निर्धारित प्रारूप पर दिनांक 24.03.2026 तक प्रबंधक, अब्बास इण्टर कालेज, मुरादाबाद के पद नाम से निर्धारित शुल्क का बैंक ड्राफ्ट (राष्ट्रीयकृत बैंक) संलग्न करते हुए, इसी पते पर स्पीडपोस्ट या रजिस्टर्ड डाक से प्रेषित करें। आवेदन पत्र के साथ शैक्षिक प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित प्रतिलिपि संलग्न करेंगे। आवेदन पत्र जि.वि.नि. मुरादाबाद की ई मेल आई.डी. moradabaddios@gmail.com पर भी प्रेषित करेंगे। संपूर्ण जानकारी के लिए विद्यालय की वेबसाइट http://www.abbasintercollege.com/ पर दिशा निर्देश तथा आवेदन पत्र का प्रारूप है।

**प्रबंधक**
**अब्बास इण्टर कालेज**
**मुरादाबाद**

# त्योहारों पर सुरक्षा के लिए पुलिस ने की पैदल गश्त



शहर में गश्त करती पुलिस। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

● लोगों से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की

**अमृत विचार :** एएसपी अखिलेश कुमार भदोरिया ने अधिकारियों और पुलिसकर्मियों के साथ होली एवं रमजान के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के लिए पैदल गश्त की।

क्षेत्राधिकारी नगर, क्षेत्राधिकारी नौगावां, अमरोहा नगर पुलिस बल एवं रिक्रूट आरक्षियों के साथटीपी नगर, लकड़ा चौराहा, मैन बाजार, केलरा, बड़ा बाजार, गांधी मूर्ति सहित प्रमुख मार्गों, बाजारों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल भ्रमण किया। आमजन से संवाद स्थापित कर त्योहारों को भाईचारे, सौहार्द एवं शांति के साथ मनाने की अपील की गई। ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को सतर्कता, निरंतर निगरानी एवं संवेदनशील स्थलों पर विशेष ध्यान देने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। चेतावनी दी गई किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने या कानून व्यवस्था भंग करने वाले तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# विश्व कल्याण यज्ञ से भाईचारे का दिया संदेश

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** होली पर्व के उपलक्ष्य में आर्य समाज अमरोहा के तत्वावधान में रविवार को 31 कुंडीय विश्व कल्याण यज्ञ में पूरे वातावरण में वैदिक मंत्रोच्चार से आध्यात्मिकता का संचार हुआ।

मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष शशि जैन ने कहा कि होली का त्योहार आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे को मजबूत करने की सीख देता है। सभी नागरिकों से होली को शांति और सद्भाव के साथ मनाने का आह्वान किया। आचार्य संजीव रूप ने कहा कि होली केवल रंगों का पर्व नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि का भी अवसर है। उन्होंने कहा कि इस दिन हमें अपने मन के मैल, द्वेष और दुर्गुणों को यज्ञ की अग्नि में स्वाहा करने का संकल्प लेना चाहिए। संचालन आर्य समाज के मंत्री अभय आर्य ने किया। आर्य समाज अमरोहा के जीर्णोद्धार में योगदान के लिए विनय प्रकाश आर्य को सम्मानित किया गया।



यज्ञ में आहुति डालते आर्य समाज के लोग। ● अमृत विचार

● आर्य समाज के तत्वावधान में 31 कुंडीय यज्ञ का आयोजन

पुरोहित सोमेश शास्त्री, प्रदेश अंतरंग सदस्य ठाकुर पाल सिंह, डॉ. अशोक आर्य, प्रधान धर्मवीर सिंह, मंत्री विनय त्यागी, रोहताश सिंह, हेतराम सागर, नत्थू सिंह, अंकुर अग्रवाल, अंजू आर्या, मधु खुराना, ऊषा आर्या, अंशु अग्रवाल, मधु रस्तोगी, आशा आर्या, डॉ. बीना रुस्तगी सहित सुरेश विरमानी, डॉ. अनिल रायपुरिया, डॉ. जीपी सिंह, रविराज सरन, कमलेश चंद्र अग्रवाल, वीडी अग्रवाल, कुंवर विनीत अग्रवाल, विशाल गोयल, यशवंत सिंह, अश्वनी खुराना आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### महिलाओं ने मनाया बृज होली उत्सव

**चंदौसी, अमृत विचार :** जायंट्स ग्रुप ऑफ वूमेन पावर, वूमेन प्राइड और वूमेन एरा के संयुक्त तत्वावधान में बृज होली उत्सव हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने फूलों और गुलाल से होली खेलकर पारंपरिक उत्सव का आनंद लिया। रंगारंग नृत्य, होली आधारित खेल और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता ने माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। इस अवसर पर विश्व मानव सप्ताह के तहत मानवता, समानता और सामाजिक समरसता का संदेश भी दिया गया। वक्ताओं ने आपसी भाईचारे को मजबूत करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में डॉ. सुधा चौधरी, पदमा भार्गव, क्षमा अग्रवाल सहित अनेक सदस्याएं मौजूद रहीं।

### पड़ोसी के हौज से बेसमेंट में भर रहा गंदा पानी

**संभल, अमृत विचार :** तुर्तीपुरा निवासी आदिल पुत्र मुजाहिद ने थाना नखासा पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके पड़ोसी परवेज ने उसकी दीवार से सटाकर एक हौज बना रखा है, जिससे रोजाना गंदा पानी उसके मकान के बेसमेंट में जमा हो जाता है। आदिल का कहना है कि गंदे पानी के भराव के कारण उसे समस्या का सामना करना पड़ रहा है। मकान की दीवारों में सीलन आ गई है। इससे किसी भी समय मकान को नुकसान या कोई अनहोनी घटना होने की आशंका बनी रहती है। उसने इस समस्या को लेकर शिकायत की तो परवेज और उसके पुत्र झगड़े पर आमादा हो गए। पुलिस का कहना है कि जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### पहले प्रयास में सीए बने उत्सुक वार्ष्णेय

**संभल, अमृत विचार :** हयातनगर निवासी मनोज कुमार वार्ष्णेय (भट्टे वाले) के बेटे उत्सुक वार्ष्णेय ने चार्टर्ड अकाउंटेंट की परीक्षा प्रथम प्रयास में उत्तीर्ण कर क्षेत्र और समाज का नाम रोशन किया है।



मौके • अमृत विचार

इससे पूर्व भी उन्होंने सीए इंटरमीडिएट के दोनों ग्रुप एक ही बार में पहले प्रयास में सफलतापूर्वक पास किए थे। अपनी सफलता का श्रेय ईश्वर, अपने बुजुर्गों और परिवारजनों को दिया। श्री वार्ष्णेय सभा संभल के पदाधिकारियों ने उत्सुक वार्ष्णेय को शुभकामनाएं दीं और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# मां की पेंशन के विवाद में बड़े भाई की हत्या

## छोटे भाई ने अपने दो बेटों के साथ मिलकर बड़े भाई को मारी गोली, काफी समय से हो रहा था विवाद

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार:** मां की पेंशन को लेकर चल रहे विवाद के बीच छोटे भाई ने अपने दो बेटों के साथ मिलकर बड़े भाई की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी पिता-पुत्र मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश तेज कर दी है।



मृतक संजीव।



राजीखेड़ा गांव में जानकारी लेते थाना प्रभारी व सीओ। • अमृत विचार

ऐंचोडा कंबोह थाना क्षेत्र के राजीवखेड़ा गांव निवासी 56 वर्षीय संजीव कुमार के पिता वेद प्रकाश सरकारी अध्यापक थे, जिनका वर्ष 2006 में निधन हो गया था। वेद प्रकाश की पत्नी ओमवती देवी को पारिवारिक पेंशन मिलती है। ब्रजकिशोर मां से पेंशन की रकम मांगता था, लेकिन ओमवती इनकार कर देती थीं। इसी बात को लेकर

**• फरार पिता-पुत्रों को तलाश कर रही पुलिस**

संजीव कुमार की छोटे भाई ब्रजकिशोर से अक्सर कहासुनी हो जाती थी। सोमवार को यह विवाद संजीव के लिए जानलेवा साबित हुआ। परिजनों के अनुसार दोपहर करीब 2:30 बजे संजीव अपने पशुओं को खोलकर घर लाने के लिए गए थे। उसी दौरान वहां ब्रजकिशोर अपने दो बेटों अर्पित और आरव के साथ पहुंच गया। पहले आपसी कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते झगड़े में बदल गई। इसी दौरान ब्रजकिशोर और उसके दोनों बेटों ने तमंचे से संजीव कुमार पर गोली चला दी। गोली लगते ही संजीव कुमार की मौके पर ही मौत हो गई।

दिनदहाड़े हुई हत्या से गांव में अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक आरोपी फरार हो चुके थे। घटना की सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल को घेरकर जांच शुरू की। कुछ ही देर बाद पुलिस क्षेत्राधिकारी कुलदीप कुमार और अपर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह भी गांव पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने मौके से साक्ष्य जुटाने के साथ ही परिजनों और ग्रामीणों से पूछताछ कर बयान दर्ज किए हैं। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। संजीव के परिवार ने ब्रजकिशोर व उसके दो बेटों के अलावा पत्नी पर भी हत्या की वारदात में शामिल होने का आरोप लगाया है।

अपर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह का कहना है कि नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

### एक दिन पहले हुई थी पंचायत

**मनोटा, अमृत विचार :** मृतक संजीव कुमार के छोटे भाई नवीन कुमार ने बताया कि ब्रजकिशोर और उसके परिवार के व्यवहार से परेशान होकर ही वे लोग हसनपुर जाकर रहने लगे थे। उनकी माता ओमवती देवी वर्तमान में उनके साथ रह रही हैं। ब्रजकिशोर और उसकी पत्नी सपना आए दिन उनके परिजनों पर तांत्र विद्या कराने जैसे गंभीर और अपमानजनक आरोप लगाते रहते थे, जिससे पारिवारिक माहौल लगातार बिगड़ता जा रहा था। मां को मिल रही पारिवारिक पेंशन को लेकर ब्रजकिशोर आए दिन विवाद करता था। नवीन कुमार ने बताया कि विवाद सुलझाने के लिए रविवार को उनके रिश्तेदार रणधीर सिंह के गांव पेली में रिश्तेदारों और गांव के लोगों को बुलाकर पंचायत भी की गई थी। ब्रजकिशोर ने पंचायत का निर्णय मानने से साफ इनकार कर दिया और नाराज होकर वहां से चला आया था। नवीन ने तहरीर में ब्रजकिशोर, उसके दोनों बेटे अर्पित और आरव तथा उसकी पत्नी सपना को आरोपी बनाया है।

# पूजा-अर्चना के बाद किया होलिका दहन



संभल के दुर्गा कॉलोनी शिवाजी नगर में जलती होली। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार:** चंद्र ग्रहण के प्रभाव को देखते हुए इस वर्ष होलिका दहन के कार्यक्रम में बदलाव किया गया। ज्योतिषियों की सलाह के अनुसार संभल में सोमवार रात कई स्थानों पर पूजा-अर्चना के बाद विधि-विधान से होलिका दहन किया गया, जबकि कुछ स्थानों पर बुधवार की सुबह होलिका दहन किए जाने की तैयारी की जा रही है।

शहर के दुर्गा कॉलोनी, शिवाजी नगर सहित कई मोहल्लों में सोमवार रात करीब आठ बजे होलिका दहन किया गया। इससे पहले लोगों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। इस वर्ष चंद्र ग्रहण होने के कारण होलिका दहन और रंग खेलने को लेकर लोगों में असमंजस की स्थिति बनी रही। ज्योतिषियों के अनुसार पहले सोमवार शाम होलिका दहन की बात कही गई थी, लेकिन चंद्र ग्रहण के कारण समय में बदलाव किया गया। साथ ही मंगलवार को रंग खेलने से परहेज करने की सलाह दी गई है। इसी कारण कई स्थानों पर लोगों ने रंगोत्सव को बुधवार तक के लिए टाल दिया है। कुछ इलाकों में परंपरा और ज्योतिषीय मान्यताओं को ध्यान में रखते हुए बुधवार सुबह होलिका दहन की तैयारी की जा रही है।

# होलिका पूजन कर की खुशहाली की कामना

संवाददाता, चंदौसी

**अमृत विचार:** श्रद्धालुओं ने होलिका स्थल पर पहुंचकर गन्ना, नारियल, गेहूं की बालियां, उपले और पूजन सामग्री अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन करते हुए परिक्रमा की, वहीं युवाओं और बच्चों में भी उत्साह देखने को मिला। बुजुर्गों ने पर्व के धार्मिक महत्व की जानकारी दी। होलिका पूजन को बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक मानते हुए लोगों ने आपसी प्रेम, एकता और सौहार्द का संदेश दिया।



चंदौसी में होलिका पूजन करती महिलाएं।

### होली दहन में अर्पित करने के लिए लोगों ने खरीदा गन्ना

**चंदौसी, अमृत विचार :** होली पर्व नजदीक आते ही नगर में गन्ने की बिक्री ने रफ्तार पकड़ ली है। सोमवार को फुब्बारा चौक, स्टेशन रोड, गौशाला रोड, डबल फाटक, सीता रोड और पथरा मोड़ सहित कई प्रमुख स्थानों पर गन्ने की अस्थायी दुकानें सजाई गईं, जहां सुबह से ही खरीदारों की भीड़ देखी गई। श्रद्धालुओं ने गन्ना, उपले और अन्य पूजन सामग्री खरीदकर होलिका दहन की तैयारियां शुरू कर दी हैं।



होली पूजन के लिए गन्ने व अन्य सामान खरीदते लोग।

# 1215 होलिका दहन , 64 जुलूस... प्रशासन अलर्ट

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार:** जिले भर में 1215 स्थानों पर होलिका दहन और 64 होली जुलूस शांति से संपन्न कराने के लिए प्रशासन और पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में है।

सोमवार को जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया और पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने पुलिस बल, पीएसी और आरआरएफ के जवानों के साथ होली की तैयारियों का जायजा लिया। संवेदनशील इलाकों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने असामाजिक तत्वों को सख्त संदेश दिया कि माहौल बिगाड़ने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीएम राजेंद्र पैंसिया ने कहा कि कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए 27 क्विक रिस्पांस टीमों का गठन किया गया है, जो किसी भी सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित करेंगी। अब तक एक



पुलिस बल के साथ व्यवस्थाओं का जायजा लेते डीएम व एसपी। • अमृत विचार

**• डीएम और एसपी ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा**

हजार से अधिक लोगों को पाबंद किया जा चुका है। प्रशासन का उद्देश्य है कि किसी भी संभावित विवाद को पहले ही रोका जा सके।

निरीक्षण के दौरान डीएम और एसपी ने बाजारों में लोगों से संवाद किया। उन्होंने रंग, गुलाल और पिचकारी की बिक्री की स्थिति की जानकारी ली और व्यापारियों को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि जिले में त्योहार को लेकर सकारात्मक माहौल है और लोग पूरे उत्साह के साथ होली मनाने की तैयारी कर रहे हैं। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि पुलिस लगातार अलर्ट मोड पर है। शहर से लेकर गांव तक सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई है। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, पैदल गश्त और लगातार निगरानी की जा रही है। किसी भी तरह की सूचना पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

# व्यापारियों ने गुलाल और फूलों से खेली होली



संभल में फूलों की होली खेलते युवा व्यापारी। • अमृत विचार

**संभल,अमृत विचार:** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की ओर से आर्य समाज स्कूल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

युवा संगठन के उपाध्यक्ष हर्ष गुप्ता की ओर से सभी को गिफ्ट पैक भेंट किया गया। हिंदू नववर्ष के कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तय की गई। प्रदेश संगठन मंत्री गौरी शंकर चौधरी, युवा अध्यक्ष हर्षित शर्मा 'हनी', उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल, जसपाल सिंह, कशिश कौशल, शोभित गुप्ता, सुशील कुमार भगत और अरविंद प्रजापति ने भी विचार रखे। अजय अग्रवाल, प्रतीक गुप्ता, अमूल्य भारद्वाज, मयंक गुप्ता, हर्ष गुप्ता, पुष्कल गुप्ता, नीरज ठाकुर, अर्पित अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# भाजपा नेता के घर लाखों की चोरी

कार्यालय संवाददाता,संभल/ रजपुरा

**अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र के छपरा गांव में भारतीय जनता पार्टी के मंडल उपाध्यक्ष के घर से चोर नगदी और जेवरात सहित आठ लाख रुपये से अधिक का सामान चोरी कर ले गए। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है।



छपरा गांव में चोरी के बारे में बताते प्रशांत चौहान व गंभीर सिंह। • अमृत विचार

छपरा गांव निवासी भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्यकारिणी के सदस्य ठाकुर गंभीर सिंह के नाती प्रशांत चौहान भाजपा मंडल उपाध्यक्ष हैं। प्रशांत की माता सरोजबाला भाजपा महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष हैं। इनका परिवार सोमवार रात सो रहा था। चोर दीवार फांदकर घर के अंदर दाखिल हो गए। सबसे पहले चैनल का ताला काटा और कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़कर एक लाख रुपये की नगदी के साथ ही सोने और

**• नगदी और जेवरात सहित आठ लाख रुपये से अधिक का सामान ले गए चोर**

चांदी के जेवरात समेट लिए। कुल मिलाकर बदमाश करीब आठ लाख रुपये से अधिक का सामान चोरी कर ले गए। चोरी के दौरान हल्की खटपट की आवाज सुनकर घर के लोग जाग गए, लेकिन तब तक बदमाश मौके से फरार हो चुके थे। परिजन जब कमरे में पहुंचे तो अलमारी खुली मिली और सारा सामान बिखरा पड़ा था। इसके बाद तत्काल घटना की सूचना धनारी थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के इलाके में तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग सका। मंगलवार सुबह फॉरेंसिक टीम ने फिंगरप्रिंट सहित अन्य अहम साक्ष्य संकलित किए। थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस कई बिंदुओं पर जांच कर रही है।

## न्यूज डायरी

### होली-रमजान पर सौहार्द का संदेश, बांटे उपहार

**संभल, अमृत विचार :** सईद अख्तर इसराइली के नेतृत्व में सपा कार्यकर्ताओं ने होली और रमजान के मद्देनजर लोगों को सौहार्द का संदेश देते हुए उपहार वितरित किए। सईद अख्तर इसराइली ने कहा कि उनका उद्देश्य केवल उपहार वितरण नहीं, बल्कि यह संदेश देना है कि हिंदुस्तान गंगा-जमुनी तहजीब का देश है, जहां सभी धर्मों के लोग मिलजुल कर रहते हैं और एक-दूसरे के त्योहारों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। उन्होंने कहा कि होली पर मुस्लिम भाई साथ दें और ईद पर हिंदू भाई पूरे उत्साह के साथ शामिल हों, यही आपसी एकता और भाईचारा देश और शहर की तरक्की की असली ताकत है।





### रोटरी क्लब चंदौसी अमन ने मनाया होली उत्सव

**चंदौसी, अमृत विचार :** रोटरी क्लब चंदौसी अमन द्वारा आयोजित होली उत्सव-2026 में रंग, संगीत और सेवा भावना का अनूठा समागम देखने को मिला। मुरादाबाद के गायक मलिक साहब की प्रस्तुति और फूलों की होली ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया, वहीं डीजे, हाउजी और लकी ड्रा ने उत्साह बढ़ाया। इस दौरान क्लब के 11 सदस्यों की वैवाहिक वर्षगांठ भी मनाई गई। क्लब ने जरूरतमंदों को मिठाई और गुलाल वितरित कर सामाजिक सरोकार निभाया।



### शिक्षा व होली मिलन समारोह की रूपरेखा तय की गई

**चंदौसी, अमृत विचार :** प्रजापति समाज सेवा समिति संभल की बैठक में समाज के विकास और सहयोग से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा की गई। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की बेटी के विवाह में सहायता, विद्यार्थियों के लिए लाइब्रेरी स्थापना तथा स्थायी कार्यालय व धर्मशाला निर्माण पर सहमति बनी। 14 मार्च को होली मिलन समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान नई जिला कमेटी और तहसील अध्यक्षों की घोषणा भी की जाएगी। बैठक में डॉ. जयराम प्रजापति सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

### रोटरी क्लब संभल मिडटाउन ने मनाई हरित होली

**संभल, अमृत विचार :** रोटरी क्लब संभल मिडटाउन के तत्वावधान में हरित फूल और गुलाल वाली होली का आयोजन किया गया। समारोह का आरंभ क्लब अध्यक्ष डॉ. प्रशांत वार्ष्णेय ने किया। समयबद्धता पुरस्कार नीरज भारद्वाज को दिया गया। कलाकारों ने होली के पारंपरिक गीतों पर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। कपल्स और बच्चों के लिए रोचक खेलों के साथ 'हाउजी' का आयोजन भी हुआ। टिंकू टंडन ने सभी सदस्यों को मजेदार 'होली टाइटल्स' देकर माहौल को और जीवंत बना दिया। क्लब के पुरुष सदस्यों ने अपनी पत्नियों के लिए शरारती और स्नेहपूर्ण शायरी पढ़ीं। 'मूर्खाधिराज' का प्रतिष्ठित खिताब डॉ. प्रशांत वार्ष्णेय जबकि 'होली क्वीन' का खिताब राधिका अग्रवाल को दिया गया। क्लब की फर्स्ट लेडी डॉ. उर्वशी वार्ष्णेय, सचिव सुमित अग्रवाल, प्रभात रस्तोगी, प्रिय रत्न आर्य, गौरव वार्ष्णेय, निखिल शर्मा, आलोक गुप्ता, शिवांश अग्रवाल, मनोज वार्ष्णेय, प्रियांशु वार्ष्णेय, पराग आर्य, हरदीप क्विटी, अमित गुप्ता, विशाल मोंगिया, वेद चहल, प्रवीण वर्मा गुल्लू, पंकज ठाकुर, सचिन अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।




**होलीकोत्सव** | होली पर शांति व्यवस्था को लेकर प्रशासन सख्त, संवेदनशील स्थानों पर पुलिस तैनात

# होली के जुलूस मार्ग की मस्जिदें तिरपाल से ढकीं

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार:** होली का पर्व शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए पुलिस एवं जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। शहर और ग्रामीण इलाकों में भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जा रही है, वहीं असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है, ताकि किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो।

सोमवार को पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई व जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया ने होली को लेकर की गई तैयारियों का जायजा लिया। होली जुलूस मार्ग पर पड़ने वाली मस्जिदों को तिरपाल से ढकने का काम भी कराया जा रहा है। बताया गया कि जुलूस मार्ग में आने वाली आधा दर्जन से अधिक मस्जिदों को एहतियातन



संभल में तिरपाल से ढका गया जामा मस्जिद का सड़क किनारे का हिस्सा।

ढका गया है। इनमें संभल की जामा मस्जिद भी शामिल है, जहां 24 नवंबर 2024 को सर्वे की कार्रवाई के दौरान बवाल हुआ था। जामा मस्जिद का सड़क से सटा पूरा हिस्सा तिरपाल लगाकर सुरक्षित किया गया है, ताकि होली जुलूस के दौरान रंग या गुलाल से कोई आपत्तिजनक स्थिति न बने। अधिकारियों का कहना है कि यह कदम आपसी सहमति और सामाजिक समरसता के तहत शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से उठाया गया है। बताया गया कि कुछ मस्जिदों को मुस्लिम समुदाय के लोगों ने स्वयं ढका है, जबकि कई स्थानों पर लोगों के अनुरोध पर नगर पालिका के सहयोग से तिरपाल लगाए गए हैं। प्रशासन और समुदाय

**• असामाजिक तत्वों पर रखी जा रही कड़ी निगरानी**

के बीच आपसी तालमेल से यह कार्य किया जा रहा है, जिससे किसी भी पक्ष को असुविधा न हो।

पुलिस प्रशासन का कहना है कि संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त फोर्स की तैनाती के साथ पैदल गश्त और ड्रोन कैमरों से भी निगरानी की जा रही है। शरारती तत्वों पर विशेष नजर रखी जा रही है और माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। प्रशासन ने आमजन से भी अपील की है कि होली का पर्व आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाएं, किसी की धार्मिक भावनाओं को ठेस न पहुंचाएं और शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।



होली उत्सव में शामिल महिलाएं।

## धूमधाम से मनाया गया रंगोत्सव

**चंदौसी,अमृत विचार:** आराध्या वूमेन एंड चाइल्ड वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में रंगोत्सव होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। फाग गीतों ने आयोजन को सांस्कृतिक ऊंचाइयों तक पहुंचा दिया। सचिव डॉ. दुर्गा टंडन,कार्यक्रम अध्यक्ष पूनम अरोड़ा, रेखा रस्तोगी, सीमा डूडेजा, प्रियंका सिंह, मीनू आहूजा, कीर्ति मेहरोत्रा, बेबी मखीजा, रानी अरोड़ा, सारिका साहनी, अंजू अरोड़ा, अनाया, अहाना सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



# महायुद्ध



# ईरान-अमेरिका युद्ध
## लंबा खिंचने के आसार



- पूरे क्षेत्र में युद्ध की विभीषिका फैलाने के लिए ईरान पड़ोसी देशों पर कर रहा लगातार हमले
- अमेरिका-इजराइल सत्ता परिवर्तन के लिए आक्रमण की धार और तेज करने की तैयारी में



अगर जरूरत पड़ी तो अमेरिकी सेना ईरान पर चार से पांच हफ्ते तक हमला जारी रख सकती है। उन्होंने कहा कि ईरान में सत्ता बदलने के लिए जिस तरह हमने वेनेजुएला में निकोलस मादुरो को हटाया है, उसी तरह की जरूरत यहां भी पड़ सकती है, ताकि देश के अधिकांश हिस्से को ज्यादा प्रभावित ना किया जाए। यह मुश्किल नहीं होगा। हमारे पास दुनिया भर के अलग-अलग देशों में गोला-बारूद रखा हुआ है।

-डोनाल्ड ट्रंप, द न्यूयॉर्क टाइम्स के साथ संक्षिप्त टेलीफोन इंटरव्यू

इजराइल के हेब्रान में ईरान की ओर से दागी गई मिसाइल के आसमान से नीचे गिरने का दृश्य।

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार।** इजराइल-अमेरिका और ईरान के बीच जारी युद्ध छोटा और निर्णायक होने की उम्मीद के विपरीत लंबा खिंच सकता है। ईरान जिस तरह पश्चिमी देशों के अनुमान से कहीं अधिक मजबूती से मुकाबला कर रहा है, उससे यह जोखिम लगातार बढ़ता जा रहा है। ईरान ने स्पष्ट किया है कि वह लंबे समय तक चलने वाले युद्ध के लिए तैयार है। ईरानी सेना का दावा है कि उनकी मिसाइल क्षमताएं अभी भी काफी हद तक सुरक्षित हैं, और ड्रोन अगले कई दिनों तक हमलों के लिए तैयार हैं। उधर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप साफ कह रहे हैं कि ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान तब तक जारी रहेगा, जब तक सभी लक्ष्य प्राप्त नहीं हो जाते। इस बीच अमेरिकी रक्षा अधिकारियों के अनुसार, मध्य पूर्व में और अधिक सैनिक भेजे जा रहे हैं।

ईरान हमले के बाद लगातार युद्ध को अपने तक सीमित न रखकर पूरे क्षेत्र में फैलाने की कोशिश कर रहा है। वह अपनी लंबी रेंज की मिसाइलों से मध्य पूर्व देशों में स्थित सभी अमेरिकी बेस पर हमला कर रहा है। बहरीन, कतर, संयुक्त अरब अमीरात में अमेरिकी सैन्य ठिकानों और संपत्तियों पर उसके हमले जारी हैं, इससे पूरे क्षेत्र में अस्थिरता फैल गई है। ईरान चाहता है कि ये देश अमेरिका और इजरायल को कार्रवाई करने से रोकें। दुनिया पर ईंधन संकट का दबाव डालने के लिए उसने सऊदी अरब, कुवैत और कतर में तेल और गैस उत्पादन ढांचे को भी निशाना बनाया है।

भारत की पश्चिमी कमान के पूर्व फ्लैग-ऑफिसर-कमांडिंग वाइस एडमिरल शेखर सिन्हा (सेवानिवृत्त) के मुताबिक ईरान के पास मिसाइलों और ड्रोन का विशाल भंडार हैं। ऐसे संकेत हैं कि रूस और चीन ने अपनी आपूर्ति लाइनें खोल दी हैं। रक्षा अध्ययन एवं विश्लेषण संस्थान के पूर्व उप महानिदेशक मेजर जनरल आलोक देब का कहना है कि जल्दी सत्ता परिवर्तन मुश्किल है, क्योंकि ईरान के पास सैन्य और नागरिक नेतृत्व का एक बड़ा समूह है, जिसे नौकरशाही का भी समर्थन प्राप्त है। विशेषज्ञों के अनुसार सबसे बड़ा खतरा 'बदले की भावना' में छिपा है। यदि ईरान को लगता है कि अमेरिकी हमले उसके अस्तित्व के लिए खतरा हैं, तो वह एक व्यापक युद्ध की ओर बढ़ सकता है।



इजराइल के बेटशियान शहर में ईरानी मिसाइल हमले में ध्वस्त हुई इमारत।

### जश्न अभी विद्रोह का इशारा नहीं

- ईरान, अमेरिका समर्थित अरब देशों पर हमले इस उम्मीद में कर रहा है कि वे ट्रंप पर युद्धविराम समझौते के लिए दबाव डालेंगे, जबकि ट्रंप और नेतन्याहू को ईरान के कुछ हिस्सों में खामेनेई की मौत के बाद हुए जश्न से आशा है कि जनवरी की तरह ईरानी जनता विद्रोह करके धार्मिक शासन का अंत कर देगी। लेकिन अभी डेढ़ माह पहले जैसे हालात ईरान में अभी नहीं नजर आ रहे हैं।

### अमेरिका को और नुकसान की आशंका रखनी चाहिए

- अमेरिका के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष जनरल डैनियल केन ने कहा है कि ईरान के खिलाफ अमेरिकी लड़ाई 'एक रात के अभियान' तक सीमित नहीं रहेगी। अमेरिका को अपने और अधिक सैनिकों के हताहत होने की आशंका रखनी चाहिए, जो सैन्य लक्ष्य सौंपे गये हैं, उन्हें हासिल करने में समय लगेगा। कुछ मामलों में, यह काम कठिन और चुनौतीपूर्ण होगा।

### ईरान में 550 से ज्यादा लोगों की मौत

- **तेहरान।** इजराइल तथा अमेरिका के ईरान पर संयुक्त हमले में अब तक ईरान में 555 से ज्यादा लोगों की मौत हो गयी है। इजराइल ने ईरान के साथ साथ लेबनान को भी निशाना बनाया और दावा किया कि उसने वहां सक्रिय आतंकी संगठन हिजबुल्लाह के खुफिया प्रमुख हुसैन माकलेद को मार डाला है। इससे पहले लेबनान ने कहा कि दक्षिणी इलाकों और राजधानी बेरूत पर इजराइली हवाई हमलों में 31 लोग मारे गए और डेढ़ सौ से अधिक घायल हो गए।

## पिछले साल 12 दिन चली जंग, अब तक 6 बार संघर्ष

स्पेशल डेस्क

**अमृत विचार।** अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच छोटे संघर्ष कई बार हो चुके हैं। अब तक छह बार हो चुकी लड़ाई मिसाइलों, ड्रोनों और हवाई हमलों से ही लड़ी गई है। सबसे बड़ी जंग जून 2025 में 12 दिन चली थी। 1988 में एक दिन के लिए अमेरिका और ईरान के बीच छोटी लेकिन तेज जंग हुई थी, जिसमें अमेरिका ने जीत हासिल की थी। इस जंग में अमेरिका के 2 जबकि ईरान के 56 सैनिक मारे गए थे। ईरान की नौसेना लगभग तबाह हो गई थी। जनवरी 2020 में अमेरिका ने ईरान के बड़े कमांडर कासिम सुलेमानी को मार दिया था। ईरान ने बदला लेने के लिए इराक में अमेरिकी बेस पर मिसाइलें दागी थीं। इस जंग में कोई सैनिक नहीं मरा लेकिन 110 से ज्यादा अमेरिकी सैनिकों को दिमागी चोट पहुंची थी। अप्रैल 2024 में ईरान ने इजराइल पर 300 से ज्यादा ड्रोन और मिसाइलें दागी थीं। लेकिन इजराइल ने 99 प्रतिशत हमले रोक लिए। जंग 2 दिन चली, नुकसान बहुत कम हुआ। इसके बाद अक्टूबर 2024 में ईरान ने 180 मिसाइलें दागीं। इजराइल ने ईरान पर हमला किया। दोनों संघर्ष में इजरायल की जीत हुई। जून 2025 में इजराइल और अमेरिका के साथ ईरान की सबसे बड़ी जंग हुई, जो 12 दिन, 13 जून से 24 जून तक चली। इजराइल और अमेरिका ने मिलकर ईरान के परमाणु कार्यक्रम को निशाना बनाया और लगभग ध्वस्त कर दिया। इस जंग में ईरान के एक हजार से ज्यादा लोग मारे गए, जिनमें 400 से नागरिक थे। इजराइल में भी 28 लोग मारे गए। ईरान के कई परमाणु प्लांट, मिसाइल फैक्ट्री और एयर डिफेंस तबाह हो गया। इसी दौरान अमेरिका ने 2 जून को ईरान के तीन परमाणु प्लांट पर हमला किया था।

## ईरान पर हमले को लेकर अमेरिकी संसद में होगी चर्चा

वाशिंगटन, एजेंसी

ईरान पर अमेरिका की बमबारी के बाद अमेरिकी संसद युद्ध शुरू करने की राष्ट्रपति की शक्तियों पर चर्चा कर सकती है। संसद के दोनों सदनों प्रतिनिधि सभा और सीनेट ने इस सप्ताह युद्ध से जुड़ी शक्तियों को लेकर प्रस्ताव तैयार किए हैं, जिनपर बहस के बाद मतदान होना है। इन हमलों में अमेरिकी करदाताओं का बेहिसाब पैसा खर्च हो रहा है। 11 सितंबर 2001 के हमलों के बाद साल 2003 में इराक युद्ध से पहले अमेरिकी संसद में लंबी बहस हुई थीं, लेकिन इस बार ऐसा नहीं हुआ। इसके अलावा हाल ही में वेनेजुएला में अमेरिका ने सीमित सैन्य हमले किए थे। लेकिन ईरान के खिलाफ 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' नाम से शुरू किए गए इस अभियान का निकट भविष्य में अंत होता प्रतीत नहीं हो रहा है। ईरान के जवाबी हमलों में अमेरिका के कम से कम तीन सैन्य कर्मियों की मौत हो चुकी है। ट्रंप ने रविवार को आगाह किया था कि जान गंवाने वाले अमेरिकियों की संख्या बढ़ सकती है। यह समय संसद के लिए महत्वपूर्ण है। अमेरिकी संविधान के तहत केवल संसद के पास युद्ध की घोषणा करने का अधिकार होता है। निगरानी संगठन 'प्रोजेक्ट ऑन गवर्नमेंट ओवरसाइट' में द कंस्टीट्यूशन प्रोजेक्ट के कार्यकारी निदेशक डेविड जानोव्स्की ने कहा, "संविधान का उद्देश्य किसी एक सरकारी संस्था या व्यक्ति को सर्वशक्तिशाली होने से रोकना है।" उन्होंने कहा, "वास्तविक जन प्रतिनिधि संसद सदस्य होते हैं, राष्ट्रपति नहीं। हालांकि, हम आम तौर पर राष्ट्रपति पर ही सबका ध्यान रहता है। हमें ऐसे जन प्रतिनिधियों की जरूरत है, जो यह तय करें कि युद्ध में शामिल होना है या नहीं।" अमेरिका में युद्ध की घोषणा, युद्ध की मंजूरी या सैन्य बल के उपयोग के लिए संसद की मंजूरी जरूरी होती है। लेकिन ऐसा कभी कभार ही होता है। वास्तव में, संसद ने देश के इतिहास में केवल पांच बार युद्ध की घोषणा की है। आखिरी बार संसद ने 1941 में पर्ल हार्बर हमले के एक दिन बाद दूसरे विश्व युद्ध में दाखिल होने की घोषणा की थी।

### विश्वसनीय बदलाव ही समाधान : ईयू अध्यक्ष

- **ब्रुसेल्स।** यूरोपीय यूनियन (ईयू) की अध्यक्ष उर्सूला वान डेर लेयेन ने कहा है कि पश्चिम एशिया की स्थिति अब भी अस्थिर बनी हुई है, लेकिन ईरान के लंबे समय से पीड़ित लोगों के लिए एक नयी उम्मीद जगी है। हम अपने भविष्य का निर्धारण करने के उनके अधिकार का पुरजोर समर्थन करते हैं। ईरान को अपने पड़ोसियों और संप्रभु देशों पर किये जा रहे अपने लापरवाह और अंधाधुंध हमलों को बंद करना चाहिए। इस क्षेत्र की स्थिरता का एकमात्र स्थायी समाधान ईरान में एक विश्वसनीय बदलाव है, जिसमें परमाणु और बैलिस्टिक कार्यक्रमों पर रोक के साथ क्षेत्र में अस्थिरता पैदा करने वाली गतिविधियों का अंत शामिल है।

### फ्रांस परमाणु हथियारों की संख्या बढ़ाएगा

- **पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने सोमवार को घोषणा की कि फ्रांस अपने परमाणु हथियारों की संख्या में वृद्धि करेगा। मैक्रों ने उत्तर-पश्चिमी फ्रांस के ले लोंग स्थित सैन्य प्रतिष्ठान में कहा, ''मैंने अपने शस्त्रागार में युद्धक हथियारों की संख्या बढ़ाने का फैसला किया है। फ्रांस परमाणु हथियारों से लैस अपने विमानों को सहयोगी देशों में अस्थायी रूप से तैनात करने की अनुमति देगा।

### फ्रैंडली फायर में गिरे तीन एफ-15

- कुवैत में क्रैश हुए तीन अमेरिकी लड़ाकू विमानों पर अमेरिकी सेना ने अपडेट जारी किया है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट में सेंट्रल कमान ने लिखा है कि उनके तीन एफ-15 विमान कुवैत की फ्रैंडली फायर में गिरे हैं। इस बारे में अमेरिकी सेना ने एक बयान में कहा कि "अमेरिकी वायुसेना के लड़ाकू विमानों को कुवैती एयर डिफेंस ने गलती से मार गिराया है।" बयान में आगे कहा गया कि सभी पायलट सुरक्षित हैं। कुवैत ने इस घटना की पुष्टि की है और हम कुवैत के एयर डिफेंस फोर्सेस के प्रयासों और जारी अभियान में उनके समर्थन के आभारी हैं।

### परमाणु ठिकाने पर हमला नहीं

- जिनेवा। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने कहा है कि अब तक ईरान के किसी भी परमाणु ठिकाने पर हमला नहीं हुआ है, लेकिन 'रेडियोधर्मिता रिसाव' की संभावना को टाला नहीं जा सकता। आईएईए के महानिदेशक राफेल ग्रोसी ने कहा कि आईएईए स्थिति की निगरानी जारी रखेगा।

## मस्कट में तेल टैंकर पर हमला, भारतीय की मौत

दुबई, एजेंसी

ओमान में मस्कट प्रांत के तट पर सोमवार को विस्फोटकों से भरी एक मानवरहित नौका के तेल टैंकर से टकराने से एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई। ओमान के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ''समुद्री सुरक्षा केंद्र ने बताया कि मस्कट प्रांत के तट से 52 समुद्री मील दूर तेल टैंकर एमकेडी वीवाईओएम पर एक मानवरहित नाव द्वारा हमला किया गया था।'' उसने कहा कि हमले के परिणामस्वरूप इंजन रूम में विस्फोट के बाद आग लग गयी एवं चालक दल के एक सदस्य की मौत हो गई। उसने कहा कि चालक दल के शेष 21 सदस्यों को सुरक्षित निकाला गया। मंत्रालय ने मृतक की राष्ट्रीयता का खुलासा नहीं किया, लेकिन स्थानीय मीडिया ने बताया कि वह टैंकर के चालक दल का एक भारतीय सदस्य था। 'ओमान ऑब्जर्वर' ने बताया,''हमले के कारण मुख्य इंजन कक्ष में आग और विस्फोट हुआ, जिससे चालक दल के एक भारतीय सदस्य की मौत हो गई।'' उसने यह भी बताया कि बचाए गए चालक दल में 16 भारतीय नागरिक, चार बांग्लादेशी नागरिक और एक यूक्रेनी नागरिक शामिल थे। एक दिन पहले, होर्मुज जलडमरूमध्य में एक अन्य तेल टैंकर पर हमला हुआ था। एमवी स्काईलाइट नामक इस टैंकर पर हमले में चालक दल के चार सदस्य घायल हो गए।

### दुबई से भारत के लिए सीमित उड़ानें शुरू

दुबई। दुबई हवाई अड्डे ने सोमवार शाम सीमित संख्या में उड़ानों का परिचालन शुरू करने की घोषणा की है जिसमें कई भारतीय शहरों की उड़ानें भी शामिल हैं। ये उड़ानें दुबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा और दुबई वर्ल्ड सेंट्रल-अल मक्तूम इंटरनेशनल से शुरू होंगी। दुबई हवाई अड्डे को ईरानी मिसाइल हमले के बाद बंद कर दिया गया था। दुबई हवाई अड्डे की वेबसाइट के अनुसार, पहली उड़ान ईके 500 मुंबई के लिए भारतीय समय के अनुसार रात 9 .30 बजे रवाना होगी। चेन्नई की उड़ान रात नौ बजे रवाना होगी।

न्यू वर्ल्ड आर्डर

ट्रंप की परमाणु हथियारों का प्रसार रोकने के लिए कूटनीति के बजाय धमकी, सैन्य दबाव और रिजीम चेंज की रणनीति

## शांति का फरिश्ता बनने की चाहत और जंग का रास्ता

स्पेशल डेस्क

**अमृत विचार।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दूसरी बार सत्ता में यह कहकर लौटे थे कि वह लंबे समय से चलते आ रहे युद्धों को समाप्त करेंगे। अपने इस वादे के पीछे उन्होंने अमेरिकी जनता को अफगानिस्तान और इराक में लड़े गए युद्धों की याद दिलाई थी, लेकिन एक साल में ही उन्होंने सीरिया, वेनेजुएला और ईरान सहित कई देशों में खुलेआम सैन्य अभियान शुरू कर दिए। ट्रंप एक तरफ तो दुनिया के सामने खुद को शांति का सबसे बड़ा फरिश्ता पेश कर रहे हैं। वह दावा करते हैं कि उन्होंने आठ युद्ध समाप्त कराए हैं, इसके बावजूद उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिला। अपने शांति अभियान के लिए ही वह एक ओर जहां 'बोर्ड ऑफ पीस' बना रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ ग्रीनलैंड पर कब्जा करने, पनामा नहर वापस लेने, क्यूबा को दबाने और वेनेजुएला की ही तरह कोलंबिया के राष्ट्रपति को खुली धमकी भी देने से नहीं चूक रहे हैं।



सेंट्रल गाजा पट्टी में ईरान द्वारा किया गया मिसाइल हमला।

ट्रंप ने 2016 में जब पहली बार राष्ट्रपति का चुनाव लड़ा था, तो उन्होंने अमेरिका में पिछली सरकारों की सैन्य कार्रवाइयों का विरोध करते हुए कहा था कि दूसरे देशों में सरकार बदलना पूरी तरह से एक विफल नीति है और भरोसा दिलाया था कि वे विदेशी सरकारों को गिराने की होड़ रोकेंगे। कुछ इसी तरह का दावा उन्होंने दोबारा राष्ट्रपति का चुनाव लड़ते समय भी किया था कि उनके पहले कार्यकाल में कोई नया युद्ध शुरू नहीं हुआ, और इसी के दम पर वह चुनाव जीते थे।

लेकिन अब देखा जा रहा है कि ट्रंप की 'युद्ध और शांति' से जुड़ी नीति उनके 'पीस थ्रू स्ट्रेंथ' यानी शक्ति के माध्यम से शांति के सिद्धांत पर आधारित है। इसी के चलते अब वह तर्क दे रहे हैं कि अमेरिका की अत्यधिक सैन्य शक्ति ही दुनिया में शांति बनाए रखने का एकमात्र तरीका है। ट्रंप की रणनीति राष्ट्र निर्माण के बजाय विशिष्ट लक्ष्यों पर सटीक और बड़े प्रहार करने की है। इसी मिशन के तहत उन्होंने

2026 में एक ट्रिलियन डॉलर का रक्षा बजट प्रस्तावित किया है, ताकि अमेरिकी सेना की मारक क्षमता और तैयारी को अभेद्य और अविजित बनाया जा सके। वह परमाणु हथियारों का प्रसार रोकने के लिए कूटनीति के बजाय सीधे धमकी और सैन्य दबाव बनाने के साथ शासन परिवर्तन (रिजीम चेंज) जैसी संभावनाओं को आगे बढ़ा रहे हैं। ईरान पर हमले को इसी परिप्रेक्ष्य में देखा जा रहा है। अपनी तमाम कोशिशों के बाद उन्होंने काफी सोच-समझकर यह दांव चला है, और उन्हें उम्मीद है कि इसके माध्यम से वह मध्य पूर्व को नया स्वरूप देने में कामयाब हो सकेंगे। यह एक ऐसा मंसूबा है, जिसे बीते तमाम दशकों में कई अमेरिकी राष्ट्रपति चाहकर भी करने में सफल नहीं रहे हैं।

ऐसे में अगर अमेरिका केवल हवाई ताकत का इस्तेमाल करके ट्रंप ईरान के परमाणु कार्यक्रम को पूरी तरह नष्ट करने और वहां सत्ता परिवर्तन कराने में सफल हो जाते हैं, तो यह उनकी बड़ी ऐतिहासिक जीत में शुमार हो जाएगा। इसके बाद वह दावा कर सकेंगे कि जिस काम को पीढ़ियों से कोई हासिल नहीं कर पाया, वह उन्होंने कर दिखाया है। अपने इस लक्ष्य के लिए उनके इरादा कितना मजबूत है, इसे इसी बात से समझा जा सकता है, जब वह समाचार संस्थान एक्सियोस को बताते हैं कि 'मैं लंबे समय तक खेल सकता हूं और पूरे मामले को अपने हाथ में ले सकता हूं, या फिर मैं इसे दो या तीन दिनों में समाप्त भी कर सकता हूं।' इसी के बाद वह ट्रूथ सोशल पर लिखते हैं कि ' ईरान पर भारी और सटीक बमबारी... पूरे सप्ताह या जब तक आवश्यक हो, बिना किसी रुकावट के जारी रहेगी।'

इन बातों से ट्रंप का विदेश नीति के प्रति मनमाना रवैया सामने आता है, जिसमें उन्होंने हमला करने से पहले न तो अमेरिकी कांग्रेस को कोई जानकारी दी और न ही अमेरिकी जनता को कुछ बताया। ईरान के साथ युद्ध शुरू करना अमेरिकी जनता के हित में क्यों है, इस बारे में ट्रंप ने पहले से कोई ठोस तर्क भी नहीं दिए। सिर्फ इसी बात पर जोर दिया कि अगर ईरान परमाणु बम बना लेता है तो अमेरिका और उसके सहयोगी देशों को कितना बड़ा खतरा होगा। उन्होंने दावा किया कि ईरान जल्दी ही एक ऐसी मिसाइल हासिल बना लेगा जो अमेरिकी धरती तक पहुंच सकती है।

अमृत विचार
मंगलवार, 3 मार्च 2026





सच्ची बुद्धिमत्ता क्षणिक सुखों की खोज करने के बजाय अनावश्यक पीड़ा से मुक्त जीवन जीने में निहित है।
-अरस्तु, दार्शनिक

# खामेनेई के बाद युद्ध

खामेनेई मारे गए, उनके के साथ ही देश के रक्षा मंत्री, सेना प्रमुख और कई सैन्य कमांडर समेत शासन से संबंधी कुछ महत्वपूर्ण लोग भी खेत रहे। खामेनेई ईरान के सर्वोच्च नेता होने के नाते शासन व्यवस्था के केंद्र और सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ थे। किसी युद्धरत देश के लिए हमले के पहले ही दिन इतनी बड़ी क्षति उसे घुटने पर ला देने के लिए बहुत है। सामान्य धारणा यह कि इससे ईरान कमजोर पड़ेगा और युद्ध जल्द ही खत्म हो जाएगा, पर फिलहाल ऐसा नहीं दिख रहा। बेशक, ईरान के नेता असमंजस में होंगे कि इस युद्ध को कैसे झेला जाए, इसके व्यापक विनाश से कैसे बचा जाए, लेकिन उनके बयान और दूसरे तथ्य इस ओर इशारा करते हैं कि युद्ध शीघ्र समाप्त नहीं होगा। संभव है कि यह कुछ हफ्ते या महीनों लंबा खिंचे।

ऐसे में यह बहुत से देशों को सीधे और कई को परोक्षतः बुरी तरह प्रभावित करेगा। सच तो यह है कि ईरान का इस्लामी शासन एक व्यक्ति पर निर्भर व्यवस्था नहीं है। सर्वोच्च नेता खामेनेई के मारे जाने के बाद उनकी जगह जो भी दूसरा धार्मिक नेता आयेगा उसके लिए राष्ट्रवाद के नाम पर जनसमर्थन हेतु युद्ध जारी रखना जरूरी होगा और इसके नाम पर उसे इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कोर का समर्थन भी मिलता रहेगा, जो पारंपरिक सेना के साथ-साथ काम करते हुए देश के भीतर और बाहर से आने वाले खतरों से शासन की रक्षा करने का विशेष दायित्व संभालती है।

ट्रंप और नेतन्याहू की राष्ट्रीय राजनीति के लिए भी यह युद्ध आवश्यक है। साल के अंत में नेतन्याहू को आम चुनाव का सामना करना है, उनका मानना है कि युद्ध से उनकी राजनीतिक स्थिति मजबूत होती है, उधर ट्रंप को टैरिफ मसले पर यूरोपीय देशों और कोर्ट द्वारा उनकी भद पिटने के बाद सुर्खरू होने के लिए राष्ट्र सुरक्षा के नाम पर युद्ध एक बेहतर सियासी उपाय है। दोनों की यह दलील बहुत खोखली है कि उनसे कमजोर ईरान उनके लिए खतरा है और यह आक्रमण किसी आशंकित खतरे के खिलाफ उठाया गया है, बल्कि यह एक सोचा-समझकर छेड़ा गया नियोजित युद्ध है। इसराइल और अमेरिका का आकलन है कि ईरान का इस्लामी शासन इस समय कमजोर स्थिति में है। वह गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहा इसलिए उसे ध्वस्त करने के इस सुनहरे अवसर को गंवाया नहीं जाना चाहिए। अब जबकि खामेनेई मारे जा चुके हैं, तब उनके के लिए बेहतर अवसर है कि वह इसी दौर में अपने सभी मंसूबे पूरे कर लें, इसलिए भी वे युद्ध को तब तक खींचेंगे जब तक ईरान पूरी तरह तबाह होकर हथियार न डाल दे। पर सवाल यह भी है कि क्या वे अपनी मंशा में जल्द कामयाब होंगे, क्या उनकी इच्छापूर्ति तमाम दूसरे देशों को संकट में नहीं डाल देगी? क्या शांति की भी कोई सूरत नजर आती है? खामेनेई की मौत के बाद अंतरिम कौंसिल कल परसों तक 88 धर्मगुरु के मत से नया सुप्रीम लीडर चुन ही लेंगे। अब देखना यह होगा कि ईरान का नवनिर्वाचित सुप्रीम लीडर तथा देश के अन्य सियासी गुट इस युद्ध के बारे में क्या रुख अपनाते हैं?

## प्रसंगवश

# दुनिया में वन्यजीवों के अस्तित्व पर बढ़ता संकट

यह कहने में कोई गुरेज नहीं होना चाहिए कि वन्य जीवों के अस्तित्व पर संकट लगातार गहराता जा रहा है। विश्व वन्यजीव कोष (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) की नवीनतम 'लिविंग प्लैनेट' रिपोर्ट (एलपीआर) 2024, जो 2025 तक के रुझानों को समेटती है, यह चिंताजनक तथ्य सामने रखती है कि 1970 से अब तक वैश्विक स्तर पर वन्यजीव आबादी में औसतन 73 प्रतिशत की कमी आ चुकी है। रिपोर्ट के अनुसार लैटिन अमेरिका और कैरिबियन क्षेत्र में जैव विविधता सबसे अधिक प्रभावित हुई है। मीठे पानी के पारिस्थितिक तंत्र में 85 प्रतिशत तक गिरावट दर्ज की गई है। प्रवाल भित्तियों का निरंतर विरंजन, अमेजन वर्षावन और उपध्रुवीय गाइरे का पतन तथा ग्रीनलैंड और पश्चिमी अंटार्कटिका की बर्फ चादरों का पिघलना गंभीर संकेत हैं। रिपोर्ट जलवायु परिवर्तन को इन परिस्थितियों का प्रमुख कारण मानते हुए चेतावनी देती है कि पृथ्वी खतरनाक मोड़ के निकट पहुंच रही है और अगले पांच वर्ष निर्णायक साबित हो सकते हैं।



अरविंद जयतिलक
वरिष्ठ लेखक

यह पहली बार नहीं है जब वन्यजीवों की घटती संख्या को लेकर वैश्विक चिंता व्यक्त की गई हो। गत वर्ष नेशनल ऑटोनॉमस यूनिवर्सिटी ऑफ मैक्सिको और स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने दावा किया कि पृथ्वी छठे व्यापक विनाश काल में प्रवेश कर चुकी है। उनका शोध प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज में प्रकाशित हुआ, जिसमें बताया गया कि पिछले सौ वर्षों में 200 कशेरुकी प्रजातियां विलुप्त हो चुकी हैं, जबकि सामान्य परिस्थितियों में इतनी हानि हजारों वर्षों में होती। अनुमान है कि यदि वर्तमान प्रवृत्ति जारी रही तो आगामी दशकों में 75 प्रतिशत तक प्रजातियां समाप्त हो सकती हैं।

जंगलों की अंधाधुंध कटाई, बढ़ता प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और अवैध शिकार वन्यजीव संकट के प्रमुख कारण हैं। हाथी, गोरिल्ला, गिद्ध और अनेक सरीसृप तेजी से घटे हैं। आर्कटिक लोमड़ी इसका उदाहरण है, जिसकी गर्म फर के कारण व्यापक शिकार किया जाता है। फिनलैंड की संस्था जस्टिस फॉर एनिमल ने चेताया है कि लक्जरी उद्योग के लालच ने इनका अस्तित्व संकट में डाल दिया है। यूरोप के कुछ देशों में इनकी संख्या अत्यंत सीमित रह गई है। ब्रिटेन में रॉयल सोसायटी फॉर द प्रोटेक्शन ऑफ बर्ड्स के सर्वेक्षण के अनुसार हेन हैरियर की संख्या में उल्लेखनीय कमी आई है। इसी प्रकार अफ्रीका में अवैध हाथीदांत व्यापार के कारण प्रतिवर्ष भारी संख्या में हाथियों का शिकार होता है। भारत में भी अवैध शिकार, शहरीकरण, प्रदूषण और कृषि विस्तार के चलते वन्यजीवों की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। जलीय जीव भी इससे अछूते नहीं हैं। औद्योगिक प्रदूषण, फफूंद संक्रमण और अवैध मत्स्य शिकार के कारण सैकड़ों प्रजातियां विलुप्ति के कगार पर हैं। यूरोप के समुद्रों में व्हेल और डॉल्फिन की संख्या घट रही है। दक्षिण-पूर्व एशिया में पशुओं के उपचार में प्रयुक्त हानिकारक दवाओं के कारण गिद्धों की संख्या में भारी गिरावट आई है। भारत में पिछले दशकों में गिद्धों की संख्या में 97 प्रतिशत तक कमी दर्ज की गई, जिससे पारिस्थितिक संतुलन प्रभावित हुआ है।

विश्व में ज्ञात प्रजातियों की संख्या लगभग 18 लाख है, जो वास्तविक जैव-विविधता का एक छोटा हिस्सा मात्र है। भारत में लगभग 75 हजार प्रजातियां पाई जाती हैं। संरक्षण हेतु कानून मौजूद हैं, पर प्रभावी क्रियान्वयन आवश्यक है। जैव विविधता को बचाने के लिए जलवायु परिवर्तन की रोकथाम, प्रदूषण नियंत्रण और वनों के संरक्षण की दिशा में ठोस, सामूहिक और दीर्घकालिक प्रयास अनिवार्य हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# इस्लामिक देशों का कथित भाईचारा आया सामने





विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

यदि 57 देश सचमुच एक मंच पर संगठित होकर बोलें, तो अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में उनका प्रभाव काफी बढ़ सकता है। संयुक्त राष्ट्र जैसे मंचों पर वे एक मजबूत दबाव समूह बन सकते हैं। पर आपसी अविश्वास और क्षेत्रीय प्रतिस्पर्धा के कारण यह संभावना अक्सर साकार नहीं हो पाती।

मुंबई के मोहम्मद अली रोड पर रमजान की रौनक अपने चरम पर थी। मीनारा मस्जिद के आसपास की गलियों में खरीदारों की भीड़ उमड़ रही थी। इसी हलचल के बीच एक होटल में बैठे कुछ मुस्लिम बुद्धिजीवी, पत्रकार और कारोबारी गहरी चिंता के साथ मुस्लिम देशों के संगठन, इस्लामी सहयोग संगठन (ओआईसी) की निष्क्रियता पर चर्चा कर रहे थे। उनका सवाल सीधा था, अमेरिका द्वारा ईरान पर किए गए हमलों के बाद भी ओआईसी की आवाज इतनी धीमी क्यों है?

57 मुस्लिम देशों का प्रतिनिधित्व करने वाला यह संगठन अक्सर फिलिस्तीन जैसे मुद्दों पर मुखर रहता है, प्रस्ताव पारित करता है और कड़े बयान जारी करता है, लेकिन जब मामला ईरान जैसा प्रभावशाली और क्षेत्रीय शक्ति-संतुलन में अहम देश हो, तब उसकी प्रतिक्रिया अपेक्षाकृत नरम क्यों दिखाई देती है? यह प्रश्न केवल भावनात्मक नहीं, बल्कि राजनीतिक और कूटनीतिक जटिलताओं से जुड़ा है। अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कोई नया अध्याय नहीं है। 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद से दोनों देशों के संबंधों में अविश्वास और टकराव बना हुआ है। ईरान के परमाणु कार्यक्रम, उस पर लगाए गए प्रतिबंधों और पश्चिम एशिया में उसकी बढ़ती भूमिका ने इस तनाव को और गहरा किया है। जब भी हालात बिगड़ते हैं, पूरी दुनिया की निगाहें इस क्षेत्र पर टिक जाती हैं। ऐसे समय में उम्मीद की जाती है कि इस्लामिक देश एकजुट होकर शांति, संवाद और न्याय की वकालत करेंगे। पर व्यवहार में तस्वीर अधिक जटिल दिखती है। ओआईसी का गठन मुस्लिम देशों के बीच सहयोग, एकता और साझा हितों की रक्षा के उद्देश्य से हुआ था। सिद्धांततः यदि किसी सदस्य देश पर संकट आए, तो बाकी देश उसका समर्थन करें और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर उसकी आवाज बनें, लेकिन व्यावहारिक राजनीति में यह संगठन अक्सर औपचारिक बयानों तक सीमित रह जाता है। ईरान के मामले में भी कई देशों ने सावधानी भरे वक्तव्य दिए, कुछ ने चुप्पी साध ली और कुछ ने अप्रत्यक्ष रूप से अमेरिकी रुख के प्रति सहमति जताई।

इस विभाजन के पीछे सबसे बड़ी वजह मुस्लिम दुनिया के भीतर मौजूद वैचारिक और रणनीतिक मतभेद हैं। पश्चिम एशिया में ईरान और सऊदी अरब के बीच लंबे समय से प्रभाव की प्रतिस्पर्धा रही है। एक ओर शिया नेतृत्व वाला ईरान है, तो दूसरी ओर सुन्नी बहुल खाड़ी देश। यह प्रतिस्पर्धा केवल धार्मिक पहचान तक सीमित नहीं, बल्कि क्षेत्रीय प्रभुत्व, सुरक्षा और राजनीतिक प्रभाव से भी जुड़ी है। परिणामस्वरूप, किसी भी सामूहिक मंच पर सर्वसम्मति बनाना कठिन हो जाता है। दूसरा महत्वपूर्ण कारण कई मुस्लिम देशों के अमेरिका के साथ गहरे आर्थिक और सुरक्षा संबंध हैं। खाड़ी देशों की सुरक्षा संरचना काफी हद तक अमेरिकी सैन्य सहयोग पर आधारित है। ऊर्जा व्यापार, हथियार सौदे और निवेश संबंध भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे में वे खुलकर अमेरिका की आलोचना करने से बचते हैं।

इसके अलावा, कुछ अरब देशों का मानना है कि क्षेत्रीय तनाव के लिए ईरान की नीतियां भी जिम्मेदार रही हैं। यमन, सीरिया और इराक में उसकी सक्रियता को लेकर कई देशों में असंतोष है। इसलिए वे इस टकराव को केवल "मुस्लिम देश बनाम अमेरिका" के रूप में नहीं देखते, बल्कि इसे व्यापक भू-राजनीतिक संघर्ष के रूप में आंकते हैं। यही सोच ओआईसी के भीतर साझा बयानबाज़ी को सीमित कर देती है। ओआईसी की कार्यप्रणाली भी एक बाधा है। संगठन अक्सर सर्वसम्मति पर आधारित निर्णय प्रक्रिया अपनाता है। जब सदस्य देशों के हित, गठबंधन और प्राथमिकताएं अलग-अलग हों, तब कठोर और स्पष्ट निर्णय लेना कठिन हो जाता है। कई बार तीखे शब्दों वाले प्रस्ताव पारित तो हो जाते हैं, लेकिन उनके अनुपालन या ठोस कूटनीतिक कदमों का अभाव रहता है। इससे संगठन की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लगते हैं।

दूसरी ओर, आम मुस्लिम समाज की अपेक्षाएं अलग हैं। वे चाहते हैं कि इस्लामिक देश अन्याय या बाहरी हस्तक्षेप के खिलाफ एकजुट स्वर में बोलें। सोशल मीडिया पर भी यह भावना दिखाई देती है कि कम से कम कूटनीतिक स्तर पर मजबूत और स्पष्ट रुख अपनाया जाना चाहिए था, लेकिन सरकारें भावनात्मक आवेगों की बजाय रणनीतिक, आर्थिक और सुरक्षा गणनाओं के आधार पर निर्णय लेती हैं। इस स्थिति का व्यापक प्रभाव भी है। यदि 57 देश सचमुच एक मंच पर संगठित होकर बोलें, तो अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में उनका प्रभाव काफी बढ़ सकता है। संयुक्त राष्ट्र जैसे मंचों पर वे एक मजबूत दबाव समूह बन सकते हैं। पर आपसी अविश्वास और क्षेत्रीय प्रतिस्पर्धा के कारण यह संभावना अक्सर साकार नहीं हो पाती।

अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते टकराव न एक बार फिर इस्लामिक दुनिया की आंतरिक सीमाओं को उजागर किया है। ओआईसी के सामने चुनौती यही है कि वह केवल औपचारिक वक्तव्यों तक सीमित न रहे, बल्कि सदस्य देशों के बीच भरोसा, पारदर्शिता और साझा रणनीति विकसित करे। यदि इस्लामिक देश वैश्विक मंच पर प्रभावशाली भूमिका निभाना चाहते हैं, तो उन्हें अपने मतभेद कम कर व्यापक सामूहिक हितों को प्राथमिकता देनी होगी। अन्यथा हर बड़े संकट में उनकी बंटी हुई प्रतिक्रिया निराशा को ही जन्म देती रहेगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## आमने सामने



भाजपा को यह स्वीकार करना चाहिए कि हां, उन्होंने षड्यंत्र किया, उन्होंने छोटापन दिखाया और देश के संस्थानों का गलत इस्तेमाल किया। भाजपा को देश से माफी मांगनी चाहिए कि अब वे आगे ऐसा नहीं करेंगे। भाजपा को फिर से उसी लड़ाई-झगड़े में जाने के बजाय, अब माफी मांगने वाली मुद्रा में जाना चाहिए।
-अरविंद केजरीवाल, पूर्व मुख्यमंत्री, दिल्ली

आप पार्टी को थोड़ी सी भी राजनीतिक जगह मिलती है, वे भाजपा को लेकर देश और इजराइल व अमेरिका तक के मुद्दों के लिए दोषी ठहराते हुए बयानबाजी शुरू कर देते हैं। 11 साल का कार्यकाल शून्य विकास, भ्रष्टाचार, घोटालों व 'शीश महल' से भरा रहा, जबकि भाजपा का एक साल का कार्यकाल विकास से परिपूर्ण रहा है। – वीरेंद्र सचदेवा
भाजपा अध्यक्ष, दिल्ली



# नेपाल चुनावः बालेन को लेकर खौफजदा पुरानी पार्टियां



यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

चुनाव आगामी पांच मार्च को है। मतों की गिनती सात मार्च को है। आठ या नौ मार्च तक नेपाल में नई सरकार का गठन हो जाएगा, बालेन शाह को लेकर पुरानी राजनीतिक दलों की सांसें अटकी हुई हैं।

इस बार के चुनाव में नेपाल को कैसी सरकार नसीब होती है, इसके कयास लगाए जाने लगे है। किसी एक दल की पूर्ण बहुमत की सरकार को लेकर सभी के मन में शंका है। भारत में नेपाल के राजदूत रहे नेपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दीप कुमार उपाध्याय का साफ कहना है कि नेपाल के नसीब में किसी एक दल की स्थाई सरकार न होना दुर्भाग्यपूर्ण है। नेपाल में लोकतंत्र बहाली के बाद से यह स्थिति बनी हुई है और यही कारण है कि नेपाल में लोकतंत्र को मजबूती नहीं मिल पा रही है।

इस सबके बीच विकट परिस्थितियों में हो रहे इस चुनाव में प्रधानमंत्री पद के तीन बड़े चेहरों पर लोगों की निगाह टिकी हुई है। नंबर एक पर राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के बालेन शाह हैं। दूसरे पर नेपाली कांग्रेस के गगन थापा और तीसरे नंबर पर एमाले के केपी शर्मा ओली हैं। चुनाव आगामी पांच मार्च को है। मतों की गिनती सात मार्च को है। आठ या नौ मार्च तक नेपाल में नई सरकार का गठन हो जाएगा, बालेन शाह को लेकर पुरानी राजनीतिक दलों की सांसें अटकी हुई हैं। सवाल उठता है कि यदि किसी को पूर्ण बहुमत नहीं मिला, तो किस पार्टी के नेतृत्व में सरकार बनेगी और इसमें कौन-कौन दल शामिल हो सकते हैं? यदि राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी सत्ता में नहीं आ पाती तो उसकी भूमिका क्या होगी?

जेन जी आंदोलन के बाद अंतरिम सरकार के नेतृत्व में हो रहे इस चुनाव में सुडान गुरूंग के साथ काठमांडू के पूर्व मेयर बालेन शाह भी रवि लामी छाने के साथ आ गए। सुडान गुरूंग जेन जी आंदोलन के नायक के रूप में जाने जाते हैं, वहीं बालेन शाह की पहचान एक रैपर और इंजीनियर की है। उन्होंने निर्दल लड़कर काठमांडू नगर निगम के मेयर पद का चुनाव जीता था। बतौर मेयर उन्होंने अपने कार्यालय में ग्रेटर नेपाल का मानचित्र लगाकर राष्ट्रवादी नेता की छवि धारण करने की कोशिश की थी। जेन जी आंदोलन के बाद जब अंतरिम सरकार के गठन की नौबत आई तो जेन जी का एक धड़ा बालेन को प्रधानमंत्री बनाने के पक्ष में था जो फलीभूत नहीं हो सका। अब जब बालेन शाह राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के प्रधानमंत्री पद के चेहरे के रूप में झापा क्षेत्र संख्या पांच से एमाले अध्यक्ष और पूर्व पीएम केपी शर्मा ओली के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं, तो संभावित प्रधानमंत्री के रूप में उनकी चर्चा लाजिमी है।

नेपाल के इस चुनाव का परिणाम वैश्विक स्तर पर भी खास है, क्योंकि पूर्व की परंपरावादी राजनीतिक दलों की हालत बहुत बेहतर नहीं है। पुरानी पार्टी में एक नेपाली कांग्रेस है, जिसके ठीक-ठाक प्रदर्शन की उम्मीद है, लेकिन यह पार्टी भी अब नए नेतृत्व के अधीन है। भारी अंतर्विरोध के बीच वरिष्ठ नेता गगन थापा को नया अध्यक्ष चुना गया है। गगन थापा अपनी पार्टी की ओर से प्रधानमंत्री पद का चेहरा हैं। नेपाली कांग्रेस के भी अकेले दम पर सत्ता में आने की संभावना नहीं है फिर भी इस पार्टी के नए अध्यक्ष के रुख को लेकर चर्चा होती रहती है। हालांकि उन्होंने साफ कहा है कि नेपाल भारत और चीन के मध्य स्थित है इसलिए इसे दोनों देशों से संतुलन बनाकर ही आगे बढ़ना होगा। गगन थापा के इस कथन को अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर सकारात्मक दृष्टि से देखा गया। भारत और चीन दोनों के लिए गगन थापा का बयान मायने रखता है, लेकिन शेर बहादुर देउबा अथवा कोइराला परिवार के बिना चुनाव मैदान में उतरी नेपाली कांग्रेस का प्रदर्शन इस चुनाव में कैसा होता है, यह देखना जरूरी होगा। 2022 के चुनाव में नेपाली कांग्रेस 89 सीटें जीत कर सबसे बड़े दल के रूप में उभरकर सामने आई थी।

आज जिन परिस्थितियों में यह चुनाव हो रहा है, उसे देख ऐसा नहीं लगता कि नेपाली कांग्रेस 2022 के चुनाव परिणाम को दोहरा पाएगी? और यदि ऐसा हो पाया तो निस्संदेह यह गगन थापा की बड़ी कामयाबी होगी और तब उनकी सरकार की संभावना बढ़ सकती है। नेपाल में मतदान के बहुत कम दिन शेष है। ऐसे में जब सरकार गठन की बात चलती है, तो मध्य नेपाल अर्थात मैदान और पहाड़ के बीच के हिस्से में एमाले की चर्चा भी खूब हो रही है। एमाले अध्यक्ष केपी शर्मा ओली गठबंधन की ही सही चार बार प्रधानमंत्री रह चुके हैं। इस बार राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के उम्मीदवार बालेन शाह से उनका मुकाबला बेहद कड़ा है। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के अंदरूनी सर्वे में यह सीट बालेन शाह जीत रहे हैं, लेकिन इस क्षेत्र के लोगों की मानें तो यह इतना आसान भी नहीं है।

2022 में एमाले को 78 सीटों पर जीत मिली थी। वह दूसरा सबसे बड़ा दल था। इसके बाद प्रचंड के नेतृत्व वाली माओवादी केंद्र था, जिसके 32 सदस्य चुने गए थे। 2022 के प्रतिनिधि सभा में रवि लामी छाने की पार्टी राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी 20 सीटों के साथ तीसरे नंबर की बड़ी पार्टी थी और सरकार में हिस्सेदारी के तौर पर इस पार्टी को एक उप प्रधानमंत्री और गृहमंत्री का पद आया था, इन दोनों पदों पर पार्टी अध्यक्ष रवि लामी छाने स्वयं काबिज थे। जहां तक प्रधानमंत्री पद का सवाल है, तो यह शेर बहादुर देउबा, ओली और प्रचंड के हिस्से में आता रहा। इस बार बेशक राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी की धूम है, लेकिन प्रतिनिधि सभा के 165 और उच्च सदन के 110 यानी 275 सीटों में से बहुमत का आंकड़ा जुटा पाना किसी के लिए भी आसान नहीं जान पड़ता। फिर भी चाहे नेपाली कांग्रेस हो, एमाले हो या माओवादी केंद्र, राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को लेकर खौफजदा तो हैं, इनमें इस बात को लेकर खौफ है कि खुदा न खास्ता राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी सत्ता में आ गई तो उक्त तीनों पार्टियों के ढेर सारे बड़े नेताओं का जेल जाना तय है क्योंकि भ्रष्टाचार के बड़े-बड़े मामले में उनके हाथ सने हुए हैं। बीच चुनाव खबर यह भी है कि इस खौफ से उबरने के लिए नेपाली कांग्रेस, एमाले और माओवादी केंद्र के अंदरखाने कुछ और ही खिचड़ी पक रही है, जिसका प्रकटीकरण चुनाव परिणाम के बाद ही संभव है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## सोशल फोरम

# छोटे फैसले, बड़ा भविष्य

कभी-कभी लगता है समय नदी नहीं, कुम्हार है। हर दिन हमें थोड़ा-थोड़ा घुमाता है, दबाता है, आकार देता है। हम सोचते हैं हम भाग रहे हैं, पर सच यह है कि हम गढ़े जा रहे हैं। फर्क सिर्फ इतना है कि कौन मिट्टी बना रहता है और कौन आकार लेने की हिम्मत करता है। पिछले दिनों में आपने कितनी बार खुद को टाला? और कितनी बार खुद को पकड़ा? यह सवाल किसी और के लिए नहीं है। दुनिया आपकी उपलब्धियों की तालिका देखती है, पर असली कहानी उन क्षणों में लिखी जाती है, जब आपने आसान रास्ता छोड़कर सही रास्ता चुना या कम से कम कोशिश की। जीवन की सबसे बड़ी विडंबना यह है कि हम बड़े अवसरों का इंतजार करते रहते हैं, जबकि असली बदलाव छोटे फैसलों में छिपा होता है।



मनोज अभिज्ञान
अधिवक्ता

कई लोग कहेंगे कि समय तेज भाग रहा है। सच तो यह है कि समय हमेशा अपनी रफ्तार से चलता है। बेचैनी हमारी है। हम तुलना में उलझे रहते हैं। किसी की नौकरी, किसी की गाड़ी, किसी की लोकप्रियता, लेकिन किसी की शांति? वही सबसे बड़ी पूंजी है। अगर कुछ छूटा है, तो उसे बोझ मत बनाइए। उसे बीज बना दीजिए। हर छूटा हुआ काम संकेत है कि उसमें अब भी संभावना बची है, जो खत्म हो गया, वह सिर्फ एक अध्याय था। किताब अभी बाकी है। जिंदगी स्प्रिंट नहीं, लंबी बातचीत है। खुद से, अपने लोगों व विचारों से। अगर कुछ अधूरा रह गया है, तो वह आपकी अक्षमता का प्रमाण नहीं, यात्रा का संकेत है। अधूरापन ही हमें आगे बढ़ने की वजह देता है। पूरी हो चुकी कहानी में उत्साह नहीं बचता, जो करना है, वह धीरे और लगातार करना है। बड़े पेड़ भी एक दिन में नहीं बढ़ते, पर रोज बढ़ते हैं।

समय किसी के लिए रुकता नहीं, वह हर उस व्यक्ति के साथ चलता है, जो चलने का निर्णय लेता है। सवाल यह नहीं कि कितना समय बीत गया। सवाल यह है कि आपने उसमें कितना जीवन जोड़ा। अब अगला कदम आपका है। घड़ी चल रही है, पर कहानी भी चल रही है। कहानी तब तक जिंदा है, जब तक आप उसे आगे लिखने का साहस रखते हैं। कभी-कभी घड़ी उतारकर मेज पर रख देनी चाहिए, ताकि समय का शोर थोड़ा कम हो सके। स्क्रीन की रोशनी से बाहर भी दुनिया है, जो धीरे-धीरे बुलाती रहती है। लोग जो सन्नाटे की भाषा पढ़ लेते हैं, वे जानते हैं कि अनुपस्थिति भी एक तरह की उपस्थिति होती है, जो लोग 'बिटवीन द लाइंस' पढ़ लेते हैं, वे जानते हैं कि कुछ यात्राएं शोर से दूर तय होती हैं। बाकी सब ठीक है।

-फेसबुक वॉल से

## सामयिकी

# ईरान-अमेरिका टकराव और इतिहास की वापसी

मध्य-पूर्व एक बार फिर इतिहास के सबसे खतरनाक मोड़ पर खड़ा है। सदियों पुरानी सभ्यताओं की यह भूमि पिछले सौ वर्षों से राजनीतिक प्रयोगशाला बनी हुई है, लेकिन फरवरी 2026 के अंतिम सप्ताह की घटनाओं ने क्षेत्र को सीधे वैश्विक युद्ध की दहलीज पर ला खड़ा किया है। 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल ने संयुक्त सैन्य अभियान चलाकर ईरान के भीतर कई ठिकानों पर व्यापक हवाई हमले किए। इस अभियान को "ओपरेशन एपिक फ्यूरी" नाम दिया गया। दावा किया गया कि निशाना परमाणु और मिसाइल संरचनाएं थीं, पर इसके राजनीतिक अर्थ कहीं अधिक गहरे हैं।



जयदेव राठी
अधिवक्ता

इन हमलों में ईरान की सैन्य कमान, मिसाइल साइटों और रणनीतिक प्रतिष्ठानों को लक्ष्य बनाया गया। सबसे विस्फोटक खबर यह रही कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हमले में मृत्यु की पुष्टि की गई। यदि यह तथ्य दीर्घकालिक रूप से प्रमाणित रहता है, तो यह केवल एक सैन्य घटना नहीं बल्कि ईरान की सत्ता संरचना में भूकंपीय बदलाव है। इस्लामी गणतांत्रिक व्यवस्था में सर्वोच्च नेता का पद राजनीतिक ही नहीं, धार्मिक-वैधानिक अधिकार का केंद्र है। ऐसे में नेतृत्व का अचानक शून्य पूरे क्षेत्र को अस्थिर कर सकता है। ईरान ने हमलों का तीखा जवाब दिया। इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने मिसाइल और ड्रोन हमले कर खाड़ी क्षेत्र में स्थित अमेरिकी ठिकानों और इजराइली लक्ष्यों को निशाना बनाया। बहरीन, कतर, कुवैत, संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब में हाई-अलर्ट घोषित किया गया। कई देशों ने अस्थायी रूप से अपना एयरस्पेस बंद कर दिया, जिससे अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर व्यापक असर पड़ा। दुबई और अबू धाबी जैसे हवाई अड्डों पर उड़ानें रद्द हुईं। यह संकेत है कि यह संघर्ष दो देशों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरे पश्चिम एशिया को प्रभावित करेगा।

ईरान-अमेरिका टकराव केवल परमाणु कार्यक्रम तक सीमित नहीं है, यह क्षेत्रीय प्रभुत्व की लड़ाई भी है। इजराइल ईरान के परमाणु और मिसाइल कार्यक्रम को अस्तित्वगत खतरे के रूप में देखता है, वहीं ईरान स्वयं को अमेरिकी सैन्य उपस्थिति और इजराइली नीतियों से घिरा मानता है। लेबनान में हिज्बुल्लाह, गाजा में हमास और सीरिया में विभिन्न मिलिशिया समूहों के माध्यम से वर्षों से छाया-युद्ध चलता रहा है, जो अब प्रत्यक्ष सैन्य भिड़ंत में बदलता दिख रहा है। आर्थिक आयाम भी कम महत्वपूर्ण नहीं हैं। खाड़ी क्षेत्र वैश्विक तेल आपूर्ति का केंद्र है। तनाव बढ़ते ही कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आया और शेयर बाजारों में अनिश्चितता का माहौल बना। भारत जैसे ऊर्जा आयात पर निर्भर देश सीधे प्रभावित होंगे। यदि होर्मुज जलडमरूमध्य में नौसैनिक तनाव बढ़ता है, तो वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला पर गंभीर असर पड़ सकता है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में तीखी बहस हुई है। यूरोपीय देशों ने संयम की अपील की है, रूस और चीन ने अमेरिकी कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं, जबकि अमेरिका ने इसे "पूर्व-निवारक सुरक्षा कदम" बताया है। प्रश्न यही है- क्या यह कदम शांति लाएगा या नए युद्ध चक्र की शुरुआत करेगा? 2003 के इराक युद्ध का अनुभव चेतावनी देता है कि त्वरित सैन्य कार्रवाई दीर्घकालिक अस्थिरता में बदल सकती है। फिलहाल सबसे बड़ी चुनौती युद्ध को व्यापक क्षेत्रीय टकराव में बदलने से रोकना है। कूटनीतिक वार्ता और मध्यस्थता ही स्थायी रास्ता प्रतीत होती है। मध्य-पूर्व आज फिर इतिहास की प्रयोगशाला बना है और इस बार इसके परिणाम पूरी दुनिया को प्रभावित कर सकते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह* 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा।)

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 80,238.85 | 24,865.70 |
| गिरावट | 1,048.34 | 312.95 |
| प्रतिशत में | 1.29 | 1.24 |

सोना 173,000 प्रति 10 ग्राम
चांदी 300,000 प्रति किलो

अमृत विचार
मुरादाबाद, मंगलवार, 3 मार्च 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### कॉफी डे एंटरप्राइजेज पर 38 लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली :** बाजार नियामक सेबी ने वित्तीय लेखाजोखा (अकाउंटिंग) और प्रकटीकरण नियमों का उल्लंघन करने के लिए कॉफी डे एंटरप्राइजेज लिमिटेड और उसके अधिकारियों पर कुल 38 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। सेबी के आदेश के अनुसार, कंपनी ने अपने तिमाही और वार्षिक वित्तीय परिणाम तैयार करने में निर्धारित भारतीय लेखा मानकों का पालन नहीं किया। इसके अलावा, कंपनी कानून 2013 के तहत तय मानकों से विचलन के कारणों का खुलासा न करने को भी गंभीरता से लिया गया है। नियामक ने पाया कि कंपनी ने पारदर्शी वित्तीय विवरण पेश करने की अनिवार्य शर्तों की अनदेखी की।

### बुनियादी ढांचे में निवेश बढ़ाने जोर : वित्त मंत्री

**नई दिल्ली :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को 'एशियन अवसंरचना निवेश बैंक' (AIIB) की नवनियुक्त अध्यक्ष जोउ जियायी से मुलाकात की। इस दौरान भारत और AIIB के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने पर विस्तृत चर्चा हुई। वित्त मंत्री ने विशेष रूप से कम आय वाले सदस्य देशों में नवाचार आधारित वित्तीय साधनों के माध्यम से निवेश बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। गौरतलब है कि AIIB में 8.5 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ भारत, चीन के बाद दूसरा सबसे बड़ा शेयरधारक है। वित्त मंत्रालय के अनुसार, यह बैठक भविष्य में भारत की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए वित्तपोषण के नए रास्ते खोलने में सहायक होगी।

### सुनील मित्तल ने बताई उत्तराधिकार योजना

**नई दिल्ली :** भारती एंटरप्राइजेज के अध्यक्ष सुनील भारती मित्तल ने समूह के लिए अपनी उत्तराधिकार योजना साझा की है। इसके तहत भारती एयरटेल की प्रवर्तक कंपनी भारती टेलीकॉम में उनके परिवार की अगली पीढ़ी की हिस्सेदारी बढ़ेगी। निवेशकों के साथ बैठक में मित्तल ने स्पष्ट किया कि उनके बच्चे श्राविन, कविन और ईशा वर्तमान में एयरटेल से बाहर स्वतंत्र रूप से अपना व्यवसाय चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगली पीढ़ी अपनी चुनौतियों और विफलताओं से सीखकर अनुभव प्राप्त कर रही है, ताकि भविष्य में वे शेयरधारक स्तर पर अधिक सक्रिय भूमिका निभा सकें। इस योजना का उद्देश्य पेशेवर प्रबंधन और पारिवारिक स्वामित्व के बीच संतुलन बनाना है।

# कर्मचारी भविष्य निधि जमा पर ब्याज की दर 8.25 प्रतिशत पर बरकरार

## ईपीएफओ के इस फैसले से देश के करीब 7 करोड़ से अधिक अंशधारकों को सीधा लाभ मिलेगा

नई दिल्ली, एजेंसी

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने सोमवार को भविष्य निधि जमा पर 2025-26 के लिए ब्याज दर 8.25 प्रतिशत पर बरकरार रखी। यह लगातार तीसरा वर्ष है जब ब्याज दर को इस स्तर पर रखा गया है। पिछले वर्ष फरवरी में, ईपीएफओ ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 8.25 प्रतिशत ब्याज दर को बरकरार रखा था। ईपीएफओ के इस फैसले से देश के करीब 7 करोड़ से अधिक अंशधारकों को सीधा लाभ मिलेगा। आप अपने पीएफ बैलेंस और ब्याज की स्थिति EPFO Unified Portal पर देख सकते हैं।

ईपीएफओ ने 2024 में ब्याज दर को बढ़ाकर 2023-24 के लिए 8.25 प्रतिशत कर दिया था, जो 2022-23 में 8.15 प्रतिशत थी। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया की अध्यक्षता में सोमवार को केंद्रीय न्यासी बोर्ड (सीबीटी) ने अपनी बैठक में

- ईपीएफओ ने निष्क्रिय खातों के निपटान के लिए नई पहल को मंजूरी दी



- पीएफ बैलेंस और ब्याज की स्थिति EPFO Unified Portal पर देख सकते हैं

2025-26 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) पर 8.25 प्रतिशत का ब्याज देने की सिफारिश की है। ईपीएफओ के निर्णय लेने वाले शीर्ष निकाय सीबीटी की सिफारिश पर वित्त मंत्रालय मंजूरी देगा। सरकार द्वारा ब्याज दर आधिकारिक रूप से अधिसूचित करने के बाद ईपीएफओ अंशधारकों के खातों में ब्याज जमा करेगा। मंत्रालय ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद, ईपीएफओ ने मजबूत वित्तीय अनुशासन बनाए रखा है। इससे ब्याज खाते पर दबाव डाले बिना स्थिर और प्रतिस्पर्धी रिटर्न

- 1,000 रुपये या उससे कम राशि वाले निष्क्रिय खातों में स्वत: दावा निपटान को पायलट प्रोजेक्ट शुरू

### पैसे कैसे वापस मिलेंगे?

जिन लोगों के EPF खाते आधार से जुड़े हुए हैं और बैंक खाते भी लिंक हैं, उनके खाते में पैसे सीधे ट्रांसफर हो जाएंगे। कोई क्लेम फॉर्म भरने या कागजात जमा करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। अगर खाता धारक का निधन हो चुका है, तो रजिस्टर्ड नॉमिनी या कानूनी वारिस को रकम मिलेगी।

सुनिश्चित किया जा रहा है।

सीबीटी ने आयकर विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त उन ट्रस्ट के मामले में संबंधित अनुपालन मुद्दों को हल करने के लिए एकमुश्त माफी योजना को भी मंजूरी दी है, जो अभी तक कर्मचारी भविष्य निधि और विविध प्रावधान अधिनियम, 1952 के अंतर्गत नहीं आते हैं या जिन्हें छूट नहीं दी गई है। इसमें वित्त अधिनियम, 2026 के प्रावधानों को भी ध्यान में रखा गया है। प्रस्तावित योजना का उद्देश्य प्रतिष्ठानों और न्यासों को एक निर्धारित छह महीने की अवधि के भीतर अनुपालन के दायरे में लाना है। निष्क्रिय खातों के निपटान के लिए, बोर्ड ने 1,000 रुपये या उससे कम की राशि वाले निष्क्रिय ईपीएफओ खातों में दावा निपटान की स्वतः शुरुआत के लिए एक पायलट परियोजना को मंजूरी दी। पायलट परियोजना की सफलता के आधार पर, इस सुविधा को बाद के चरणों में 1,000 रुपये से अधिक की राशि वाले खातों तक बढ़ाया जाएगा, जिससे ईपीएफओ में सदस्य-केंद्रित सुधारों को और मजबूती मिलेगी।

बोर्ड ने एक पारदर्शी और समयबद्ध ढांचे को संस्थागत रूप देने के लिए एक व्यापक मानक परिचालन प्रक्रिया (एसओपी) को मंजूरी दी।

### क्या होते हैं निष्क्रिय खाते

ईपीएफ खाता तब निष्क्रिय माना जाता है जब उसमें 36 महीने से ज्यादा समय तक न तो कर्मचारी की तरफ से और न ही कंपनी की तरफ से कोई योगदान आता है। ज्यादातर ऐसे खाते नौकरी बदलने वाले लोगों, रिटायर हो चुके लोगों या जिन्होंने पुराने खाते भूल गए हैं, उनमें होते हैं। कुल मिलाकर देश में 31.86 लाख निष्क्रिय ईपीएफ खाते हैं, जिनमें कुल 10,903 करोड़ रुपये जमा हैं। अभी यह अभियान छोटी रकम वाले खातों से शुरू किया जा रहा है।

### सीधे आपके बैंक अकाउंट में आएगा निष्क्रिय पीएफ खातों का पैसा

नई दिल्ली। देश में सात लाख से ज्यादा ऐसे खाते हैं जहां हर खाते में 1,000 रुपये या उससे कम रकम बची हुई है। इन सबमें कुल 30.52 करोड़ रुपये पड़े हैं, जिन्हें अब सदस्यों या उनके वारिसों को लौटाया जाएगा।

# कच्चा तेल 9% महंगा, पर पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ने के आसार नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी



पश्चिम एशिया में ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमलों के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में करीब 9 प्रतिशत का जोरदार उछाल आया है। इसके बावजूद, भारतीय उपभोक्ताओं के लिए राहत की बात यह है कि देश में पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों में निकट भविष्य में बढ़ोतरी की संभावना नहीं है।

**ब्रेंट क्रूड 80 डॉलर के करीब :** सैन्य संकट गहराने के बाद वैश्विक मानक ब्रेंट क्रूड 80 डॉलर प्रति बैरल के स्तर के करीब पहुंच गया है। वहीं, अमेरिकी कच्चा तेल (WTI) 8.6 प्रतिशत की बढ़त के साथ 72.79 डॉलर पर आ गया है, जो शुक्रवार को करीब 67 डॉलर प्रति बैरल था।

भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरतों का 88 प्रतिशत आयात करता है, ऐसे में वैश्विक कीमतों में वृद्धि से आयात बिल और महंगाई का दबाव बढ़ना तय है।

### क्यों नहीं बढ़ेंगे दाम?

सूत्रों के अनुसार, सरकारी तेल कंपनियां–IOC, BPCL और HPCL–एक सुविचारित नीति के तहत काम कर रही हैं। जब अंतरराष्ट्रीय कीमतें कम होती हैं, तो ये कंपनियां अपना मार्जिन (मुनाफा) बढ़ा लेती हैं, और जब कीमतें बढ़ती हैं, तो उस मुनाफे का उपयोग उपभोक्ताओं को राहत देने और कीमतों को स्थिर रखने में किया जाता है।

**स्थिरता :** देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें अप्रैल 2022 से मोटे तौर पर स्थिर बनी हुई हैं।

**रणनीति :** सरकार की मंशा फिलहाल वैश्विक अस्थिरता का बोझ आम आदमी पर न डालने की है, भले ही तेल कंपनियों को अल्पकालिक घाटा उठाना पड़े।

# फरवरी में रिकॉर्ड 4.25 लाख यात्री वाहन बिक्री

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में घरेलू यात्री वाहनों (पीवी) की थोक बिक्री फरवरी में एक साल पहले के मुकाबले 11.4 प्रतिशत बढ़कर लगभग 4,25,000 वाहन हो गई। एसयूवी यानी स्पोर्ट यूटिलिटी व्हीकल्स की मांग और पिछले साल सितंबर में जीएसटी दरों में बदलाव से वाहनों की बिक्री में तेजी आयी है।

देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजूकी इंडिया लिमिटेड ने लगभग 1,61,000 वाहनों के साथ गाड़ियों की थोक बिक्री में सालाना आधार पर मामूली वृद्धि दर्ज की, क्योंकि उसने ग्राहकों की प्रतीक्षा अवधि को नियंत्रित रखने के लिए मॉडलों के उत्पादन को संतुलित किया। मारुति सुजूकी के वरिष्ठ कार्याधिकारी (विपणन और बिक्री) पार्थो बनर्जी ने एक वीडियो प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि



कंपनी ने मासिक आधार पर अपने उत्पादन मिश्रण को समायोजित किया। दिसंबर में ऑल्टो जैसे मिनी मॉडल, जनवरी में वैगन आर जैसी कॉम्पैक्ट कारों और फरवरी में यूटिलिटी वाहनों के उत्पादन में बदलाव किया, ताकि बैकलॉग बढ़े बिना मांग को पूरा किया जा सके। परिणामस्वरूप, फरवरी के अंत में औसत प्रतीक्षा अवधि लगभग 12 दिन रह गई।

हालांकि रिटेल बिक्री मजबूत बनी रही। मारुति सुजूकी की रिटेल बिक्री सालाना आधार पर करीब 12 फीसदी बढ़कर 1,51,000 वाहन हो गई।

# टीसीएस- विप्रो ने टालीं यात्राएं, नैसकॉम की 'वर्क फ्रॉम होम' की सलाह

**नई दिल्ली:** पश्चिम एशिया में गहराते सैन्य संघर्ष और हवाई क्षेत्र बंद होने के बीच भारतीय आईटी क्षेत्र की दिग्गज कंपनियों टीसीएस और विप्रो ने अपने कर्मचारियों की सुरक्षा के मद्देनजर खाड़ी देशों की सभी यात्राएं स्थगित कर दी हैं। कंपनियों ने प्रभावित क्षेत्रों में मौजूद सहयोगियों के लिए सख्त सुरक्षा परामर्श जारी किए हैं। आईटी उद्योग के संगठन नैसकॉम ने भी सदस्य कंपनियों से आग्रह किया है कि वे युद्ध प्रभावित क्षेत्रों में कार्यरत कर्मचारियों के लिए 'घर से काम' की व्यवस्था लागू करें। देश की सबसे बड़ी आईटी कंपनी टीसीएस ने स्पष्ट किया है कि उसके कर्मचारियों को घर के अंदर रहने और स्थानीय अधिकारियों के निर्देशों का पालन करने की सलाह दी गई है। यह कदम क्षेत्र में बढ़ती अनिश्चितता और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में आ रहे व्यवधानों को देखते हुए उठाया गया है।

# ईरान-इजरायल तनाव से बाजार धड़ाम सेंसेक्स 1048 अंक तक लुढ़का

मुंबई, एजेंसी

पश्चिम एशिया में गहराते भू-राजनैतिक संकट और ईरान-इजरायल के बीच शुरू हुए सीधे सैन्य टकराव ने सोमवार को भारतीय शेयर बाजार में कोहराम मचा दिया। सप्ताह के पहले ही दिन निवेशकों में भारी घबराहट देखी गई, जिससे बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1,048.34 अंक (1.29%) की भारी गिरावट के साथ 80,238.85 के स्तर पर बंद हुआ। यह 2 सितंबर 2025 के बाद का सबसे निचला स्तर है।

**खुलते ही स्वाहा हुए अरबों रुपये :** बाजार की शुरुआत बेहद डरावनी रही। सुबह सेंसेक्स 2,743 अंकों की विशाल गिरावट के साथ 78,543 अंक पर खुला था, जिससे एक ही झटके में निवेशकों के अरबों रुपये डूब गए। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 312.95 अंक (1.24%) फिसलकर 24,865.70 अंक पर आ गया।

### कंपनियों को अब महंगाई और निर्यात का डर

**नई दिल्ली/मुंबई, एजेंसी।** पश्चिम एशिया (मिडल ईस्ट) में गहराते सैन्य संकट ने सोमवार को भारतीय अर्थव्यवस्था और बाजार में हलचल पैदा कर दी। दिग्गज कंपनियों ने लागत बढ़ने और निर्यात प्रभावित होने की आशंका जताई है। बिस्कुट कंपनी पारले प्रोडक्ट्स के उपाध्यक्ष मयंक शाह ने चेतावनी दी कि कच्चा तेल महंगा होने से पैकेजिंग और माल ढुलाई की लागत बढ़ेगी। इसका सीधा असर उपभोक्ताओं की जेब पर पड़ सकता है। देश की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी ने कहा कि वह निर्यात पर पड़ने वाले असर की बारीकी से निगरानी कर रही है।

### गिरावट के प्रमुख कारण:

**युद्ध का संकट :** 28 फरवरी को ईरान पर अमेरिका–इजरायल के हमले और ईरान की जवाबी कार्रवाई ने निवेशकों को सुरक्षित निवेश (जैसे सोना) की ओर भागने पर मजबूर कर दिया। बाजार में अस्थिरता मापने वाला सूचकांक 'इंडिया वीआईएक्स' 25 के पार पहुंच गया, जो बाजार में छाई गहरी अनिश्चितता को दर्शाता है। चौतरफा बिकवाली : मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में 1.5% से 1.75% तक की गिरावट रही।

### किन पर पड़ी सबसे ज्यादा मार?

सबसे ज्यादा नुकसान एविएशन और ऑटो सेक्टर को हुआ। तेल की कीमतें बढ़ने की आशंका में इंडिगो का शेयर 6.25% टूट गया। इसके अलावा एलएंडटी, अडाणी पोर्ट्स, मारुति सुजुकी और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में भी बड़ी गिरावट दर्ज की गई।

### रुपये में भी रिकॉर्ड गिरावट

विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार बिकवाली और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के दबाव में भारतीय रुपया भी डॉलर के मुकाबले 91.52 के सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ।

# भारत-कनाडा में 50 अरब डॉलर के व्यापार का लक्ष्य

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत और कनाडा ने सोमवार को अपने आर्थिक रिश्तों में एक नया अध्याय जोड़ते हुए व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (CEPA) के लिए आधिकारिक तौर पर बातचीत शुरू कर दी। नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की गरिमामयी उपस्थिति में इसके संदर्भ की शर्तों पर हस्ताक्षर किए गए। भारत की ओर से वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और कनाडाई मंत्री मनिंदर सिद्धू ने इस महत्वपूर्ण दस्तावेज पर मुहर लगाई। दोनों देशों ने इस समझौते को जल्द से जल्द अंतिम रूप देने का संकल्प लिया है।

भारत-कनाडा सीईओ मंच को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कनाडाई निवेशकों को भारत की विकास यात्रा में भागीदार बनने का खुला निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा



- पीएम मोदी ने निवेशकों को दिया 'ग्रोथ स्टोरी' का न्योता

कि सुधारों पर ध्यान केंद्रित करने और कारोबार सुगमता ने भारतीय अर्थव्यवस्था को नई मजबूती दी है। मोदी ने बताया कि सरकार ने बजट 2026-27 में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 130 अरब डॉलर का रिकॉर्ड आवंटन किया है, जो वैश्विक निवेशकों के लिए निवेश का एक स्वर्णिम अवसर है। प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि दोनों देश वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 50 अरब डॉलर के महत्वाकांक्षी स्तर तक पहुंचाने पर सहमत हुए हैं। वर्तमान में (जनवरी-अक्टूबर 2025 के दौरान) यह व्यापार लगभग 8 अरब डॉलर रहा है। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि वैश्विक आर्थिक दबावों के इस दौर में भारत और कनाडा की 'पूंजी और क्षमता' मिलकर एक ठोस वैश्विक आर्थिक शक्ति का प्रतिनिधित्व करती हैं।

### भारत और कनाडा के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू

**नई दिल्ली :** भारत और कनाडा ने व्यापारिक रिश्तों को मजबूती देने के लिए व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (CEPA) पर आधिकारिक तौर पर बातचीत शुरू कर दी है। सोमवार को हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कनाडाई प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की मौजूदगी में इस संबंध में दस्तावेज (TOR) साझा किए गए। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और कनाडाई मंत्री मनिंदर सिद्धू ने इस समझौते की रूपरेखा पर हस्ताक्षर किए। आधिकारिक बयान के अनुसार, दोनों देश इस समझौते को जल्द से जल्द अंतिम रूप देने के लिए सहमत हुए हैं, जिससे द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को नई गति मिलने की उम्मीद है।

### क्या होगा लाभ

निर्यात में वृद्धि : भारतीय कपड़ा, रत्न एवं आभूषण, चमड़ा उत्पाद और कृषि उत्पादों को कनाडा के बाजार में शुल्क मुक्त पहुंच मिल सकती है, जिससे निर्यात बढ़ेगा। आईटी और सेवा क्षेत्र : भारत के आईटी पेशेवरों और इंजीनियरों के लिए कनाडा में काम करना और वहां सेवाएं देना आसान होगा। वीजा नियमों में ढील और 'मूवमेंट ऑफ नेचुरल पर्सन्स' (Mode 4) पर समझौते से आईटी सेक्टर को सीधा लाभ होगा।

# आर्थिक वृद्धि को सशक्त बनाने पर मोदी आज करेंगे चर्चा

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार सुबह 11:15 बजे बजट 2026-27 पर आयोजित दूसरे वेबिनार को संबोधित करेंगे। इस वेबिनार का मुख्य विषय "आर्थिक वृद्धि को निरंतर संभालना और सशक्त करना" रखा गया है।

प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, इस कार्यक्रम में चार विशेष सत्र होंगे, जो विनिर्माण, एमएसएमई के लिए कर्ज और बाजार सुविधा, शहरी आर्थिक नियोजन और बुनियादी ढांचा व लॉजिस्टिक्स के विकास पर केंद्रित होंगे। इस चर्चा का मुख्य उद्देश्य बजट प्राथमिकताओं के प्रभावी कार्यान्वयन में उद्योगों और संबंधित पक्षों की भागीदारी सुनिश्चित करना और औद्योगिक उत्पादन के विस्तार के लिए आवश्यक सुधारों पर सुझाव लेना है।

# ग्रीन स्टील के उपयोग से 2030 तक कार्बन उत्सर्जन में हो सकती है भारी कमी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में कार्बन उत्सर्जन को कम करने की दिशा में 'ग्रीन स्टील' एक क्रांतिकारी कदम साबित हो सकता है। कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री और 'क्लाइमेट कैटालिस्ट' की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, यदि सरकारी परियोजनाओं में 26% ग्रीन स्टील का उपयोग अनिवार्य कर दिया जाए, तो साल 2030 तक कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में 20.9 मिलियन टन की कमी लाई जा सकती है।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि यदि इस हिस्सेदारी को बढ़ाकर 37% कर दिया जाए, तो 29.7 मिलियन टन कार्बन उत्सर्जन को रोका जा सकता है। यह उपलब्धि हर साल सड़कों से लगभग 90 लाख कारों को हटाने के बराबर होगी। कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री के कार्यकारी निदेशक के. एस. वेंकटगिरी का मानना है कि 'ग्रीन पब्लिक प्रोक्योरमेंट' यानी सरकारी खरीद, भारतीय इस्पात क्षेत्र को कम कार्बन उत्सर्जन वाले भविष्य की ओर ले जाने का सबसे सशक्त माध्यम है।

### रिपोर्ट की खास बातें

रिपोर्ट के अनुसार यदि इस्पात मंत्रालय 2028 तक 26% ग्रीन स्टील की खरीद अनिवार्य करता है, तो देश की 93% स्टील कंपनियां इसके उत्पादन के लिए पूरी तरह तैयार हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी 2.0), मेट्रो और रेल परियोजनाओं में ग्रीन स्टील के उपयोगसे कुल लागत में मात्र 0.2% से 1.2% तक की मामूली वृद्धि होगी। वर्तमान में देश में सार्वजनिक खरीद के तहत सालाना लगभग 3.16 करोड़ टन स्टील की खपत होती है, जिस पर 45–50 लाख करोड़ रुपये खर्च किए जाते हैं।

### क्या है ग्रीन स्टील

ग्रीन स्टील का आशय जीवाश्म ईंधन के उपयोग के बिना इस्पात के निर्माण से है। इसका उत्पादन कोयला संचालित संयंत्रों के पारंपरिक कार्बन–गहन विनिर्माण मार्ग के बजाय हाइड्रोजन, कोयला गैसीकरण या बिजली जैसे कम कार्बन ऊर्जा स्रोतों का उपयोग करके किया जाता है। इससे ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन कम होता है और लागत में भी कमी आती है। साथ ही इस्पात की क्वालिटी बेहतर होती है। इसके अलावा कम–कार्बन हाइड्रोजन (नीली हाइड्रोजन और ग्रीन हाइड्रोजन) इस्पात उद्योग के कार्बन फुटप्रिंट को कम करने में भी मदद मिल सकती है।

# पश्चिम एशिया संकटः हवाई यात्रा पर ब्रेक, 25 प्रतिशत तक बुकिंग रद्द

नई दिल्ली, एजेंसी

पश्चिम एशिया में ईरान और इजरायल के बीच बढ़ते सैन्य संघर्ष का सीधा असर अब हवाई यात्राओं पर दिखने लगा है।

'इंडियन एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स' ने सोमवार को बताया कि क्षेत्र में जारी भू-राजनीतिक तनाव और हवाई क्षेत्र की अनिश्चितता के कारण पश्चिम एशिया से जुड़े मार्गों पर यात्रा बुकिंग में 20 से 25 प्रतिशत तक की गिरावट और रद्दीकरण देखा जा रहा है।

- भू-राजनीतिक तनाव व हवाई क्षेत्र की 20 से 25 प्रतिशत तक की गिरावट देखी जा रही है




यात्रियों में डर और असमंजस IATO के अध्यक्ष रवि गोसाईं के अनुसार, खाड़ी देशों के पारगमन केंद्रों और उसके आसपास के हवाई गलियारों में व्यवधान के कारण यात्री अपनी यात्रा स्थगित या संशोधित कर रहे हैं। यात्रियों की इस सतर्कता के पीछे हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण उड़ानों का मार्ग बदला जा रहा है, जिससे यात्रा की अवधि बढ़ गई है। इसके अलावा मार्ग परिवर्तन और बीमा शर्तों में बदलाव से हवाई टिकटों की कीमतों पर असर पड़ने की संभावना है।

विभिन्न देशों द्वारा जारी की जा रही 'ट्रैवल एडवाइजरी' के कारण लोग जोखिम लेने से बच रहे हैं।

## विस्तार

### ऊर्जा और व्यापार मार्ग बाधित होने से आपूर्ति एवं कीमतों पर दबाव बढ़ सकता है

# पश्चिम एशिया तनाव से भारत, अन्य एशियाई देशों के लिए जोखिम बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

पश्चिम एशिया में सैन्य संघर्ष तेज होने से भारत और एशिया के अन्य वस्तु आयातक देशों के लिए जोखिम बढ़ गया है।

ऊर्जा और व्यापार मार्ग बाधित होने से आपूर्ति एवं कीमतों पर दबाव बढ़ सकता है। मूडीज एनालिटिक्स ने सोमवार को यह आशंका जताई। ईरान पर अमेरिका एवं इजराइल की साझा सैन्य कार्रवाई और उसके बाद ईरान के जवाब हमलों से कच्चे तेल एवं गैस की आपूर्ति के प्रमुख मार्ग होर्मुज जलडमरुमध्य प्रभावी रूप से बंद हो गया है। यह जलडमरूमध्य वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति का प्रमुख मार्ग है, जहां से दुनिया के समुद्री मार्ग से होने वाले कच्चे तेल निर्यात का लगभग एक-तिहाई और तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की करीब 20 प्रतिशत खेप गुजरती है।

दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक भारत अपनी जरूरत का लगभग आधा कच्चा तेल इसी मार्ग से आयात करता है। मूडीज ने मौजूदा हालात पर अपनी रिपोर्ट में कहा, "होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से लाल सागर और व्यापक पश्चिम एशिया में और बाधाओं का जोखिम




बढ़ गया है। हवाई क्षेत्र बंद होने से यात्री एवं कार्गो उड़ानों पर भी असर पड़ा है।" इस मार्ग के बंद होने से एशिया क्षेत्र सबसे अधिक प्रभावित हो सकता है क्योंकि चीन, भारत, जापान और दक्षिण कोरिया जैसे बड़े देश इस क्षेत्र से तेल-गैस की बड़े पैमाने पर खरीद करते हैं। सोमवार सुबह एशियाई कारोबार में ब्रेंट कच्चा तेल करीब 80 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया, जो शुक्रवार के बंद भाव करीब 72 डॉलर से बहुत अधिक है।

शेयर बाजारों में भी शुरुआती कारोबार में बड़ी गिरावट देखी गई। मूडीज ने आगाह किया कि ऊंची जिंस कीमतें उपभोक्ता एवं उत्पादक मुद्रास्फीति को बढ़ा सकती हैं, जिससे केंद्रीय बैंकों को ब्याज दरों में कटौती रोकनी पड़ सकती है या दरें बढ़ानी पड़ सकती हैं। ऐसा होने पर आयात बिल बढ़ेगा, व्यापार घाटा बढ़ेगा और मुद्रा पर भी दबाव पड़ सकता है। एजेंसी ने कहा कि यह संघर्ष भारत के लिए स्थिति को और जटिल बना देता है। वह पश्चिम एशिया से बड़ी मात्रा में कच्चा तेल आयात करता है और उसने अमेरिका के साथ एक व्यापार समझौते के तहत रूस से तेल खरीद धीरे-धीरे कम करने पर भी सहमति जताई है।

रिपोर्ट कहती है कि खाड़ी क्षेत्र से तेल निर्यात या समुद्री यातायात में लंबी बाधा उभरती अर्थव्यवस्थाओं में कर्ज संबंधी चिंताओं को फिर जगा सकती है। एजेंसी ने कहा कि वह पश्चिम एशिया के हालात पर नजर रखे हुए है और अगले सप्ताह अपने आधारभूत पूर्वानुमान में इसके प्रभाव का आकलन जारी करेगी।

# आज लगेगा पूर्ण चंद्रग्रहण, अबकी चंद्रमा भी खेलेगा लाल रंग से होली

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** मंगलवार को पूर्ण चंद्रग्रहण होगा। इस ब्लडमून के दौरान चंद्रमा लाल रंग से होली खेलेगा। इस घटना का दीदार आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) नैनीताल, मनोरा पीक से कराने जा रहा है। आप एरीज के यूट्यूब चैनल पर शाम 5:30 बजे से इसे लाइव देख सकते हैं।

एरीज के खगोल वैज्ञानिक एवं साइंस सेंटर प्रभारी डॉ. वीरेंद्र यादव के अनुसार, आम जनता के लिए प्रत्यक्ष रूप से ग्रहण देखने की व्यवस्था शाम 6 बजे से की गई है। ग्रहण को नग्न आंखों से या दूरबीन से देखना सुरक्षित होता है। ऐसी दुर्लभ मनमोहक खगोलीय घटनाएं हमारी जिज्ञासा के लिए शानदार अवसर हैं। डॉ. यादव ने बताया कि पूर्ण चंद्र ग्रहण के समय सूर्य का कुछ प्रकाश पृथ्वी के वायुमंडल से होते हुए चंद्रमा पर पड़ता है। हमारा वायुमंडल सूर्यप्रकाश के रंगों में से बैंगनी और नीले रंगों को ज्यादा बिखेरता है और लाल और नारंगी रंगों को कम बिखेरता है अतः सूर्यप्रकाश का लाल रंग लगभग सीधे चंद्रमा पर पड़ता है, जिससे चंद्रमा गहरे लाल रंग का प्रतीत होता है। इस चंद्र ग्रहण में भी ऐसा रंग नजर आएगा, लेकिन भारत के अधिकांश हिस्सों से ये लाल नहीं दिखेगा क्योंकि यहां अधिकांश हिस्सों में आंशिक चंद्रग्रहण नजर आएगा। चंद्र ग्रहण दोपहर 3:20 बजे शुरू होगा और सायं 6:47 बजे समाप्त हो जाएगा। नैनीताल में सायं 6:15 बजे चंद्रोदय के बाद आंशिक चंद्र ग्रहण नजर आएगा।

### ब्लडमून का संयोग

डॉ. यादव के अनुसार, यह संयोग ही है कि, इस होली के अवसर पर पूर्ण चंद्रग्रहण होने जा रहा है। यह ब्लडमून वाला पूर्ण चंद्रग्रहण है। पूर्ण चंद्रग्रहण के दौरान चंद्रमा लाल रंग में रंग जाता है जिस कारण इसे ब्लडमून कहा जाता है।

## अर्थव्यवस्था पर होगी तगड़ी चोट

होर्मुज जलडमरूमध्य (स्ट्रेट ऑफ होर्मुज) दुनिया की वह धमनी है, जिससे वैश्विक अर्थव्यवस्था का रक्त यानी कच्चा तेल बहता है। ओमान और ईरान के बीच स्थित यह संकरा समुद्री मार्ग केवल 33 किलोमीटर चौड़ा है, लेकिन इसका रणनीतिक महत्व अकल्पनीय है। दुनिया का लगभग 20% से 25% तेल और एक-तिहाई तरल प्राकृतिक गैस (एलएनजी) इसी मार्ग से होकर गुजरती है। यदि ईरान इस मार्ग को बंद करता है, तो यह केवल एक क्षेत्रीय विवाद नहीं, बल्कि एक वैश्विक आर्थिक आपातकाल होगा। इस मार्ग के बंद होने का अर्थ है प्रमुख तेल उत्पादकों का दुनिया से संपर्क कट जाना। भारत जैसे देश के लिए, जो अपनी तेल जरूरतों का 85% आयात करता है, यह स्थिति किसी बड़े झटके से कम नहीं होगी। यह न केवल ऊर्जा सुरक्षा के लिए खतरा है, बल्कि महंगाई के रूप में एक बहुआयामी चुनौती पेश करेगा।

## होर्मुज स्ट्रेट पर रोक



### भारत के लिए दोहरी मार

- **तेल की कीमतों में आग** : भारत में पेट्रोल और डीजल की कीमतें रिकॉर्ड स्तर को पार कर सकती हैं। परिवहन लागत बढ़ने से सब्जियों, अनाज और रोजमर्रा की वस्तुओं के दाम बढ़ जाएंगे।
- **शेयर बाजार में गिरावट** : अनिश्चितता के कारण विदेशी निवेशक भारतीय बाजार से पैसा निकाल सकते हैं, जिससे शेयर बाजार में गिरावट आ सकती है।
- **रुपये की कमजोरी** : तेल खरीदने के लिए अधिक डॉलर खर्च करने होंगे, जिससे डॉलर के मुकाबले रुपया अपने सबसे निचले स्तर पर जा सकता है।
- **व्यापार घाटा** : आयात बिल बढ़ने से भारत का चालू खाता घाटा बढ़ जाएगा।

### कौन से देश होंगे प्रभावित

- **इनसे टूटेगा संपर्क** : इस मार्ग के बंद होने का अर्थ है सऊदी अरब, इराक, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत और कतर जैसे प्रमुख तेल उत्पादकों का दुनिया से संपर्क कट जाना।
- **एशियाई दिग्गज** : चीन, भारत, जापान और दक्षिण कोरिया अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए इस मार्ग पर सबसे अधिक निर्भर हैं। रिपोर्ट के अनुसार, एशियाई देशों का अधिकांश कच्चा तेल इसी रास्ते से आता है।
- **यूरोपीय बाजार** : पहले से ही रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण ऊर्जा संकट झेल रहा यूरोप, मध्य पूर्व से आने वाली एलएनजी के लिए इस मार्ग पर निर्भर है।
- **वैश्विक तेल कीमतें** : विशेषज्ञों का मानना है कि मार्ग बंद होने पर कच्चे तेल की कीमतें 150 से 200 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती हैं।
- **भारत के लिए झटका** : भारत का 85 प्रतिशत कच्चा तेल इसी रास्ते से आता है।

### भारत कैसे निपट सकता है

- **रणनीतिक तेल भंडार** : भारत ने विशाखापत्तनम, मंगलुरु और पादुर में भूमिगत तेल भंडार बनाए हैं। आपात स्थिति में भारत इनका उपयोग कर सकता है। के माध्यम से भारत अपनी आपूर्ति को कुछ हफ्तों तक सुरक्षित रख सकता है।
- **आपूर्ति स्रोतों का विविधीकरण** : भारत रूस, अमेरिका, अफ्रीका और लैटिन अमेरिकी देशों से तेल आयात बढ़ाकर मध्य पूर्व पर निर्भरता कम कर सकता है।
- **वैकल्पिक मार्ग और कूटनीति** : भारत ईरान के साथ अपने ऐतिहासिक संबंधों का उपयोग कर अपने जहाजों के लिए सुरक्षित रास्ता सुनिश्चित करने की कोशिश कर सकता है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### हिज़बुल्ला की सैन्य गतिविधियों पर रोक

**बेरुत।** लेबनान के प्रधानमंत्री नवाफ सलाम ने हिजबुल्ला की सैन्य गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा करते हुए इजरायल के साथ बढ़ते तनाव के बीच संगठन से अपने हथियार सौंपने का आग्रह किया है। यह बयान ऐसे समय में आया है, जब इजरायल और हिजबुल्ला के बीच तनाव चरम पर है। हाल ही में हिजबुल्ला ने उत्तरी इजरायल के हाइफा में एक सैन्य ठिकाने पर रॉकेट और ड्रोन दागा था। इसके बाद इजरायली लड़ाकू विमानों ने लेबनान की राजधानी बेरूत पर हवाई हमले किये थे। ईरान समर्थित संगठन ने कहा कि यह हमला ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के प्रतिशोध में किया गया था।

### मचाडो ने वेनेजुएला लौटने का दिया संकेत

**काराकस।** वेनेजुएला की विपक्ष की नेता एवं 2025 के नोबेल शांति पुरस्कार की विजेता मारिया कोरिना मचाडो ने रविवार को कहा कि वह आने वाले हफ्तों में वेनेजुएला लौटेंगी और देश में चुनाव कराए जाएंगे। हालांकि, मचाडो ने वापसी की कोई तारीख नहीं बताई, लेकिन कहा कि उनका एक लक्ष्य आगामी चुनावों में "बड़ी जीत" के लिए तैयारी करना है। सोशल मीडिया पर साझा एक संदेश में नोबेल पुरस्कार विजेता ने अपने समर्थकों से अपील की कि वे प्राइमरी चुनाव में दिखाई गई वेनेजुएला वासियों की एकता को और मजबूत करें।

### म्यांमार में 10 हजार कैदियों को दी माफी

**बैंकॉक।** म्यांमार के सैन्य शासन प्रमुख ने 10,000 से अधिक कैदियों को माफी दी है और अन्य की सजा में कटौती की है। हालांकि, 2021 के सैन्य तख्तापलट में सत्ता से बेदखल की गईं पूर्व नेता आंग सान सू की की रिहाई का कोई संकेत नहीं है। सू की को तब से लगभग पूरी तरह बाहरी संपर्क से दूर रखा गया है। यह माफी संसद के पांच साल से अधिक समय बाद होने जा रहे पहले सत्र से करीब दो सप्ताह पहले दी गई है। हालिया चुनाव के बाद यह सत्र आहूत किया गया।

### यूरोप में गैस भंडारण स्तर 30 फीसद से नीचे

**मास्को।** यूरोप की भूमिगत भंडारण सुविधाओं में प्राकृतिक गैस का भंडार 28 फरवरी को 30 प्रतिशत से नीचे पहुंच गया, जो पर्यवेक्षण शुरू होने के बाद से फरवरी के अंत में दर्ज किये गये सबसे निचले स्तरों में से एक है। गैस अवसंरचना यूरोप के आंकड़ों के अनुसार, 28 फरवरी के गैस दिवस के दौरान यूरोपीय भंडारण सुविधाएं 29.98 प्रतिशत तक ही भरी हुई थीं।

# दूसरे देशों में फंसे भारतीयों की मदद के लिए कदम उठाएं संबंधित विभाग

## सीसीएस ने की पश्चिम एशिया के हालात की समीक्षा, भारतीयों की सुरक्षा पर जताई चिंता

- पश्चिम एशिया विवाद का संवाद और कूटनीति से हल पर जोर

नई दिल्ली, एजेंसी

सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीएस) ने पश्चिम एशिया में बदलती स्थिति की समीक्षा की और क्षेत्र में रहने वाले बड़े भारतीय प्रवासी समुदाय की सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त की। सीसीएस ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश भी दिया है कि वे घटनाक्रम से प्रभावित भारतीय नागरिकों की सहायता के लिए आवश्यक कदम उठाएं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में रविवार रात हुई बैठक में सीसीएस ने संघर्ष की स्थिति को शीघ्र समाप्त करने और संवाद एवं कूटनीति के जरिए मामले का हल निकालने के महत्व पर भी जोर दिया। सीसीएस देश के सुरक्षा संबंधी और रणनीतिक मामलों पर निर्णय लेने वाला सर्वोच्च निकाय है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि सीसीएस ने पश्चिम एशिया में उत्पन्न हो रही स्थिति की समीक्षा करने के लिए बैठक की और उसे ईरान में हुए हवाई हमलों और उसके बाद कई खाड़ी देशों में हुए हमलों सहित बढ़ते तनाव के बारे में जानकारी दी गई। बयान में कहा गया है कि उसने क्षेत्र में रहने वाले बड़े भारतीय प्रवासी समुदाय की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की है। सीसीएस ने पश्चिम एशिया से होकर गुजरने वाले भारतीय यात्रियों और निर्धारित परीक्षाओं में शामिल हो रहे छात्रों की कठिनाइयों के साथ क्षेत्रीय सुरक्षा और आर्थिक एवं वाणिज्यिक गतिविधियों पर पड़ने वाले व्यापक प्रभावों की भी समीक्षा की। सीसीएस ने सभी संबंधित विभागों को घटनाक्रम से प्रभावित भारतीय नागरिकों की सहायता के लिए आवश्यक और व्यवहार्य कदम उठाने का निर्देश दिया।



### अपने नागरिकों के संपर्क में हैं भारतीय दूतावास

ईरान में लगभग 10,000 भारतीय नागरिक रहते, पढ़ते और काम करते हैं, जबकि इज़राइल में 40,000 से अधिक भारतीय नागरिक रहते हैं। खाड़ी देशों और पश्चिम एशिया में रहने वाले भारतीयों की संख्या लगभग 90 लाख है। वर्तमान में पश्चिम एशिया का हवाई क्षेत्र लगभग बंद है। पश्चिम एशिया में सैन्य तनाव बढ़ने के कारण उड़ान सेवाएं बाधित होने से सैकड़ों भारतीय दुबई, दोहा और अन्य प्रमुख हवाई अड्डों पर फंसे हुए हैं, जिनमें से कई लोग सहायता के लिए सोशल मीडिया पर भारत सरकार से अपील कर रहे हैं। भारत ने अतीत में संघर्षों के बीच पश्चिम एशिया सहित दुनिया के विभिन्न हिस्सों से हजारों भारतीयों को सफलतापूर्वक निकाला है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि पूरे क्षेत्र में भारतीय दूतावास अपने नागरिकों के साथ लगातार संपर्क में है।

### बहरीन के शाह और सऊदी अरब के युवराज से प्रधानमंत्री मोदी ने की बात

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को बहरीन के शाह हम्माद बिन ईसा अल खलीफा और सऊदी अरब के युवराज एवं प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान से बातचीत की तथा पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के दौरान दोनों देशों पर हुए हमलों की निंदा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देशों पर हुए हालिया हमले उनकी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने दोनों देशों में रहने वाले भारतीय समुदाय के कुशलक्षेम के बारे में भी उनसे बात की। दोनों नेताओं के साथ फोन पर बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि क्षेत्रीय शांति और स्थिरता की जल्द से जल्द बहाली अत्यंत महत्वपूर्ण है। मोदी ने एक्स पर कहा कि सऊदी अरब के युवराज और प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान के साथ पश्चिम एशिया के बदलते घटनाक्रम पर चर्चा की। भारत सऊदी अरब पर हाल ही में हुए हमलों की निंदा करता है, जो उसकी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन है। कहा कि हम इस बात पर सहमत हुए कि क्षेत्रीय शांति और स्थिरता की शीघ्र बहाली अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## शाह बोले, बंगाल से घुसपैठियों को बाहर निकालेंगे

**मथुरापुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को घुसपैठ के मुद्दे पर भाजपा के रुख का उल्लेख करते हुए कहा कि हालांकि अभी मतदाता सूची से केवल घुसपैठियों के नाम हटाए जा रहे हैं, लेकिन पश्चिम बंगाल में पूर्ण बहुमत के साथ पार्टी के सत्ता में आने के बाद उन्हें राज्य से बाहर निकाल दिया जाएगा। शनिवार को संशोधित मतदाता सूची प्रकाशित होने के बाद राज्य में अपने पहले दौरे पर उन्होंने दक्षिण 24 परगना जिले में भाजपा की 'परिवर्तन यात्रा' को संबोधित किया। शाह ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने बंगाल को घुसपैठियों का स्वर्ग बना दिया था और आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ दल द्वारा अवैध अप्रवासन की अनुमति देने के कारण सीमावर्ती राज्य की सुरक्षा खतरे में है। उन्होंने कहा, बंगाल एक सीमावर्ती राज्य है। टीएमसी सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर सकती, क्योंकि वे घुसपैठ की अनुमति देते हैं। केवल भाजपा ही बंगाल जैसे सीमावर्ती राज्य को सुरक्षा प्रदान कर सकती है। उनकी ये टिप्पणी शनिवार को प्रकाशित विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद की मतदाता सूचियों की पृष्ठभूमि में आई है, जिसमें नवंबर में शुरू हुई इस प्रक्रिया के बाद से 63.66 लाख नाम हटाए गए हैं।

## सीमा पर बाड़ लगाने को जमीन देगी बंगाल सरकार

- बाड़ लगाने के साथ सीमा पर चौकियां बनाएगा बीएसएफ

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल सरकार ने सीमा पर बाड़ लगाने और चौकियां बनाने के लिए केंद्र को लगभग 105 एकड़ जमीन हस्तांतरित करने को सैद्धांतिक रूप से मंजूरी दे दी है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि लगभग 17 किलोमीटर की बाड़ लगाने और सीमा चौकियां) स्थापित करने के लिए यह जमीन सीमा सुरक्षा बल को हस्तांतरित की जाएगी।

उन्होंने बताया कि केंद्रीय एजेंसियों को जमीन देने से संबंधित प्रस्तावों की जांच के लिए गठित मंत्रिस्तरीय समूह ने शुक्रवार को राज्य सचिवालय नबान्न में बैठक की और सैद्धांतिक रूप से इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। हालांकि, अंतिम मंजूरी राज्य मंत्रिमंडल द्वारा दी जाएगी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सीमा पर बाड़ लगाने और सीमा चौकियां बनाने के लिए बीएसएफ को जमीन सौंपने के प्रस्ताव पर विस्तार से चर्चा की गई। अब इसे अंतिम मंजूरी के लिए मंत्रिमंडल के समक्ष रखा जाएगा।

प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, केंद्र सरकार सीमा के 17 किलोमीटर लंबे हिस्से पर बाड़ लगाने की योजना बना रही है और इसके लिए उसने राज्य सरकार से जमीन मांगी है। बीएसएफ को भी इस क्षेत्र में नौ सीमा चौकियों के निर्माण के लिए जमीन की जरूरत है।



### कैबिनेट की मंजूरी के बाद भू अधिग्रहण

यदि मुख्यमंत्री कार्यालय प्रस्ताव को मंजूरी दे देता है, तो इसे राज्य मंत्रिमंडल के समक्ष रखा जाएगा। मंत्रिमंडल की स्वीकृति मिलने पर, जिला प्रशासन आवश्यक भूखंडों के अधिग्रहण के लिए भूस्वामियों से बातचीत शुरू करेगा। सूत्रों ने बताया कि इसके अलावा मंत्रिस्तरीय समूह द्वारा सीमा से सटे नौ स्थानों पर स्थित लगभग 20-25 एकड़ सरकारी जमीन को बीएसएफ को हस्तांतरित करने की सिफारिश करने की संभावना है।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इससे पहले केंद्रीय एजेंसियों को जमीन देने से संबंधित प्रस्तावों की जांच के लिए एक विशेष मंत्रिस्तरीय समूह को नियुक्त किया था। सूत्रों के अनुसार, शुक्रवार को मंत्रियों, चंद्रिमा भट्टाचार्य, फिरहाद हकीम और अरूप बिस्वास ने इन बातों पर विचार-विमर्श किया।

## नेपाल में नई सरकार को 1.9 करोड़ मतदाता डालेंगे वोट

- पड़ोसी देश में प्रतिनिधि सभा के लिए 5 मार्च को होंगे आम चुनाव

नई दिल्ली, एजेंसी

नेपाल में नई सरकार चुनने के लिए 5 मार्च को मतदान होगा जिसमें लगभग 1.9 करोड़ लोग हिस्सा लेंगे। सितंबर 2025 में युवाओं के नेतृत्व में हुए भ्रष्टाचार विरोधी प्रदर्शनों के जरिये सरकार गिराये जाने के बाद देश में प्रतिनिधि सभा के लिए यह पहला आम चुनाव हो रहा है। छात्र विद्रोह के बाद से इस गणतंत्र का नियंत्रण पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के हाथ में है।

वर्ष 1959 में हुए पहले चुनाव के बाद से यह नेपाल का 9वां संसदीय चुनाव होगा। यहां मिश्रित चुनावी प्रणाली लागू है। जिसे इसके 2015 के संविधान में पेश किया गया था। इस चुनाव में कई दिग्गज राजनेता मैदान में हैं जिन पर नजर रखना मौजूं होगा। पारंपरिक दलों के नेताओं के अलावा काठमांडू के 35 वर्षीय पूर्व मेयर बालेन्द्र शाह उनमें से एक हैं। 'बालेन' के नाम से मशहूर इस पूर्व रैपर का मुकाबला पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली से है। ओली ने पिछले सितंबर में हिमालयी गणतंत्र में लंबे समय से व्याप्त भ्रष्टाचार और सामाजिक असमानता के खिलाफ बढ़ते जन आक्रोश के बीच इस्तीफा दे दिया था। अधिकतर राजनीतिक दलों ने अपने घोषणापत्रों में बेहतर शासन, भ्रष्टाचार से निपटने और बेरोजगारी कम करने जैसे मुद्दों पर विशेष ध्यान दिया है।

## तालिबानी लड़ाकों ने अफगान सीमा के पार कई हमले किए

**हेरात।** अफगानिस्तान के हेरात प्रांत के आसमान में रविवार रात को पाकिस्तानी लड़ाकू विमानों को उड़ते देखे जाने की रिपोर्टें हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ये लड़ाकू विमान तालिबान के ठिकानों की निगरानी कर रहे थे। अफगान इंटरनेशनल में प्रकाशित एक समाचार के अनुसार तालिबान के एक अधिकारी ने पक्तिका प्रांत के बरमल जिले में अंगूर अड्डा सीमा चौकी पर पाकिस्तानी ठिकानों पर हमले की जानकारी दी है। तालिबान सरकार के सूचना एवं संस्कृति मंत्रालय के प्रमुख अहमदुल्ला मुत्ताकी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें तालिबान लड़ाके पाकिस्तानी चौकियों पर हमले करते दिख रहे हैं।

## नागपुर फैक्ट्री धमाका : 21 निदेशकों पर मामला दर्ज

- मामले में प्रथम दृष्टया कंपनी की लापरवाही आई सामने

नागपुर, एजेंसी

महाराष्ट्र के मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने सोमवार को कहा कि नागपुर स्थित एसबीएल एनर्जी लिमिटेड में हुए विस्फोट के मामले में प्रथम दृष्टया कंपनी की लापरवाही सामने आई है और विस्फोटक सामग्री निर्माता ने सुरक्षा उपायों का समुचित पालन नहीं किया। बावनकुले ने यहां कहा कि कंपनी के 21 निदेशकों और शेयरधारकों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। विस्फोटक बनाने वाली कंपनी के नौ निदेशकों को गिरफ्तार भी किया गया है।

रविवार को जिले की कटोल तहसील के राउलगांव में खनन और औद्योगिक विस्फोटक बनाने वाली कंपनी एसबीएल एनर्जी लिमिटेड के कारखाने में हुए विस्फोट में 19 लोगों की मौत हो गई और 23 अन्य घायल हो गए। जिला प्रभारी मंत्री ने बताया कि घायलों में से 13 की हालत गंभीर है। उन्होंने कहा कि कंपनी मृतकों के परिजनों को 75-75 लाख रुपये और घायलों को 25-25 लाख रुपये का मुआवजा देगी। मंत्री ने कहा कि इसके अतिरिक्त केंद्र सरकार मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये और राज्य सरकार पांच-पांच लाख रुपये देगी। पीड़ित परिवारों को कुल 82-82 लाख रुपये का मुआवजा मिलेगा। शारीरिक रूप से अक्षम लोगों के लिए एक पुनर्वास पैकेज भी तैयार किया जाएगा।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज नई परियोजनाओं में धन निवेश कर सकते हैं। नई स्किल को सीखने का प्रयास करेंगे। प्रेम संबंधों का तनाव दूर होगा।

**वृष** — आज दिनचर्या अस्त-व्यस्त न रखें। अनैतिक कार्यों से दूरी बनाकर रखें। मन में किसी कारण दबाव रहेगा।

**मिथुन** — आज जॉब में स्थानांतरण हो सकता है। आपकी दिनचर्या अनुशासित रहेगी। व्यवसाय में आय बढ़ सकती है।

**कर्क** — आज पुराने मित्रों से चर्चा होगी। आपको आत्मनिरीक्षण करने का अवसर मिलेगा। महत्वपूर्ण कार्य किसी कारणवश टल सकते हैं।

**सिंह** — आज आपका मन प्रसन्न रहेगा। आध्यात्मिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। खर्च की तुलना में आपकी आय बढ़ेगी।

**कन्या** — आज कार्यक्षेत्र में अधिकारी वर्ग से बहस न करें। आपको अपने सम्मान की चिंता रहेगी। लंबी दूरी की यात्रा करने से बचें।

**तुला** — आज साझेदारी वाले व्यवसाय में आपको लाभ हो सकता है। अपने काम पर फोकस करेंगे। सरकारी कार्यों में आपको सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — आज नए काम में मन लगेगा। वैवाहिक संबंधों में परस्पर सम्मान का भाव बढ़ेगा। व्यवसाय में सुगमता रहेगी।

**धनु** — आज शेयर मार्केट में निवेश लाभकारी होगा। अधिकारी आपसे अत्यधिक प्रसन्न रहेंगे। मन में अध्यात्मिक विचार जन्म लेंगे।

**मकर** — आज छोटी-छोटी बातों को लेकर परेशान न हों। अधिक गर्म व ठंडे खाद्य पदार्थों का सेवन न करें। अपच की समस्या हो सकती है।

**कुंभ** — आज आपकी जीवनशैली बहुत अच्छी रहेगी। व्यापार में अपनी उन्नति से संतुष्ट रहेंगे। धन की कमी दूर होगी।

**मीन** — आज युवा करियर को लेकर निर्णय ले सकते हैं। सहकर्मियों के माध्यम से आपको धन-लाभ होगा। दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप न करें।

## स्तन कैंसर

### आईआईटी मद्रास और कारिकिनोस हेल्थकेयर के संयुक्त शोध में मिली जानकारी

# भारत में चार में से एक मरीज को विरासत में मिला जोखिम

- 497 रोगियों के जर्मलाइन डीएनए का किया विश्लेषण

चेन्नई, एजेंसी

भारत में चार में से एक स्तन कैंसर मरीज़ों को इस बीमारी से संबंधित आनुवंशिक जोखिम विरासत में मिलता है। आईआईटी-मद्रास और कारिकिनोस हेल्थकेयर की एक संयुक्त रिसर्च में यह खुलासा हुआ है। यह भारत में हुए सबसे बड़े स्तन कैंसर जीनोमिक अध्ययनों में से एक है। चेन्नई का कुमार अस्पताल और चेन्नई स्तन केन्द्र भी इस अध्ययन में शामिल थे।

अध्ययन ने खुलासा किया है कि भारत के 25 प्रतिशत स्तन कैंसर मरीज़ों में कैंसर के जोखिम से जुड़ा वंशानुगत आनुवंशिक रूप मौजूद होता है। इनमें से कैंसर के ज्यादातर रूप (वेरिएंट) जाने-माने बीआरसीए1 और बीआरसीए2 जीन से अलग होते हैं।

इस अध्ययन पत्र को आईआईटी-मद्रास के बायोटेक्नोलॉजी विभाग के जॉन पीटर, जयलक्ष्मी जोथी, अवराजित चक्रवर्ती, एस महालिंगम, कार्किनोस हेल्थकेयर से बानी जॉली, राजदीप राहा, विनोद स्कारिया, श्रीधर सिवासुब्बू, कुमारन हॉस्पिटल, चेन्नई के ऑन्कोलॉजी विभाग के स्वामीनाथन गणपति रमन और चेन्नई स्तन केन्द्र के सेल्वी राधाकृष्णन ने मिलकर लिखा है। अध्ययन के तहत 479 स्तन कैंसर रोगियों के जर्मलाइन डीएनए का विश्लेषण किया गया, जिनके नमूने आईआईटी मद्रास स्थित नेशनल कैंसर टिश्यू बायोबैंक से प्राप्त किये गये थे। इसे देश में तैयार अब तक के सबसे व्यापक वंशानुगत स्तन कैंसर डाटासेट में से एक बताया गया है। यह अध्ययन भारत कैंसर जीनोम एटलस का हिस्सा बन गया है, जिसे भारत का पहला और सबसे बड़ा मुक्त-स्रोत कैंसर जीनोम डाटा संसाधन माना जा रहा है। अध्ययन दल ने 97 कैंसर संवेदनशीलता जीनों की जांच की, जिनमें बीआरसीए1, बीआरसीए2 और होमोलॉगस रिकॉम्बिनेशन रिपेयर पाथवे से जुड़े 15 जीन शामिल थे। जीन परिवर्तनों का वर्गीकरण अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृत एसीएमजी/एएमपी दिशानिर्देशों के अनुरूप किया गया। शोध में पाया गया कि 24.6 प्रतिशत रोगियों में एक रोगकारी या संभावित रोगकारी जीन परिवर्तन मौजूद था। इनमें से केवल 8.35 प्रतिशत में बीआरसीए1 या बीआरसीए2 जीन परिवर्तन मिले, जबकि 11.9 प्रतिशत रोगियों में होमोलॉगस रिकॉम्बिनेशन रिपेयर पाथवे से जुड़े अन्य जीनों में वंशानुगत परिवर्तन पाए गए।



### कई जीन दक्षिण एशियाई आबादी के लिए विशिष्ट


शोधकर्ताओं ने यह भी पाया कि कई रोगकारी जीन परिवर्तन भारतीय या दक्षिण एशियाई आबादी के लिए विशिष्ट हैं और वैश्विक डाटाबेस में या तो अनुपस्थित हैं या अत्यंत दुर्लभ हैं। अध्ययन में दवा संबंधी जीन संकेतकों का भी आकलन किया गया, जो कीमोथेरेपी की सुरक्षा को प्रभावित कर सकते हैं। साथ ही वैश्विक आबादी से तुलना के लिए जिनोमैड डाटाबेस का उपयोग किया गया। शोधकर्ताओं का कहना है कि निष्कर्ष भारत और दक्षिण एशिया के लिए विशिष्ट जीन वेरिएंट डाटाबेस और व्याख्या ढांचे की आवश्यकता को रेखांकित करते हैं।

## राष्ट्रपति लूला के खिलाफ ब्राजील में धरना-प्रदर्शन

**रियो डी जिनेरियो।** ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोलसोनारो के हजारों समर्थकों ने रविवार को कई शहरों में प्रदर्शन किया, जिसका उद्देश्य आगामी राष्ट्रपति चुनाव में दक्षिणपंथी नेता की जीत के लिए माहौल तैयार करना है। राष्ट्रीय ध्वज के रंगों- पीले और हरे रंगों के कपड़े पहने प्रदर्शनकारी साओ पाउलो, रियो डी जिनेरियो और राजधानी ब्रासीलिया की सड़कों पर उतरे और मौजूदा राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा के खिलाफ नारे लगाए। लूला को अक्टूबर में होने वाले चुनाव में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। पूर्व राष्ट्रपति के बेटे फ्लाविओ बोलसोनारो ने इंस्टाग्राम पर कहा, यह साल सभी ब्राजीलियाई नागरिकों के लिए निर्णायक होगा।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 3 मार्च, मंगलवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा 17.07 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

दिशाशूल- उत्तर, ऋतु- वसंत।
**चन्द्रबल**- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
**ताराबल**- अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- मघा 07.31 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

### सुडोकू - 77 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 3 | 8 | 6 | 7 | 5 | 1 | 4 | 2 |
| 7 | 5 | 1 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 8 |
| 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 3 | 9 | 7 | 5 |
| 3 | 2 | 5 | 7 | 1 | 8 | 6 | 9 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 | 7 | 5 | 1 |
| 1 | 7 | 9 | 4 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 8 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 |
| 4 | 9 | 6 | 2 | 3 | 1 | 5 | 8 | 7 |
| 2 | 8 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 1 | 9 |

### सुडोकू -78

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | 9 | | 1 | | 2 |
| | | 5 | | | | | 7 | |
| 8 | | | | 1 | | 4 | | |
| 6 | | | 4 | 2 | | | 5 | |
| 9 | | 2 | | | | 6 | | 3 |
| | 4 | | | 5 | 6 | | | |
| | | 1 | | 3 | | | | 9 |
| | 6 | | | | | 8 | | |
| 2 | | 4 | | 6 | | 5 | | |




स्टेडियम

अमृत विचार
www.amritvichar.com

मुरादाबाद, मंगलवार, 3 मार्च 2026

## हाईलाइट

### न्यूजीलैंड चीजों को जरूरत से ज्यादा बड़ा नहीं बनाता : मिचेल

**कोलकाता।** आक्रामक बल्लेबाज डेरिल मिचेल ने सोमवार को कहा कि न्यूजीलैंड चीजों को जरूरत से ज्यादा बड़ा नहीं बनाता और टीम को टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में भारत में खेलने के हालिया अनुभव से फायदा होगा। न्यूजीलैंड बुधवार को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में पहले सेमीफाइनल में पिछली बार की उपविजेता दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा। मिचेल ने कहा कि ब्लैक कैप्स को मैदान के अंदर और बाहर किस तरह काम करना है, इसे लेकर पूरी स्पष्टता है। उन्होंने न्यूजीलैंड क्रिकेट से कहा हम टीम के तौर पर कैसे खेलना चाहते हैं, इसे लेकर पूरी तरह स्पष्ट हैं। हम चीजों को जितना है उससे बड़ा नहीं बनाते लेकिन सेमीफाइनल में पहुंचने को लेकर बेहद उत्साहित हैं और खुद को भाग्यशाली मानते हैं।

### घुड़सवार अनुष ने शानदार प्रदर्शन किया

**नई दिल्ली।** भारतीय घुड़सवार अनुष अग्रवाला ने अपने घोड़े फ्लोरियाना के साथ बेल्जियम ड्रेसेज स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन किया जिससे उन्होंने आने वाले एशियाई खेलों के लिए अपनी क्वालीफिकेशन यात्रा शुरू की। अग्रवाला ने शनिवार को अपने आठ साल के घोड़े फ्लोरियाना के साथ ऑर्डर में 14वें नंबर से शुरुआत करते हुए 68.85 प्रतिशत के शानदार स्कोर से आत्मविश्वास से भरा प्रदर्शन दिया जिससे वह कुल मिलाकर चौथे नंबर पर रहे। वह रविवार को अपने 10 साल के घोड़े फिलन के साथ लौटे जिसमें उन्होंने पांचवें नंबर से शुरुआत की और इसमें और भी बेहतर प्रदर्शन देते हुए 70.3 प्रतिशत का व्यक्तिगत स्कोर हासिल किया। 70 प्रतिशत का स्कोर हासिल करना दबाव में निरंतरता और संयम दिखाता है।

### 250 जिलों में एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं होंगी

**नई दिल्ली।** खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने सोमवार को घोषणा की कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर आठ और नौ मार्च को देश भर के 250 जिलों की दो लाख से अधिक लड़कियां 'अस्मिता' एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेंगी। खडसे ने भारत की 2036 ओलंपिक की दावेदारी को मजबूत करने के लिए खेलों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की वकालत की। यह खेल मंत्रालय की पहल का एक हिस्सा है जो अहमदाबाद में 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों और भारत के ओलंपिक मेजबान बनने की कोशिश को ध्यान में रखते हुए देश भर में महिला तकनीकी अधिकारियों का एक पूल बनाने की भी शुरुआत करेगा।

### भारतीय रेसिंग प्रतिभा अतिका ने इतिहास रचा

**वालेंशिया।** भारतीय रेसिंग प्रतिभा अतिका मीर ने 'चैंपियंस ऑफ द फ्यूचर अकादमी (सीओएफटीए) कार्टिंग सीरीज' के यूरोपीय चरण में पोडियम स्थान हासिल कर इतिहास रच दिया। ग्यारह साल की अतिका ओकेएनजे (जूनियर) वर्ग में तीसरे स्थान पर रही। वह इस रेस में पोडियम पर जगह बनाने वाली पहली भारतीय रेसर है। यह उनके अब तक के करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि है। एफवन अकादमी के समर्थन पाने वाली पहली भारतीय अतिका ने ग्रिड में नौवें स्थान से शुरुआत करते हुए शुरुआती रेस में तीसरा और दूसरी रेस में दूसरा स्थान हासिल किया।

# मैंने फोन और सोशल मीडिया बंद कर दिया और अंतरात्मा की आवाज सुनी : सैमसन

## टी-20 विश्व कप : खराब फॉर्म के दौर में भी नहीं गिरने दिया अपना आत्मविश्वास

**कोलकाता, एजेंसी**

भारत के सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन ने अपने फोन और सोशल मीडिया अकाउंट बंद कर दिए ताकि खराब फॉर्म के दौर में भी उनका आत्मविश्वास न डगमगाए और आखिर में उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 विश्व कप के करो या मरो मैच में मैच विजेता पारी खेलकर लय हासिल कर ली। सैमसन ने रविवार को यहां खेले गए सुपर आठ के मैच में 50 गेंदों में 97 रन बनाए, जिसमें 12 चौके और चार छक्के शामिल हैं। उनकी इस पारी की बदौलत भारत ने जीत हासिल करके सेमीफाइनल में जगह बनाई।

सुपर आठ के पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका से भारत की करारी हार के बाद इस 31 वर्षीय खिलाड़ी को सलामी बल्लेबाजी के रूप में अंतिम एकादश में शामिल किया गया था। सैमसन ने रविवार को यहां भारत की पांच विकेट से जीत के बाद स्टार स्पोर्ट्स से कहा मैंने अपने शॉट चयन पर लगातार काम किया। मैं बहुत अधिक बदलाव नहीं करना चाहता था क्योंकि मुझे पता था कि मैंने उसी तरह से खेलते हुए पहले अच्छा प्रदर्शन किया है। इसलिए मैंने खुद पर भरोसा बनाए रखा, अपना फोन बंद कर दिया, सोशल मीडिया से दूर रहा और अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनी। मुझे खुशी है कि मैंने एक ऐसे मैच में अच्छा प्रदर्शन किया जो बहुत खास था। सैमसन ने असल में अकेले दम पर भारत को लक्ष्य तक पहुंचाया। इस बीच उन्हें कप्तान सूर्यकुमार यादव (18) और तिलक वर्मा (27) का कुछ साथ मिला। उन्होंने कहा यह थोड़ा मुश्किल लक्ष्य था। हमारी बल्लेबाजी की मजबूती को देखते हुए मुझे लग रहा था कि ईडन गार्डन्स में ओस पड़ने पर 196 रन के लक्ष्य का पीछा करना थोड़ा आसान हो जाएगा, लेकिन नियमित अंतराल पर विकेट गिरने से यह चुनौतीपूर्ण हो गया। सैमसन ने कहा यहीं पर मेरे अनुभव ने अहम भूमिका निभाई। मुझे अच्छी शुरुआत मिली, लेकिन जब विकेट गिरते रहे तो मुझे लगा कि मुझे मैच का सकारात्मक अंत करना होगा। उन्होंने कहा आप हमेशा ऐसा प्रदर्शन करना चाहते हैं लेकिन हमेशा ऐसा नहीं होता है। इसलिए मुझे खुशी है कि इस मैच में मैंने अच्छा प्रदर्शन किया। जब आप दबाव वाली परिस्थितियों में लक्ष्य का पीछा कर रहे होते हैं तो आप अलग-अलग विकल्प अपनाते हैं और जोखिम भरे विकल्पों पर विचार करने के बजाय अधिक बाउंड्री लगाते हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में निराशाजनक प्रदर्शन के बारे में बात करते हुए सैमसन ने अपनी तकनीक में किए गए बदलावों के बारे में बताया। उन्होंने कहा यह मानवीय प्रकृति है कि हम अक्सर नकारात्मक सोच से शुरुआत करते हैं, जैसे क्या मैं ऐसा कर सकता हूं। मुझे नहीं लगता कि मैं ऐसा कर सकता हूं।'' जब भी मेरे मन में ऐसे विचार आते हैं तो मैं उन्हें सकारात्मक विचार से बदलने की कोशिश करता हूं। न्यूजीलैंड के खिलाफ मैं अच्छा प्रदर्शन करना चाहता था लेकिन चीजें मेरे अनुकूल नहीं रही। सौभाग्य से मुझे 10 दिन का समय मिल गया। सैमसन ने कहा मैंने आत्ममंथन किया। मैंने अपनी बुनियाद पर काम किया कि मैंने खुद को कैसे तैयार किया था। बहुत से लोगों ने सुझाव दिए मैंने खुद से कहा कि ''संजू, तुमने इसी प्रारूप में तीन अंतरराष्ट्रीय शतक लगाए हैं। जब सैमसन से पूछा गया कि कोलकाता में खेली गई उनकी पारी उनके लिए क्या मायने रखती है, तो उन्होंने कहा कि वह खुद को भाग्यशाली मानते हैं कि वह उस सपने को जी रहे हैं जिसे उन्होंने बचपन से संजोकर रखा है। उन्होंने कहा भारत में सौ से अधिक क्रिकेटर ऐसे दिन का सपना देखते हैं। मैंने सपना देखने की हिम्मत की। केरल के त्रिवेंद्रम का एक युवा लड़का देश के लिए खेलने और इतने महत्वपूर्ण मैच में जीत हासिल करने का सपना देख रहा था। मैंने सपना देखने की हिम्मत की और यह सच हो गया।



### सभी चाहते थे कि संजू अच्छा प्रदर्शन करे

**नई दिल्ली।** अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर का कहना है कि संजू सैमसन इतने अच्छे इंसान हैं कि हर कोई चाहता है कि वह अच्छा प्रदर्शन करें और वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 विश्व कप में खेली गई उनकी निर्णायक पारी ने उनके प्रशंसकों पर से भी दबाव कम कर दिया होगा। सैमसन ने रविवार रात कोलकाता में वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच में नाबाद 97 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की। गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स के एक कार्यक्रम में कहा 97 रन की इस नाबाद पारी ने न सिर्फ संजू सैमसन पर से बड़ा बोझ हटा दिया है बल्कि उन लोगों पर से भी बोझ उतार दिया है जो जानते हैं कि वह कितने बेहतरीन खिलाड़ी रहे हैं। उनके करियर में उतार-चढ़ाव आए हैं। वह बहुत ही अच्छे इंसान हैं। हर कोई चाहता है कि वह अच्छा प्रदर्शन करें। विश्व कप से पहले सैमसन का प्रदर्शन खराब रहा था। वह बड़ी पारी नहीं खेल पा रहे थे।



गावस्कर ने कहा सभी भारतीय प्रशंसक इस बात से खुश होंगे कि इस ईमानदार क्रिकेटर को वह सफलता मिली है जिसका वह हकदार है। अब भारत गुरुवार को मुंबई में सेमीफाइनल में इंग्लैंड का सामना करेगा। गावस्कर ने कहा करो या मरो के मैच में मैन ऑफ द मैच बनना सपना सच होने जैसा है। मैच विजेता पारी खेलने के बाद संजू के चेहरे पर भाव साफ झलक रहे थे। वह शतक से सिर्फ तीन रन दूर थे और अगर वह शतक तक पहुंच जाते तो यह शानदार होता।

# संजू को सफेद गेंद की टीम में नियमित खेलना चाहिए

**कोलकाता, एजेंसी**

- पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने सैमसन का किया समर्थन

पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने सोमवार को संजू सैमसन को भारत की सफेद गेंद की टीमों में नियमित रूप से शामिल किए जाने का समर्थन किया और टी20 विश्व कप से पहले इस आक्रामक विकेटकीपर-बल्लेबाज की आलोचना पर हैरानी व्यक्त की। सैमसन की 50 गेंद में नाबाद 97 रन की पारी से भारत ने रविवार को यहां वेस्टइंडीज के खिलाफ वर्चुअल क्वार्टरफाइनलमें 196 रन के लक्ष्य का पीछा किया। इसे एक शानदार पारी बताते हुए गांगुली ने कहा वह बहुत अच्छा खिलाड़ी है। उसे सफेद गेंद के क्रिकेट में भारत के लिए लगातार खेलना चाहिए, शत प्रतिशत।

उन्होंने कहा यह मुकाबला लगभग क्वार्टर फाइनल जैसा था और 97 रन पर नाबाद रहना उसके कौशल को दिखाता है। वह इस तरह का खिलाड़ी है। जब वह मैदान में उतरता है तो विरोधी टीम को नुकसान पहुंचाता है। सैमसन ने यह पारी उस दिन खेली जब भारत के मुख्य बल्लेबाज अभिषेक शर्मा, ईशान किशन, कप्तान सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पंड्या सस्ते में आउट हो गए। लेकिन सैमसन ने दबाव से अच्छी तरह निपटते हुए आखिर तक बिना किसी जोखिम के बल्लेबाजी की।

गांगुली ने आगे कहा वह परिस्थिति के हिसाब से खेला और यह जरूरी था। इससे हम सभी को यह सीख मिलती है कि यह वही लड़का है जो पिछले छह महीनों में टीम में अपनी जगह नहीं बना पाया, भले ही ईशान किशन पारी का आगाज कर रहा हो या कोई और आ रहा हो। उन्होंने कहा विश्व कप से ठीक पहले मैं अखबार में पढ़ता था कि संजू फिर विफल हो गया वह टीम में शामिल होने का हकदार नहीं भारत में इतनी प्रतिभा है, शुभमन गिल टीम में क्यों नहीं है? और फिर यही लड़का क्वार्टरफाइनल जैसे मैच 97 रन बनाकर नाबाद रहता है और आपको सेमीफाइनल में पहुंचा देता है। गांगुली ने यह भी कहा कि इंग्लैंड की टीम वेस्टइंडीज से ज्यादा मुश्किल होगी और कहा कि मुंबई में सेमीफाइनल की मुश्किल पार करने के लिए घरेलू टीम को अपनी बेहतरीन फॉर्म बनाए रखनी होगी।



इंग्लैंड की टीम वेस्टइंडीज से ज्यादा मजबूत प्रतिद्वंद्वी होगी। उन्हें वैसा ही खेलना होगा जैसा उन्होंने कल के मैच में जीत दिलाई थी। भारत के लिए सबसे अच्छी बात यह रही है कि टी20 विश्व कप से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ निराशाजनक सीरीज के बाद संजू सैमसन ने शीर्ष क्रम में फॉर्म में वापसी की है।


**- सौरव गांगुली**

| सेमीफाइनल | |
|---|---|
| टीम | तारीख |
| न्यूजीलैंड बनाम द. अफ्रीका | 4 मार्च |
| भारत बनाम इंग्लैंड | 5 मार्च |
| **फाइनल** | |
| सेमीफाइनल विजेता टीम | 8 मार्च |

# क्रिकेट एक टीम गेम है : गंभीर

**कोलकाता, एजेंसी**

- कई वर्षों से हम सिर्फ कुछ खास योगदान की ही बात करते आए हैं



गौतम गंभीर का मानना है की टीम गेम में प्रत्येक खिलाड़ी का छोटा या बड़ा योगदान महत्वपूर्ण होता है लेकिन भारतीय क्रिकेट में लंबे समय से इसका अभाव रहा है। भारत के मुख्य कोच ने कहा कि अगर शिवम दुबे ने रविवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 विश्व कप के मैच में 19वें ओवर दो चौके नहीं लगाए होते तो संजू सैमसन की 97 रन की मैच विजेता पारी की कोई बात नहीं कर रहा होता।

गंभीर ने कहा कि जब तक वह कोच हैं, प्रत्येक खिलाड़ी के योगदान का पूरे सम्मान के साथ उल्लेख किया जाएगा। गंभीर ने पत्रकारों से कहा मुझे खुशी है कि आप सभी के योगदान के बारे में बात कर रहे हैं क्योंकि कई वर्षों से हम केवल कुछ विशेष योगदानों के बारे में ही बात करते रहे हैं। यह एक टीम गेम है और यह हमेशा टीम गेम ही रहेगा। उन्होंने कहा मेरे लिए शिवम के दो चौके भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं जितने संजू के 97 रन, क्योंकि अगर उसने वे दो चौके नहीं लगाए होते तो आप उस (97 रन की पारी) के बारे में बात भी नहीं करते।''''
गंभीर ने कहा बड़ा योगदान सुर्खियां बटोरता है, लेकिन छोटा योगदान भी महत्वपूर्ण होता है क्योंकि वह टीम को जीत दिलाने में मदद कर सकता है, उसे लक्ष्य तक पहुंचा सकता है। इसीलिए मैं कहता हूं कि जब तक मैं इस पद पर हूं, हमारी आगे भी यही नीति रहेगी। दुनिया भर के कोच आंकडों (डेटा) को महत्वपूर्ण मानते हैं लेकिन इनमें गंभीर शामिल नहीं हैं। उन्होंने कहा सच कहूं तो मुझे आंकड़ों पर भरोसा नहीं है। मैंने कभी आंकड़े देखे ही नहीं। मुझे तो यह भी नहीं पता कि आंकड़े होते क्या हैं। मैं उन पर बिल्कुल भी विश्वास नहीं करता, क्योंकि मुझे लगता है कि वे अधिकतर सहज ज्ञान पर आधारित होते हैं। गंभीर की यह टिप्पणी आश्चर्यजनक थी क्योंकि टीम डेटा विश्लेषक हरि प्रसाद पर काफी हद तक निर्भर रहती है।

भारतीय कोच ने कहा टी20 क्रिकेट में सहज ज्ञान और उस सहज ज्ञान पर भरोसा करना ही सब कुछ है। खेल और टी20 प्रारूप के बारे में मुझे जो भी जानकारी है, मैं उसे कप्तान को देने और जितना हो सके उनकी मदद करने की कोशिश करता हूं। उन्होंने कहा लेकिन आखिर में फैसला कप्तान को करना होता है लेकिन ईमानदारी से कहूं तो मुझे आंकड़ों पर कोई विश्वास नहीं है क्योंकि इन्हें बहुत बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जाता है। मेरे लिए यह बहुत सौभाग्य की बात है कि हमारे पास विश्वस्तरीय खिलाड़ी हैं। इंग्लैंड के खिलाफ मुंबई में होने वाले सेमीफाइनल के बारे में गंभीर ने कहा उनकी (इंग्लैंड) टीम एक विश्वस्तरीय टीम हैं। उनके पास कई बेहतरीन खिलाड़ी भी हैं और हम सभी जानते हैं कि वानखेड़े में खेलना आसान नहीं होता है। उम्मीद है कि हम अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

## जहीर के बाद भज्जी से संपर्क किया बीसीसीआई ने

**कोलकाता।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने खिलाड़ियों की अगली पीढ़ी को तैयार करने में मदद के लिए अपने पूर्व क्रिकेटरों से संपर्क किया है। इसमें पूर्व भारतीय दिग्गज जहीर खान और हरभजन सिंह शामिल हैं। उनसे बेंगलुरु स्थित 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' (सीओई) में विशेष शिविरों में अपनी सेवाएं देने के लिए कहा है।

बीसीसीआई ने इन शिविरों के कुछ खिलाड़ियों की सूची तैयार की है। इस सूची में ऐसे खिलाड़ी शामिल किए गए हैं जो भविष्य में भारत की तरफ से खेल सकते हैं। इन खिलाड़ियों में आयु वर्ग और प्रथम श्रेणी क्रिकेट के अलावा भारत ए और भारत की सीनियर टीम की तरफ से कुछ मैच खेलने वाले खिलाड़ी शामिल हैं।

बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जहीर खान युवा तेज गेंदबाजों के साथ पांच दिवसीय शिविर के लिए पहले ही बेंगलुरु पहुंच चुके हैं। ये युवा गेंदबाज सीनियर टीम में जगह बनाने के करीब हैं या उसके लिए कुछ मैच खेल चुके हैं। सीओई के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण ने इससे सुखद परिणाम की उम्मीद जताई है।

# मेसी के दो गोल से इंटर मियामी जीता

**ऑरलैंडो, एजेंसी**

लियोनेल मेसी ने दूसरे हाफ में दो गोल किए, जबकि डिफेंडर टेलास्को सेगोविया ने एक गोल करने के अलावा दो गोल करने में मदद की जिससे मौजूदा चैंपियन इंटर मियामी ने एमएलएस फुटबॉल टूर्नामेंट में ऑरलैंडो सिटी को 4-2 से हराकर इंटर एंड कंपनी स्टेडियम में पहली बार जीत हासिल की।

पहले हाफ में दो गोल से पिछड़ने के बाद मियामी की तरफ से पहला गोल दूसरे हाफ के चौथे मिनट में माटेओ सिल्वेट्टी ने किया। मेसी ने सेगोविया से पास लेकर 57वें मिनट में अपना पहला गोल किया और इंटर मियामी को 2-2 से बराबरी पर ला दिया। सेगोविया ने 85वें मिनट में गोल करके मियामी को बढ़त दिलाई। मेसी ने 90वें मिनट में फ्री किक पर गोल करके मियामी की जीत सुनिश्चित कर दी। अर्जेंटीना का यह स्टार खिलाड़ी इस तरह से एमएलएस में 52 गोल कर चुका है। मार्को पासलिच ने इवान एंगुलो से पास पर 18वें मिनट में गोल करके ऑरलैंडो सिटी को 1-0 की बढ़त दिलाई। इसके बाद मार्टिन ओजेडा ने गोल किया जिससे ऑरलैंडो सिटी को 2-0 की बढ़त मिल गई।




### ईरान का विश्व कप फुटबॉल में खेलना संदिग्ध

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान के फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष मेहदी ताज ने कहा कि अमेरिका और इजरायल के उनके देश पर किए गए हमले के बाद वह पक्के तौर पर नहीं कह सकते कि उनकी टीम इस साल अमेरिका में होने वाले फीफा विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट में खेल पाएगी या नहीं। मेहदी ताज ने खेल पोर्टल वर्जेश3 से कहा निश्चित रूप से इस हमले के बाद हम विश्व कप में भाग लेने को लेकर उम्मीद की दृष्टि से नहीं देख सकते। अमेरिका और इजरायल के हमले के बाद ईरान ने भी जवाबी हमले किए। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद इस देश का भविष्य अनिश्चितता में डूब गया है और क्षेत्रीय अस्थिरता का खतरा बढ़ गया है।विश्व कप में ईरान को ग्रुप जी में रखा गया है और उसे इंग्लेवुड, कैलिफोर्निया में 15 जून को न्यूजीलैंड और 21 जून को बेल्जियम के खिलाफ मैच खेलने हैं। इसक बाद वह 26 जून को सिएटल में मिस्र के खिलाफ पहले दौर का अपना अंतिम मैच खेलेगा। विश्व कप फुटबॉल 11 जून से 19 जुलाई तक अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में खेला जाएगा।

## विचार

दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट व वनडे कप्तान बोले- क्रिकेट भद्रजनों का खेल है, हम इसी सोच के साथ बड़े हुए

# हाथ नहीं मिलाने की नीति अच्छी नहीं लगती : तेम्बा बावुमा



**नई दिल्ली, एजेंसी**

दक्षिण अफ्रीका के प्रेरणादायी टेस्ट और वनडे कप्तान तेम्बा बावुमा का मानना है कि अंतर्राष्ट्रीय मैचों के दौरान खिलाड़ियों द्वारा हाथ नहीं मिलाना खेल के लिए अच्छा संदेश नहीं देता। भारत और श्रीलंका में खेले जा रहे मौजूदा टी20 विश्व कप के कमेंट्री पैनल में शामिल बावुमा ने कहा भारत-पाकिस्तान मुकाबलों में 'नो हैंडशेक (हाथ नहीं मिलाने)' नीति के अलावा अन्य मुद्दों पर बात की। सामाजिक मुद्दों पर बेबाक राय रखने के लिए पहचाने जाने वाले 35 वर्षीय बल्लेबाज ने अपने देश में सभी को समान अवसर दिए जाने की जोरदार वकालत की और खेल को एकजुट करने वाली शक्ति पर भी बल दिया।

बावुमा ने कहा हां, अगर आप इसे बाहर से देखते हैं तो अच्छी नहीं लगती। यह क्रिकेट के खेल के लिए अच्छा नहीं दिखता। आखिरकार यह भद्रजनों का खेल है, हम इसी सोच के साथ बड़े हुए हैं कि हमसे एक खास व्यवहार की अपेक्षा की जाती है।

उन्होंने आगे कहा लेकिन जैसा मैंने कहा, यह बाहर से देखने का नजरिया है। मैं भारत और पाकिस्तान के बीच की राजनीति से पूरी तरह परिचित नहीं हूं, इसलिए उस दृष्टिकोण से कुछ नहीं कह सकता। लेकिन एक दर्शक के तौर पर, जो बिना पूरी पृष्ठभूमि जाने इसे देख रहा है, तो यह क्रिकेट के खेल के लिए अच्छा संदेश नहीं देता। दक्षिण अफ्रीका ने बावुमा की कप्तानी में पिछले साल जून में आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के बाद भारत में 25 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद टेस्ट श्रृंखला में जीत दर्ज की थी। पिछले 12 महीनों में मिली बड़ी सफलताओं ने 'चोकर्स' के तमगे से भी काफी हद तक मुक्त कर टीम के आत्मविश्वास को नई ऊंचाई दी है।

### पीसीबी ने टी-20 विश्व कप में खराब प्रदर्शन के लिए अपने खिलाड़ियों पर लगाया जुर्माना

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने टी-20 विश्व कप में खराब प्रदर्शन करने वाले सभी खिलाड़ियों पर 50 लाख पाकिस्तानी रुपये (लगभग 18000 अमेरिकी डॉलर) का जुर्माना लगाया है। पाकिस्तान इस टूर्नामेंट में सुपर आठ स्टेज के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो गया और लगातार चौथी बार आईसीसी पुरुष टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में नहीं पहुंच पाया। पाकिस्तान के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है। क्रिकइनफो की रिपोर्ट के अनुसार जुर्माना डिसिप्लिनरी कारणों से नहीं है, बल्कि खास तौर पर बोर्ड के अनुसार टूर्नामेंट में खराब प्रदर्शन के लिए लगाया गया है। ये जुर्माना ग्रुप स्टेज में भारत के खिलाफ पाकिस्तान के मैच के तुरंत बाद लगाया गया था, जहां खराब प्रदर्शन के कारण 61 रन से हार मिली थी। उन्हें बताया गया था कि अगर पाकिस्तान टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचता है तो जुर्माना माफ किया जा सकता है। हालांकि, मौजूदा पीसीब प्रबंधन के पास बड़े टूर्नामेंट में निराशा के बाद सजा देने का यह तरीका है। पांच महीने पहले, एशिया कप फाइनल में भारत से मिली करीबी हार के बाद, पीसीबी ने खिलाड़ियों को दिए गए सभी नो-ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट को कुछ समय के लिए निलंबित कर दिया था।

